आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

दैनिक अवन्तिका

आज
* वायु सेना दिवस

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 266 | उज्जैन, गुरुवार 08 अक्टूबर, 2026 | आश्विन कृष्ण 13 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

देश विदेश

भारत के विकसित होने तक न थकूंगा, न रुकूंगा : मोदी

नई दिल्ली/वडनगर। वी विल डू इट... हम करके दिखाएंगे।' पीएम मोदी ने बुधवार को अपने सार्वजनिक जीवन के 25 साल पूरे होने पर आयोजित कार्यक्रम में इस नारे का 19 बार जिक्र किया। उन्होंने एक घंटे की स्पीच में कहा, 'जब तक भारत विकसित नहीं होता, तब तक न थकूंगा, न रुकूंगा। उन्होंने कहा, मैं महत्वाकांक्षा नहीं, मिशन के लिए जीता हूं। जिसने मुझे गिराया, उसी ने खड़ा होना सिखाया। जिसने मेरा विरोध किया, उसने लोकतंत्र की शक्ति समझाई।

महंगाई बढ़ी, अब कर्ज लेना और चुकाना भी महंगा

मुंबई। महंगाई बढ़ गई है, यह और बढ़ने वाली है, यह तय है। साथ में बैंकों से कर्ज लेना भी महंगा होने वाला है। ये बातें रिजर्व बैंक, यानी आरबीआई की हैं। इसके चलते आरबीआई को फरवरी 2023, यानी करीब 4 साल बाद रेपो रेट बढ़ाना पड़ा है। रेपो रेट 5.25% से बढ़ाकर 5.50% कर दिया है। अब ये क्यों किया, इसे समझने के लिए सबसे पहले रेपो रेट समझना जरूरी है। रेपो रेट वो ब्याज दर है जिस पर बैंक आरबीआई से कर्ज लेता है। फॉर्मूला ये है कि रिजर्व बैंक महंगा कर्ज बैंको को देगा तो बैंक लोगों को और महंगा कर्ज देंगे। इससे लोग कम कर्ज लेंगे और खर्च भी कम करेंगे।

साइबर फ्रॉड रोकने लगातार मैसेज भेजने का सिस्टम बनेगा

नई दिल्ली। इंडिया मोबाइल कांग्रेस का 10वां एडिशन आज से दिल्ली में शुरू हो गया है। एशिया के सबसे बड़े टेक इवेंट में इस बार 6जी आर्टिफीशियल इंटेलिजेंस, सैटेलाइट कम्यूनिकेशन और साइबर सिक्योरिटी जैसे सेक्टर में एडवांस टेक्नीक पर फोकस रहेगा। यह इवेंट दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में 10 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें 100 देशों के 1.5 लाख से ज्यादा लोग पहुंचेंगे। इसमें 500 स्टार्टअप के साथ 400 से ज्यादा कंपनियां अपने इनोवेशन दिखाएंगी।

सुप्रीम कोर्ट ने राजपाल से कहा
वकील भी अच्छी एक्टिंग करते हैं:



राजपाल यादव के पैसे 'अता पता लापता' हो गए, 6 दिन में 2 करोड़ रु. जमा करिए

शाहजहांपुर। सुप्रीम कोर्ट ने चेक बाउंस के सात मामलों में दोषी एक्टर राजपाल यादव को बुधवार को अल्टीमेटम दिया। कोर्ट ने कहा- 13 अक्टूबर तक 2 करोड़ रुपए जमा कराइए। इसके बाद ही हम दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश के खिलाफ आपकी याचिका पर विचार करेंगे, जिसमें राजपाल को दोषी ठहराते हुए 3 महीने की सजा सुनाई गई थी। सुनवाई के दौरान राजपाल ने हाथ जोड़कर बेंच के सामने प्रणाम किया। बताया कि फिल्म 'अता पता लापता' में 200-250 करोड़ रु. का नुकसान हुआ था। प्रोड्यूसर्स के साथ उन्हें भी नुकसान उठाना पड़ा। इसके बावजूद उनसे 5 करोड़ रु. की देनदारी वसूली जा रही है। इस पर सीजेआई ने मजाकिए लहजे में कहा- आपकी फिल्म की तरह आपका पैसा भी 'अता पता लापता' हो गया। सीजेआई ने सलाह दी कि वे अच्छी फिल्में बनाएं और लोगों का मनोरंजन करें। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट में पेश होने वाले वकील भी अच्छे कलाकार होते हैं। उन्हें भी फिल्मों में कास्ट किया जा सकता है। मामला 2010 में राजपाल की फिल्म 'अता पता लापता' के लिए मुरली प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड से लिए गए 5 करोड़ रु. के लोन से जुड़ा है।

नैनो न्यूज

- **वाराणसी:** शिंजो आबे की याद में पत्नी ने रुद्राक्ष सेंटर में किया फोटो गैलरी का लोकार्पण, मंच पर ही रो पड़ीं।
- **जर्मनी :** ममदानी की जीत ने बदली यूरोप की राजनीति: वामपंथी पार्टियों ने सस्ते घर और कम किराए को मुद्दा बनाया, जर्मनी में जीत मिली।
- **वाशिंगटन :** व्हाइट-हाउस की नौकरी छोड़कर अब फॉक्स न्यूज जॉइन करेंगी लेविट, यह ट्रम्प का पसंदीदा चैनल, बच्चों के चलते प्रेस सेक्रेटरी का पद छोड़ा था।
- **वाशिंगटन :** मस्क के स्टारलिंक की एंट्री भारत में लगभग तय, कंपनी बोली- 20 ग्राउंड स्टेशन और सैकड़ों एंटीना तैयार, सिर्फ आखिरी सरकारी मंजूरी का इंतजार।
- **मुंबई :** सेंसेक्स में 429 अंक गिरकर 72,639 पर बंद, निफ्टी 173 अंक नीचे, मेटल और रियल एस्टेट शेयरों में बिकवाली।

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर राहुल और प्रियंका गांधी ने लगातार दूसरे दिन किया प्रदर्शन

पुलिस ने राहुल-प्रियंका को धरने से उठाया, प्रियंका बोलीं- मारपीट की गई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर राहुल और प्रियंका गांधी ने बुधवार को लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन किया। इस बार दोनों जंतर-मंतर के 200 मीटर पहले सड़क पर बैठ गए। सुरक्षा बलों ने उन्हें आगे नहीं जाने दिया तो प्रियंका संविधान की कॉपी लेकर सड़क पर लेट गईं।

इस बीच कांग्रेस कार्यकर्ता की सुरक्षाबलों के साथ धक्का-मुक्की भी हुई। इससे पहले राहुल-प्रियंका विपक्षी सांसदों के साथ सागर रत्ना रेस्टोरेंट में लंच के बाद जंतर-मंतर के लिए निकले थे। लंच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने दिया था। इस लंच में सपा के नेता नहीं पहुंचे।

एक दिन पहले इंडिया ब्लॉक के 200 से ज्यादा सांसदों ने संसद से चुनाव आयोग के ऑफिस तक मार्च निकाला था, लेकिन उन्हें पहले ही रोक दिया गया। इसके बाद राहुल और प्रियंका ने आकाशवाणी परिसर में 8 घंटे धरना दिया था। इस दौरान राहुल और प्रियंका



को दो बार हिरासत में लिया गया। आकाशवाणी परिसर में जबरन घुसने पर दोनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

दिल्ली पुलिस के जवानों ने प्रियंका गांधी वाड्रा को जंतर-मंतर के पास उस जगह से हटा दिया, जहां इंडिया गठबंधन के सांसदों को प्रदर्शन स्थल की ओर आगे बढ़ने से रोक दिया गया है। अब पुलिस ने सांसदों को हिरासत में ले लिया है। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इंडिया गुट के सांसदों को पुलिस ने जंतर-मंतर से पहले ही रोक लिया था। कई नेताओं और सांसदों को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है।



- **प्रियंका गांधी बोलीं- सांसदों को पीट रही पुलिस :** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा, ये लोग चुनाव आयुक्त से मिलने की गुहार लगाने वाले सांसदों के साथ ऐसा बर्ताव करते हैं। ये हमारे साथ ऐसा बर्ताव करते हैं। वे सांसदों को पीट रहे हैं। पुलिसकर्मियों ने मुझे जगह-जगह खरोंच दिया है। उन्होंने हमें जमीन पर पटक दिया है। अब हम यहां से नहीं हटेंगे। चाहे वे अपने बल वापस बुला लें, मैं यहां से नहीं हटूंगी।
- **रेणुका चौधरी बोलीं- वे गुंडागर्दी का ले रहे सहारा :** इंडिया ब्लॉक के प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा, वे (केंद्र सरकार) गुंडागर्दी का सहारा ले रहे हैं। हम डरेंगे नहीं। हम देश के युवाओं के लिए लड़ रहे हैं।
- **पुलिस कर रही मारपीट और लाठीचार्ज :** टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने कहा, आप देख सकते हैं कि दिल्ली पुलिस शांतिपूर्ण प्रदर्शनकारियों के साथ कितनी क्रूरता से पेश आ रही है। ज्ञानेश कुमार को इस्तीफा देना होगा। हमारी गलती क्या है? दिल्ली पुलिस द्वारा कार्यकर्ताओं और आम जनता के साथ इतनी बेरहमी से मारपीट और लाठीचार्ज क्यों किया जा रहा है? सांसदों को जंतर-मंतर तक पहुंचने से क्यों रोका जा रहा है? आखिर यहां क्या हो रहा है?
- **लाठीचार्ज के जिम्मेदार हैं पीएम मोदी-शाह :** इंडिया गठबंधन के प्रदर्शन के दौरान दिल्ली में हिरासत में लिए जाने के वक्त आरजेडी सांसद मनोज कुमार झा ने कहा, उन्होंने बर्बरतापूर्वक लाठीचार्ज किया। इसके लिए ज्ञानेश कुमार, अमित शाह और पीएम मोदी सभी जिम्मेदार हैं। हमने वर्षों से ऐसे दृश्य नहीं देखे थे। यह बर्बरता की हद है। आप सभी बेनकाब हो चुके हैं। आप सभी कायर हैं।

मेरिट में चयन फिर भी जॉइनिंग नहीं: भोपाल में वर्ग-3 शिक्षक अभ्यर्थियों का चक्काजाम

बोर्ड ऑफिस चौराहे पर बैठकर बजाई थालियां

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

परीक्षा पास कर मेरिट में चयन के बावजूद नियुक्ति नहीं मिलने से नाराज वर्ग-3 शिक्षक अभ्यर्थियों ने भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर चक्काजाम कर थालियां बजाकर विरोध जताया और नियुक्ति-जॉइनिंग शुरू करने की मांग की। आंदोलन लगातार तीसरे दिन भी जारी है।

परीक्षा पास कर मेरिट में जगह बनाने के बावजूद नियुक्ति और जॉइनिंग नहीं मिलने से नाराज प्राथमिक शिक्षक वर्ग-3 के अभ्यर्थियों ने बुधवार को भोपाल के बोर्ड ऑफिस चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। सैकड़ों अभ्यर्थी सड़क के बीच बैठ गए और थालियां बजाकर सरकार से नियुक्ति शुरू करने की मांग की। अधिकारी मौके पर पहुंचे और अभ्यर्थियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन वे हटने को तैयार नहीं हुए। अभ्यर्थियों का यह आंदोलन



लगातार तीसरे दिन जारी है। दिनभर तेज धूप में प्रदर्शन करने के बाद कई अभ्यर्थियों को रात भी खुले आसमान के नीचे गुजारनी पड़ रही है। प्रदर्शन स्थल पर कुछ अभ्यर्थी बच्चों के साथ भी मौजूद हैं। अभ्यर्थियों ने बच्चों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है।

ये हैं अभ्यर्थियों की मांगें

अभ्यर्थी 25 अगस्त 2025 से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण, मेरिट होल्डर्स की नियुक्ति और जॉइनिंग शुरू करने की मांग कर रहे हैं। इसके साथ ही आवेदन क्रमांक 49 में दर्ज प्रावधानों का पालन और लंबित विभागीय व दस्तावेजी प्रक्रिया जल्द पूरी करने की मांग भी शामिल है। अभ्यर्थियों का कहना है कि वे तीन दिन से शांतिपूर्ण तरीके से प्रदर्शन कर रहे हैं। जब तक नियुक्ति और जॉइनिंग को लेकर ठोस निर्णय नहीं लिया जाता, आंदोलन जारी रहेगा।

भीड़ में युवती का पैर दबा, आईपीएस ने पिलाया जूस

प्रदर्शन के दौरान भीड़ में एक युवती का पैर दब गया। इसी दौरान प्रोबेशनर आईपीएस मिनी शुक्ला जूस लेने दुकान पर पहुंचीं। उन्होंने युवती को जूस पिलाया। मौके पर मौजूद अभ्यर्थियों ने बताया कि प्रदर्शन के दौरान भीड़ और गर्मी के कारण परेशानी की स्थिति बनी। अभ्यर्थियों का कहना है कि नियुक्ति प्रक्रिया लंबे समय से लंबित है। उनके मुताबिक, 16 सितंबर को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह और लोक शिक्षण संचालनालय के आयुक्त अभिषेक सिंह से मुलाकात की थी। प्रतिनिधिमंडल ने लंबित प्रकरणों का मुद्दा उठाया था और जल्द निराकरण का आश्वासन मिला था। अभ्यर्थियों का दावा है कि इसके बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ।

दिल्ली में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरी

8 से 10 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका, रेस्क्यू टीमें बचाव कार्य में जुटीं



दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

दिल्ली में मछली मंडी के पास सीमापुरी इलाके में बुधवार को मंजिला इमारत गिर गई। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, बिल्डिंग मालिक के परिवार समेत 8 से 10 लोग मलबे में दबे हुए हैं। अब तक 2 बच्चों समेत 5 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। रेस्क्यू टीमें बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।

यह इमारत ईदगाह मस्जिद के पास थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसा दोपहर के करीब 3.10 बजे हुआ। हादसे के दौरान बिल्डिंग की पहली मंजिल पर एक परिवार के चार से पांच लोग मौजूद थे। घायलों को राजीव गांधी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल ले जाया गया है। फायर कंट्रोल को दोपहर करीब 3.15 बजे बिल्डिंग गिरने की कॉल मिली थी, जिसके बाद दिल्ली पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर राहत और बचाव कार्य शुरू किया।

5 करोड़ रु. लेकर प्रेमानंदजी के पास नहीं गया: कोहली

एजेंसी ▸▸ मथुरा

क्रिकेटर विराट कोहली ने 5 करोड़ रुपए लेकर संत प्रेमानंद के आश्रम जाने के आरोपों को नकार दिया है। कोहली के प्रवक्ता ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि सभी आरोप झूठे, निराधार और तथ्यहीन हैं। उन्होंने कहा कि कोहली प्रेमानंद महाराज के दर्शन के लिए आश्रम सिर्फ गहरी श्रद्धा और सम्मान की वजह से जाते हैं। मीडिया से अपील है कि वह किसी भी दावे को तथ्यों की जांच के



बाद ही प्रसारित करे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास के अध्यक्ष फलाहारी महाराज दिनेश शर्मा ने सोमवार को दावा किया था कि कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा को केलीकुंज आश्रम बुलाने के लिए 5 करोड़ रुपए दिए गए थे। फलाहारी महाराज दिनेश शर्मा ने संत प्रेमानंद महाराज को एक चिट्ठी लिखी थी।

उत्तरप्रदेश के 7 जिलों में बाढ़ लखनऊ में 6 दोस्त नदी में बहे

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

देश के ज्यादातर राज्यों से मानसून लौट चुका है। हालांकि, मध्य प्रदेश के 16 जिलों में चक्रवात के असर के चलते अगले 3 दिन बारिश होने का अनुमान है। वहीं, उत्तराखंड, बिहार, हरियाणा, झारखंड, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पंजाब में बारिश की संभावना है।

पहाड़ों पर हुई बारिश से यूपी में 10 नदियां उफान पर हैं। लखनऊ और सीतापुर समेत 7 जिलों में और गोंडा के 10 गांवों में अभी भी बाढ़ है। लखनऊ के इटौंजा में बाढ़ के पानी के तेज बहाव में 6 दोस्त बह गए। एक की मौत हो गई। 5 को बचा लिया गया। उन्नाव में दीवार गिरने से महिला की मौत हो गई।

उत्तराखंड के कई हिस्सों में मंगलवार शाम बारिश और बर्फबारी हुई। देहरादून में बारिश हुई जबकि अल्मोड़ा और उत्तरकाशी में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। वहीं, हरियाणा के पंचकूला में भी ओले गिरे। यमुनानगर में हुई तेज बारिश के कारण मंडियों में खुले में रखी धान की फसल और ट्रालियों में लदी उपज भीग गई। बिहार के मुंगेर, गयाजी, बांका मोतिहारी में मंगलवार को बारिश हुई। 6 जिलों के करीब 466 गांव अब भी बाढ़ की चपेट में हैं। करीब 8 लाख लोग बाढ़ से प्रभावित हैं।

भारतीय नाविकों वाले जहाज पर 48 घंटे में तीसरा हमला

ब्लैक सी में 2 हमले, यूक्रेनी ड्रोन तेल टैंकर से टकराया, होर्मुज में भी 1 जहाज पर अटैक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

रूस के ब्लैक सी तट के पास एक तेल टैंकर पर समुद्री ड्रोन से हमला किया गया। हमले के बाद टैंकर में आग लग गई। टैंकर पर 23 लोगों का क्रू था। सभी भारतीय नागरिक थे और उन्हें सुरक्षित रेस्क्यू कर लिया गया।

रूस के परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, लाइबेरिया के झंडे वाले इस टैंकर पर हमले के बाद ब्लैक सी के पानी में कच्चा तेल जला। इससे रूस के रिसॉर्ट शहर सोची के



कुछ हिस्सों में आसमान काले धुएं से ढक गया है। माना जा रहा है कि यह हमला यूक्रेन की तरफ से किया गया। बीते 48 घंटे में यह तीसरी बार है जब भारतीय नाविकों वाले जहाजों को निशाना बनाया गया है। लाइबेरिया के झंडे वाले इस जहाज का नाम एफ्रामैक्स रियो है। द कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक, यह यूक्रेन की प्रतिबंध सूची में शामिल था। इसे रूस के कथित शैडो फ्लीट का हिस्सा बताया गया था। रूस का शैडो फ्लीट उन टैंकरों और जहाजों का नेटवर्क है, जिनका इस्तेमाल रूस पश्चिमी प्रतिबंधों से बचकर तेल समेत दूसरे सामान के निर्यात में करता है।

कॉकरोच जनता पार्टी और लेफ्ट के छात्र संगठनों की प्रेस कॉन्फ्रेंस

क्या बीजेपी गृहयुद्ध करवाना चाहती है : सीजेपी

सीईसी के खिलाफ 10 अक्टूबर से प्रदर्शन, प्रधान के इस्तीफे के लिए 36 दिन धरना दिया था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली

सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास ने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओं को बोल रही है कि दिल्ली पहुंचकर पत्थरबाजी करो, लाठियां चलाओ। क्या सरकार देश में गृहयुद्ध चाहती है? हम सरकार को चेतावनी देते हैं कि सुधर जाइए। देश का युवा जवाबदेही मांग रहा है। पिछली गलती को मत दोहराइए।

दरअसल, दिल्ली के प्रेस क्लब में कॉकरोच जनता पार्टी और लेफ्ट के छात्र संगठनों ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

उन्होंने आगे कहा कि ज्ञानेश कुमार को सिर्फ हटाया न जाए उन पर केस भी हो और उन्हें सजा मिले। एक स्वतंत्र कमेटी उनकी और उनके फैसलों की जांच करे। 10 अक्टूबर को कॉकरोच जनता पार्टी दिल्ली के जंतर-मंतर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे के लिए प्रदर्शन करने वाली है।



20 जून से 25 जुलाई तक कॉकरोच जनता पार्टी ने धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के लिए 36 दिन तक दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया था। इस दौरान एक्टिविस्ट सोनम वांगचुक भी भूख हड़ताल पर बैठे थे।

सुप्रीम कोर्ट चुनाव-आयुक्तों की नियुक्ति वाले फैसले की जांच करेगा

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि वो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े अपने फैसले की फिर से जांच करेगा। 23 सितंबर को जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा ने इस मामले को बड़ी बेंच के पास भेजने के मुद्दे पर अलग-अलग राय दी थी। जस्टिस दत्ता ने कहा था कि मामले को बड़ी बेंच के पास भेजने की जरूरत नहीं है। वहीं, जस्टिस शर्मा ने मामले को बड़ी बेंच के पास भेजने का समर्थन किया था। लेकिन इस फैसले पर अर्जी में जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा को लेकर पक्षपात की आशंका जताई गई है। उनके बेटे मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया के स्टैंडिंग काउंसिल हैं। पूरा मामला 2023 के केंद्र सरकार के उस फैसले से जुड़ा है, जिसमें केंद्र सरकार ने कहा था चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़ा फैसला बदला था। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन ने चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच के सामने अर्जी रखी थी। बेंच में जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहना भी शामिल हैं।



महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का बुधवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

खुसूर-फुसूर

चौड़े मार्ग पर सजग नजर

शहर में एक नहीं दो नही कई मार्ग मास्टर प्लान 2035 के तहत चौड़े किए गए और किए जा रहे हैं। जो मार्ग चौडे किए जा चुके हैं उन पर एक बार फिर से अतिक्रमण की स्थिति सामने आने लगी है। शहर की संस्था के प्रशासनिक प्रमुख ने इसे देखते हुए उस पर कार्रवाई की है। ये पहला अवसर रहा है जब कि ऐसे मामले में इस तरह से कार्रवाई हुई है। सवाल यह कायम हो रहा है कि आखिर चौड़े किए गए मार्ग की नाली पर कोई रातों रात तो निर्माण हो नहीं गया होगा। इसके लिए समय भी लगा होगा। इसके बाद भी अगर शहर की संस्था के जिम्मेदार, संबंधित झोन के जिम्मेदार उस काम को नहीं रोक सके और उसके लिए भी प्रशासनिक मुखिया के देखने और बोलने के बाद अतिक्रमण हटाकर जुर्माना लगाया गया है तो यह खुश होने वाली नहीं संबंधित जिम्मेदारों की लापरवाही और अकर्मण्य स्थिति को सामने लाने वाला मामला है। इस तरह के मामलों में नगर की संस्था के प्रशासनिक मुखिया को भी अब कम से कम चौड़े किए गए मार्गों पर जिस क्षेत्र में अतिक्रमण होने की स्थिति सामने आए वहां के जिम्मेदारों से भी सवाल किए जाने चाहिए। जिस स्थान पर यह अतिक्रमण हुआ है यह कोई गली कुचे का मामला नहीं है। मुख्य मार्ग पर ही जब इस तरह से अतिक्रमण कर लिया तो उस दौरान अमला क्या कर रहा था यह सवाल जायज है और जिम्मेदारों से इसका जवाब लिया जाना चाहिए। मात्र निगरानी के निर्देश से काम चलने वाला नहीं है। खुसूर-फुसूर है कि वर्ष 2004 एवं 2016 में भी चौड़ीकरण किया गया था जिनके तहत शहर में मार्ग चौड़े किए गए थे जो दिन में सिमटकर आधे भी नहीं रहते हैं और रात में चौड़े दिखाई देते हैं। दिन में देवासगेट से महाकाल मार्ग, प्रेमछाया-लाल मस्जिद मार्ग, रेलवे स्टेशन मार्ग सिमट जाता है। रेलवे स्टेशन मार्ग तो रात में भी इसका शिकार रहता है और अस्थाई अतिक्रमण के कारण यहां सुबह, दोपहर, शाम, रात कुछ नहीं होता है। होता है तो मात्र वाहनों को अस्थाई अतिक्रमण होता है। साथ ही अन्य कई मार्ग हैं जिनकी चौड़ाई रात में खासी होती है। दिन में इनकी चौड़ाई कायम रखने के लिए शहर की संस्था के जिम्मेदार लापरवाह हो जाते हैं। इसके साथ ही वर्तमान में आम रहवासी ने जो अपने मकान हाथों से तोड़कर सड़क चौड़ीकरण में अपना त्याग समर्पण किया है उसमें से आधे मार्ग वर्तमान में पार्किंग बने हुए हैं। यह स्थिति संभवतः आगे भी कायम होना ही है। इस पर रोक के लिए भी अभी से विचार किया जाना आवश्यक हो गया है।

नैनो न्यूज

- महिलाओं ने सीखे सेल्फ मेकअप और साड़ी ड्रेपिंग के गुर, अग्रसेन जयंती महोत्सव पर श्री अग्रवाल महिला मंडल ने लगाई कार्यशाला
- महर्षि पाणिनि संस्कृत महाविद्यालय में लगा निशुल्क यूनानी स्वास्थ्य व योग शिविर, सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य परीक्षण कर दी औषधियों की जानकारी
- 87 मरीजों ने कराई निशुल्क रक्त की जांच, सेवा संकल्प अभियान के तहत रेड क्रॉस सोसाइटी ने खाकचौक पर लगाया शिविर
- ब्रिक्स सम्मेलन में दिखेगा मध्यप्रदेश के मल्लखंब का हुनर, अहमदाबाद में 12 अक्टूबर को होने वाले अंतरराष्ट्रीय खेल के लिए उज्जैन में खिलाड़ियों ने किया अभ्यास
- अग्रोहा महिला विकास ट्रस्ट की डीजे गरबा नाइट में हुआ फैशन शो, आकर्षक प्रतियोगिताओं और स्वादिष्ट व्यंजनों का समाजजनों ने उठाया लुत्फ
- अंतरराष्ट्रीय माच गुरु सुन्दरलाल मालवीय को मानद पीएचडी और राष्ट्रीय सम्मान, केरल में आयोजित समारोह में ग्लोबल इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी यूएसए ने लोकनाट्य माच और लोकसंगीत में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित
- मालवा नृत्य महोत्सव में उज्जैन की कथक प्रतिभाओं का परचम, मीनल जैन को द्वितीय और दाक्षिका व्यास को तृतीय पुरस्कार

ट्रेंडिंग



अब चौड़ीकरण के कोयला फाटक से सतीगेट मार्ग तक का अवैध निर्माण सामने आया

नाली के ऊपर अवैध निर्माण पर चली जेसीबी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

वही होने लगा है जिसका डर सता रहा था। नगर निगम ने मार्ग चौड़ीकरण किये और अभी निर्माण अंतिम सिरे पर ही हैं ऐसे में भी अतिक्रमण की शुरूआत हो चुकी है। चौड़ीकरण के कोयला फाटक से सतीगेट मार्ग पर अवैध निर्माण के तहत नाली के ऊपर निर्माण किया गया था। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की जानकारी में आते ही इस अवैध निर्माण पर जेसीबी चलवा दी गई है। निगमायुक्त ने बुधवार को एक बार फिर से साफ किया है कि चौड़ीकरण किए गए मार्गों पर अतिक्रमण कतई बर्दाशत नहीं किया जाएगा।

दूसरा मामला- दो दिन पूर्व निगमायुक्त के निर्माण कार्यों के निरीक्षण से लौटते समय ढाबा रोड पर मावा बाजार में किए गए अवैध निर्माण पर नजर पडी थी। उन्होंने तत्काल ही अवैध निर्माण पर कार्रवाई करवाते हुए नाली पर ब्लाक लगाकर अवैध निर्माण कर अतिक्रमण को तुडवाया था। उस दौरान भी उन्होंने निर्देश दिए थे कि चौड़ीकरण मार्गों पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण एवं अतिक्रमण नहीं होने दिया जाए। यहां तक कि निर्माणकर्ता पर रूपए 5 हजार का जुर्माना भी लगाया गया था।

चौड़ीकरण मार्गों पर अतिक्रमण कतई बर्दाश्त नहीं- निगम आयुक्त





नियमित निरीक्षण करें

आयुक्त श्री मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चौड़ीकरण वाले सभी मार्गों पर नियमित रूप से निरीक्षण किया जाए। नाली, फुटपाथ अथवा सड़क के हिस्से पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण पाए जाने पर तत्काल हटाने की कार्रवाई करते हुए नियमानुसार जुर्माना भी लगाया जाए। चौड़ीकरण के बाद मार्गों को पुनः अतिक्रमण मुक्त रखना नगर निगम की प्राथमिकता है, ताकि यातायात सुचारु रहे और नागरिकों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

ऐसे अतिक्रमण पर चली जेसीबी

कंठाल से होते हुए सतीगेट तक के क्षेत्र में दुकानदारों एवं नागरिकों द्वारा नाली के ऊपर ओटले बनाकर, चढ़ाव निर्माण करते हुए एवं ब्लॉक लगाकर किए गए अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण को निगम की रिमूवल गैंग द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए जेसीबी मशीन से हटाया गया।

11 हजार रुपये से अधिक का जुर्माना



स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बुधवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों में निरीक्षण करते हुए स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में गंदगी करते पाए जाने पर रूपए 6 हजार, प्लास्टिक पॉलीथिन का उपयोग करने पर रूपए 5,500 का जुर्माना वसूला गया।

महाकाल के आंगन में माता उमा की आराधना शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में अश्विन एकादशी से माता उमा की आराधना का परंपरागत धार्मिक पर्व उमा सांझी महोत्सव मंगलवार शाम से प्रारंभ हो गया।

सुन्दर रंगोली व ज्वारे- उमा सांझी पर्व की शुरूआत वसंत पूजन व सुन्दर रंगबिरंगी रंगोली सृजन से हुई। मंदिर परिसर मे विद्वान पंडितों ने वेदोक्त मंत्रों का सस्वर स्वस्तिवाचन किया और आकर्षक झांकी सजाई। चबूतरे पर परंपरानुसार रंगोली बनाई गई तथा मां पार्वती की आराधना की गई।



उत्तम वर की कामना से मां उमा की उपासना

उमा सांझी उत्सव पुरातन सनातन परंपरा महाकाल मंदिर मे होती आ रही है। ये भी लोकपर्व संजा का ही रूप है। इसको मनाने का अभिप्राय मां पार्वती की उपासना करके बालिकाओं और अविवाहित युवतियों द्वारा उत्तम वर की प्राप्ति की कामना होती है। **- पं आशीष पुजारी,महाकाल मंदिर।**

वसंत पूजा से वसंत की सुगंध

महाकाल मंदिर प्रांगण मे उमा सांझी महोत्सव भगवान भोलेनाथ व माता पार्वती के असीम प्रेम का प्रतिक है। माता ने घोर तपस्या करके मनोहारी भोलेनाथ को वर रूप मे पाया था। इसी संकल्प के साथ कुंवारी कन्याएं मां पार्वती की आराधना करके अच्छे वर की कामना करती हैं। पर्व का समापन मां उमा की सवारी निकालने के साथ होता है। एकादशी पर महोत्सव की शुरूआत वसंत पूजा के साथ होती है। वसंत ऋतु सभी ऋतुओं में श्रेष्ठ है और वसंत पूजा से अभिप्राय वैदिक मंत्रोच्चार द्वारा वातावरण में वसंत की महक का सूत्रपात करके आनंद की अभिवृद्धि करना है। वसंत पूजा द्वारा उत्सव के आनंद की कामना की जाती है।

सार्वजनिक स्थानों की डिजाइन पर क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

नगर निगम उज्जैन में बुधवार को नर्चरिंग नेबरहुड्स 2.0 (एनएन 2.0) पहल के अंतर्गत छोटे बच्चों एवं उनके देखभालकर्ताओं को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थानों की डिजाइन एवं विकास विषय पर क्षमता निर्माण कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का उद्देश्य शहरी उद्यान विभाग के अधिकारियों एवं तकनीकी अमले की क्षमता को विकसित करना रहा, ताकि शहर में ऐसे सार्वजनिक स्थानों का बेहतर नियोजन एवं विकास किया जा सके, जो 0 से 6 वर्ष तक के छोटे बच्चों तथा उनके देखभाल कर्ताओं के लिए सुरक्षित, समावेशी, सुविधाजनक एवं आकर्षक हों। कार्यशाला में डब्ल्यूआरआई इण्डिया की ओर से निकिता पाल एवं विवेक मद्दिराला द्वारा शहरी क्षेत्रों में छोटे बच्चों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सार्वजनिक स्थानों के नियोजन एवं डिजाइन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई।

भस्म आरती में पहुंचीं हरलीन देओल और ईशा कोप्पिकर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में बुधवार सुबह भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी हरलीन देओल और फिल्म अभिनेत्री ईशा कोप्पिकर ने भगवान महाकाल की भस्म आरती में शामिल होकर दर्शन किए। दोनों सुबह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचीं और करीब दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती के दर्शन किए। भस्म आरती के दौरान हरलीन देओल और ईशा कोप्पिकर भक्ति में लीन नजर आईं। दोनों ने हाथ जोड़कर भगवान महाकाल का नमन किया और महाकाल का जाप किया। आरती के बाद दोनों ने महाकाल की देहरी से भगवान का



आशीर्वाद लिया और पुजारियों के माध्यम से जल अर्पित किया। दर्शन के बाद मंदिर समिति की ओर से हरलीन देओल और ईशा कोप्पिकर का सम्मान किया गया। हरलीन ने कहा कि वह तीसरी बार महाकाल मंदिर में दर्शन के लिए आई हैं। उन्होंने कहा, आगे भी जब भी महाकाल का बुलावा आएगा, आती रहूंगी।

स्टाइपेंड की मांग को लेकर आयुर्वेद इंटर्न छात्रों की भूख हड़ताल

250 छात्रों ने 24 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल शुरू की, प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए किया यज्ञ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शासकीय धन्वंतरि आयुर्वेद महाविद्यालय के इंटर्न छात्रों का स्टाइपेंड बढ़ाने की मांग को लेकर आंदोलन लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। मौजूदा स्टाइपेंड 9,383 रु. होने से नाराज करीब 250 छात्रों ने बुधवार को 24 घंटे की सांकेतिक भूख हड़ताल शुरू की। आंदोलन के दौरान छात्रों ने प्रशासन का ध्यान अपनी मांगों की ओर आकर्षित करने के लिए सद्बुद्धि यज्ञ भी किया।

भूख हड़ताल पर डॉ. मुस्कान मंडावत और डॉ. अंजली राठौर बैठीं। छात्रों का कहना है कि आयुर्वेद इंटर्न के रूप में वे



अस्पताल की ओपीडी, आईपीडी और आपातकालीन सेवाओं में नियमित रूप से ड्यूटी कर रहे हैं। इसके बावजूद उन्हें अन्य चिकित्सा पद्धतियों के इंटर्न छात्रों की तुलना में कम स्टाइपेंड दिया जा रहा है।

छात्रों ने कहा कि समान जिम्मेदारियां निभाने के बावजूद स्टाइपेंड में अंतर उनके साथ भेदभाव है। उनका कहना है कि महंगाई के मौजूदा दौर में 9,383 रु. की राशि पर्याप्त नहीं है। उन्होंने सरकार और संबंधित प्रशासन से स्टाइपेंड में वृद्धि कर अन्य चिकित्सा पद्धतियों के इंटर्न छात्रों के समान करने की मांग की है।

छात्रों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को आगे भी जारी रखा जा सकता है। आंदोलन के दौरान बड़ी संख्या में छात्र मौजूद रहे और उन्होंने एकजुट होकर अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की।

मेडिकल आफीसर पैदल ही सीएमएचओ का प्रभार ग्रहण करने पहुंचे

सेवानिवृत्त सीएमएचओ डॉ. पटेल से 7 दिन बाद डॉ. रघुवंशी ने लिया चार्ज

कलेक्टर के हस्तक्षेप से सीएमएचओ पद को प्रभारी अधिकारी मिला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पिछले सात दिनों से स्वास्थ्य सेवाएं बगैर जिले मुखिया के ही चल रही थी। यह स्थिति 30 सितंबर को सीएमएचओ डॉ. अशोक कुमार पटेल के सेवानिवृत्त हो जाने और उनके स्थान पर शासन आदेश डॉ. अनिल भार्गव के व्यक्तिगत कारणों से पद भार ग्रहण नहीं करने से बनी थी। मंगलवार देर शाम मामले में कलेक्टर रोशन कुमार सिंह के हस्तक्षेप के बाद जिले के स्वास्थ्य विभाग को शासन आदेश के इंतजार में मेडिकल आफीसर डॉ. विक्रम रघुवंशी को सीएमएचओ का प्रभार सौंपा गया। डॉ. रघुवंशी ने बुधवार को घर नजदीक होने से पैदल ही कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण किया है।

बुधवार पूर्वान्ह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में 7 दिन पूर्व सेवा निवृत्त डॉ. अशोक कुमार पटेल से डा. रघुवंशी ने पद का भार ग्रहण किया। इस दौरान जिला अस्पताल एवं स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर एवं अधिकारी उपस्थित हुए। डॉ. रघुवंशी ने सादगी के साथ प्रभारी की जिम्मेदारी को ग्रहण करते हुए अधिनस्थों एवं सहयोगियों के समक्ष अपनी प्राथमिकता रखी है। उन्होंने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का आमजन को अधिक से अधिक लाभ मिले इसके लिए सभी को सजग रहकर काम करने के लिए निर्देश दिए हैं।

प्रभावी व्यवस्था पर जोर

प्रभारी सीएमएचओ डॉ. विक्रम रघुवंशी ने जिले की स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का प्रभार ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने कहा कि मरीजों को बेहतर, सम्मानजनक और समयबद्ध स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। गंभीर और आपातकालीन मरीजों को समय पर आवश्यक उपचार देने के साथ वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों और जरूरतमंद मरीजों को विशेष सहायता उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया गया है।

स्व. माया त्रिवेदी के शोकाकुल परिजनों को बंधाया ढाँढस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को उज्जैन में पार्षद स्व. माया राजेश त्रिवेदी के कार्तिक चौक स्थित निवास पहुंचकर उनके आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. माया त्रिवेदी की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।ख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को सरदारपुरा स्थित आराधना भवन पहुंचकर दिवंगत सामाजसेवी विनोद कुमार के पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

सिंहस्थ की तैयारियों के बीच उज्जैन के लिए भी चुनौती

सड़क हादसे बनी बड़ी चुनौती, मध्यप्रदेश और उज्जैन भी अछूता नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

विश्व स्वास्थ्य संगठन की ताजा ग्लोबल हेल्थ एस्टीमेट्स रिपोर्ट ने सड़क सुरक्षा को लेकर चिंताजनक तस्वीर पेश की है। देश हो या फिर प्रदेश या फिर हमारा उज्जैन ही क्यों न हो इन सभी में सड़क हादसे अब मौतों का 10वां प्रमुख कारण बन चुके हैं। स्थिति की गंभीरता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि भारत में हर दिन औसतन करीब 500 लोग सड़क दुर्घटनाओं में अपनी जान गंवा रहे हैं। सड़क हादसों का बढ़ता दायरा केवल यातायात व्यवस्था के लिए चुनौती नहीं है, बल्कि यह आपातकालीन चिकित्सा सेवाओं, अस्पतालों और सड़क सुरक्षा व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है।



डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार भारत में सड़क हादसे पुरुषों की मौत का आठवां प्रमुख कारण हैं। महिलाओं के मामले में ऊंचाई अथवा अन्य कारणों से गिरना मौत का आठवां प्रमुख कारण है। कुल मिलाकर सड़क दुर्घटनाएं देश में पुरुषों और महिलाओं दोनों के लिए मौत का 10वां प्रमुख कारण बनी हुई हैं। वैश्विक स्तर पर सड़क हादसों से होने वाली मौतों में भारत की हिस्सेदारी भी बेहद चिंताजनक है। वर्ष 2023 में देश में सड़क दुर्घटनाओं में करीब 1.74 लाख लोगों की मौत हुई, जो दुनिया में सड़क हादसों में हुई कुल मौतों का 14 प्रतिशत से अधिक है।

प्रदेश में भी लगातार बढ़ रहा दबाव

मध्यप्रदेश के साथ ही जिले में भी सड़क दुर्घटनाएं बड़ी सार्वजनिक चुनौती बनती जा रही हैं। प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्ग, राज्य मार्ग, शहरी सड़कों और ग्रामीण मार्गों पर वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इसके साथ तेज रफ्तार, हेलमेट और सीट बेल्ट की अनदेखी, गलत दिशा में वाहन चलाना, नशे में वाहन चलाना तथा सड़क किनारे अव्यवस्थित पार्किंग जैसे कारण दुर्घटनाओं का जोखिम बढ़ा रहे हैं।
प्रदेश के बड़े शहरों के साथ छोटे शहर और धार्मिक-पर्यटन केंद्र भी इस समस्या से प्रभावित हैं। खासतौर पर ऐसे शहर जहां वर्षभर बड़ी संख्या में बाहरी वाहनों और यात्रियों का आवागमन रहता है, वहां सड़क सुरक्षा का दबाव सामान्य दिनों की तुलना में अधिक रहता है।

सिंहस्थ की तैयारियों के बीच उज्जैन के लिए भी चुनौती

धार्मिक नगरी उज्जैन के संदर्भ में सड़क सुरक्षा का सवाल और महत्वपूर्ण हो जाता है। शहर में सामान्य दिनों में ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु और पर्यटक आते हैं, जबकि सिंहस्थ 2028 को देखते हुए आने वाले समय में वाहनों और यात्रियों की संख्या में कई गुना वृद्धि की संभावना है। ऐसे में सड़क दुर्घटनाओं को रोकना प्रशासन के लिए बड़ी प्राथमिकता होगी। उज्जैन शहर और आसपास के मार्गों की मौजूदा स्थिति को देखते हुए संभावित तौर पर प्रतिदिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाओं के कई मामले सामने आते हैं, जिनमें दोपहिया वाहन सबसे अधिक संवेदनशील नजर आते हैं। दुर्घटनाओं में गंभीर घायलों की संख्या भी कम नहीं है। शहर के प्रमुख मार्गों, बाहरी रिंग रोड, इंदौर-उज्जैन मार्ग, देवास रोड तथा अन्य प्रमुख संपर्क मार्गों पर तेज रफ्तार और भारी यातायात के कारण दुर्घटना का जोखिम बना रहता है। सिंहस्थ के दौरान यह चुनौती और बढ़ सकती है। लाखों वाहनों और करोड़ों श्रद्धालुओं की संभावित आवाजाही को देखते हुए शहर में यातायात प्रबंधन के साथ दुर्घटना के बाद त्वरित चिकित्सा सहायता की व्यवस्था भी उतनी ही महत्वपूर्ण होगी।

दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

न्यूज ब्रीफ

जागरूकता कार्यक्रम, 220 विद्यार्थियों ने लिया नशामुक्ति का संकल्प

इंदौर। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, जिला इंदौर द्वारा सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत मद्य निषेध सप्ताहके तहत ऑक्सफोर्ड कॉलेज में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नार्कोटिक्स टीआई श्री राकेश चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नार्कोटिक्स एसआई श्री अजय शर्मा एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के मास्टर ट्रेनर तथा नागदा सोशल फाउंडेशन के डायरेक्टर रजत नागदा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणाम, बचाव एवं नशामुक्ति के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी।

बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान की कार्यशाला आयोजित

इंदौर। भारत सरकार के निदेर्शानुसार ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से इंदौर में डिस्ट्रिक्ट बिजनेस रिफॉर्म एक्शन प्लान संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का आयोजन एमपीआईडीसी, भोपाल मुख्यालय के माध्यम से किया गया। कार्यशाला कलेक्टर शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित की गई। कार्यशाला में बताया गया कि भारत सरकार के द्वारा निर्धारित बिजनेस रिफॉर्म्स को मध्यप्रदेश में प्रभावी रूप से लागू किया जाना है। इसके अंतर्गत जिले में 28 विभागों से संबंधित कुल 222 रिफॉर्म्स का क्रियान्वयन किया जाना है। एमपीआईडीसी भोपाल के पुनीत जैन ने बताया कि कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य जिले में व्यवसाय शुरू करने और उसका विस्तार करने वाले उद्यमियों को विभिन्न शासकीय सेवाएं को निर्धारित समय-सीमा में उपलब्ध कराना है।

जनगणना की ट्रेनिंग शुरू, फरवरी में घरों पर दस्तक

उज्जैन। फरवरी 2027 में होने वाली जनसंख्या गणना के लिए उज्जैन में मैदानी अमले की तैयारी शुरू हो गई है। सोमवार से जिला पंचायत सभागार में ग्रामीण क्षेत्र के अधिकारियों-कर्मचारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू हुआ। ट्रेनिंग में अधिकारियों को घर-घर जाकर जनसंख्या की जानकारी जुटाने से लेकर उसे दर्ज करने तक की पूरी प्रक्रिया बताई जा रही है। प्रशिक्षण मंगलवार को भी जारी रहेगा। उल्लेखनीय है कि जनगणना का पहला चरण मई में पूरा हो चुका है। इसमें मकानों की सूची और मकानों की गणना की गई थी। अब दूसरे चरण में प्रत्येक परिवार और व्यक्ति से जुड़ी जानकारी जुटाई जाएगी। इसके लिए अभी से अधिकारियों और कर्मचारियों को तैयार किया जा रहा है। ट्रेनिंग में गणना ब्लॉक बनाने, उप-गणना ब्लॉक का सीमांकन और ले-आउट मैप तैयार करने के साथ मोबाइल ऐप पर जानकारी दर्ज करने की प्रक्रिया समझाई जा रही है।

32 किसानों को 16 करोड़ का मुआवजा वितरित



उज्जैन। आगामी सिंहस्थ 2028 के दृष्टिगत उज्जैन विकास प्राधिकरण (यूडीए) ने 50 किलोमीटर लंबी सड़कों के निर्माण के लिए आपसी सहमति से अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा वितरण शुरू कर दिया है। मंगलवार (06 अक्टूबर) को प्राधिकरण ने अपना वादा निभाते हुए 32 किसानों को लगभग 16 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि वितरित की। मुआवजा वितरण कार्यक्रम उज्जैन विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी, लोकसभा सांसद अनिल फिरोजिया, राज्यसभा सांसद उमेशनाथ जी महाराज, उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, नगर निगम सभापति कलावती यादव और भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस दौरान राशि प्राप्त करने वाले किसानों में भारी उत्साह देखा गया और उन्होंने प्राधिकरण की त्वरित व पारदर्शी कार्रवाई पर संतोष जताते हुए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर यूडीए अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निदेर्शों के अनुरूप किसानों के हितों का ध्यान रखना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शिता के साथ संपन्न की गई है। प्राधिकरण लगातार इस बात के लिए प्रयासरत था कि किसानों को नियमानुसार उचित मुआवजा समय पर मिले और सभी पात्र किसानों को उनकी राशि सौंप दी गई है।

नैनो न्यूज

- **देवास – तीन पटवारियों की सेवा समाप्त-** स्वामित्व योजना में शून्य प्रगति और काम में लापरवाही मिलने पर देवास जिले में तीन पटवारियों की प्रोबेशन अवधि में ही सेवाएं समाप्त कर दी गईं।
- **आगर – एफपीओ क्लस्टरों से सहयोग की तैयारी-** आगर-मालवा में कृषि और गैर-कृषि क्षेत्र के एफपीओ, एफपीसी और स्वयं सहायता समूहों के साथ रणनीतिक सहयोग के लिए ईओआई जारी किया गया है।
- **सुसनेर – नवरात्रि तैयारियों पर जोर-** सुसनेर क्षेत्र में नवरात्रि को लेकर धार्मिक स्थलों और बाजारों में तैयारियां तेज हैं। स्थानीय कारोबारियों को त्योहारी ग्राहकी बढ़ने की उम्मीद है।
- **शाजापुर – शहरी आजीविका मिशन की निविदा-** शाजापुर नगर पालिका ने राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन से जुड़ी निविदाएं जारी की हैं। इससे स्थानीय स्तर पर सेवा और रोजगार गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा।
- **रतलाम – मंडी में बलराम महोत्सव आज-** रतलाम कृषि उपज मंडी में आज बलराम महोत्सव आयोजित हो रहा है। मुख्यमंत्री किसानों से ऑनलाइन संवाद करेंगे, वहीं मंडी में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं।

लालपुर में दो रेलवे ओवरब्रिज बनाए जा रहे हैं, जो रिंग रोड को सैटेलाइट टाउनशिप से जोड़ेंगे और बाहरी यातायात का दबाव कम करेंगे

सिंहस्थ 2028 से पहले उज्जैन में 21 नए पुलों का नेटवर्क

करोड़ों श्रद्धालुओं के लिए उज्जैन शहर का ट्रेफिक सिस्टम,

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

धार्मिक नगरी उज्जैन में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ-2028 को भव्य और सुव्यवस्थित बनाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार और लोक निर्माण विभाग (सेतु निगम) ने इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स पर काम तेज कर दिया है। शहर के अंदरूनी और बाहरी यातायात ढांचे को आधुनिक बनाने के तहत 21 नए पुलों का नेटवर्क तैयार किया जा रहा है। इनमें नए रेलवे ओवरब्रिज महत्वपूर्ण कड़ी साबित होंगे।

सिंहस्थ महाकुंभ के दौरान करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए आउटर डाइवर्शन रणनीति पर विशेष जोर दिया जा रहा है। पंचक्रोशी मार्ग पर ग्राम लालपुर में दो नए रेलवे ओवरब्रिज लालपुर ब्रिज-1 और लालपुर ब्रिज-2 बनाए जा रहे हैं। दोनों पुल बाहरी रिंग रोड के ट्रैफिक को सीधे सैटेलाइट टाउनशिप से जोड़ेंगे। इन पुलों के बनने के बाद बाहरी राज्यों से आने वाली बसें, भारी वाहन और श्रद्धालुओं के वाहन शहर के घने और संकरे रास्तों में फंसे बिना सीधे बाहरी मार्गों से अपनी निर्धारित पार्किंग और गंतव्य तक पहुंच सकेंगे। सेतु संभाग के कार्यपालन अभियंता पी.एस. पंत के अनुसार, दोनों ब्रिजों का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इनका निर्माण कार्य दिसंबर 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। स्वीकृत ब्रिजों के फाउंडेशन का काम पूरा हो चुका है, जबकि सब-स्ट्रक्चर का कार्य अंतिम चरण में है। इसके बाद सुपर-स्ट्रक्चर का काम शुरू होगा, जिसे जून 2027 तक पूरा करने का लक्ष्य है।

शिप्रा पर बनेंगे 22 नए पुल

सिंहस्थ की तैयारियों के तहत शिप्रा नदी पर 22 नए पुल प्रस्तावित हैं। इन परियोजनाओं पर लगभग 853 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। पुलों के निर्माण से शहर के विभिन्न हिस्सों के बीच बेहतर संपर्क स्थापित होगा और श्रद्धालुओं के साथ स्थानीय नागरिकों को भी तेज एवं सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी। उज्जैन में लंबे समय से रेलवे लाइन और शिप्रा नदी के कारण कई क्षेत्रों के बीच आवागमन प्रभावित होता रहा है। कई स्थानों पर लोगों को लंबा चक्कर लगाना पड़ता है, जबकि त्योहारों और मेलों के दौरान यातायात जाम की समस्या बढ़ जाती है। नए रेलवे ओवरब्रिज, नदी पुल और लिंक ब्रिज इन समस्याओं का स्थायी समाधान बनेंगे। इन परियोजनाओं का लाभ केवल सिंहस्थ तक सीमित नहीं रहेगा। हरिफाटक सहित कई क्षेत्रों में रेलवे फाटक के कारण लगने वाले जाम से राहत मिलेगी। महाकाल मंदिर, शिप्रा घाट, औद्योगिक क्षेत्रों, आवासीय कॉलोनियों और शहर के प्रमुख मार्गों के बीच यात्रा समय कम होगा। इससे एम्बुलेंस, फायर ब्रिगेड और अन्य आपातकालीन सेवाओं की आवाजाही भी तेज हो सकेगी।

समयबद्ध तरीके से पूरे होंगे सभी प्रोजेक्ट

प्रशासन ने सड़क और पुल निर्माण से जुड़ी परियोजनाओं की विभागवार समीक्षा कर समय-सीमा तय की है। कई परियोजनाओं पर निर्माण कार्य जारी है, जबकि कुछ कार्य निविदा और तकनीकी स्वीकृति के अंतिम चरण में हैं। जिन परियोजनाओं में प्रशासनिक अड़चनें हैं, उन्हें जल्द दूर करने के निर्देश दिए गए हैं ताकि सिंहस्थ से पहले पूरा कनेक्टिविटी नेटवर्क तैयार किया जा सके। विशेषज्ञों का मानना है कि धार्मिक आयोजन को केंद्र में रखकर किसी मध्यम आकार के शहर में इतने बड़े पैमाने पर स्थायी सड़क और पुल नेटवर्क विकसित करना देश में दुर्लभ उदाहरण है। निर्धारित समय में परियोजनाएं पूरी होने पर उज्जैन भविष्य के बड़े धार्मिक आयोजनों के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकता है।

एमपी में बड़े पैमाने पर आईएएस-आईपीएस अधिकारियों के तबादले की आहट

नए सिरे से की जाएगी कसावट, दो दिनों में आ सकती है सूची

एमपी में बड़े पैमाने पर हो सकते हैं अफसरों के तबादले

पांढुर्णा एसपी को देर रात सरकार ने हटाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में कलेक्टर-एसपी समेत आईएएस और आईपीएस अफसरों की बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की सुगबुगाहट तेज हो गई है। सीएम सचिवालय के आधिकारिक सूत्रों से मिले संकेतों के अनुसार, राज्य सरकार जल्द ही 20 से 25 आईएएस और 25 से 30 आईपीएस यानी करीब 60 से 65 अधिकारियों के तबादले कर सकती है। इस बड़े फेरबदल से ठीक पहले सरकार ने मैदानी स्तर पर सख्त एक्शन लेना शुरू कर दिया है। भोपाल में कमिश्नर और सचिव रैंक के अधिकारियों का भी ट्रांसफर होगा।

प्रशासनिक गलियारों में हलचल तेज

प्रशासनिक और राजनीतिक हलकों में इस बात की चर्चा जोरों पर है कि मुख्यमंत्री मोहन यादव के कड़े रुख और कानून-व्यवस्था की समीक्षा के बाद यह बड़ी तबादला सूची किसी भी समय सामने आ सकती है। आगामी दिनों में कई जिलों के कलेक्टर्स और बड़े जिलों के पुलिस अधीक्षकों के कार्यक्षेत्र में भी फेरबदल की पूरी संभावना जताई जा रही है। इसी कड़ी में, मध्य प्रदेश शासन के गृह विभाग ने मंगलवार देर रात एक महत्वपूर्ण आदेश जारी कर पांढुर्णा के एसपी प्रकाश सिंह परिहार को उनके पद से हटा दिया है। खास बात यह है कि यह आदेश मुख्यमंत्री मोहन यादव के पांढुर्णा दौरे से लौटने के महज दो दिन बाद जारी किया गया है।

विदिता धनखड़ को मिली पांढुर्णा की कमान

गृह विभाग के इसी आदेश के तहत सेनानी, दूसरी वाहिनी एसएएफ ग्वालियर के पद पर रहीं विदिता धनखड़ को पांढुर्णा का नया पुलिस अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, 2018 बैच की आईपीएस अधिकारी और सेनानी 13वीं वाहिनी एसएएफ ग्वालियर श्रुतकीर्ति सोमवंशी को आगामी आदेश तक उनके वर्तमान दायित्वों के साथ सेनानी, दूसरी वाहिनी एसएएफ ग्वालियर का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है। प्रशासनिक स्तर पर जिन जिलों के कलेक्टर बदले जाने की चर्चा है, उनमें हरदा, होशंगाबाद, सीहोर, बालाघाट, पांढुर्णा, मंदसौर, सिंगरौली, नीमच, खंडवा, पन्ना, जबलपुर व अन्य जिले शामिल हैं।

मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग यानी पीडब्ल्यूडी में भी प्रशासनिक व्यवस्था में बदलाव किया जा सकता है। सुखबीर सिंह फिलहाल प्रमुख सचिव, लोक निर्माण विभाग हैं। उनके पास हेल्थ विभाग की अतिरिक्त जिम्मेदारी है ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि पीडब्ल्यूडी में नए प्रमुख सचिव को पदस्थ किया जाएगा।

राजभवन में पदस्थ नवनीत कोठारी की मंत्रालय में वापसी होने की संभावना है। ऐसे में किसी दूसरे प्रमुख सचिव को उनकी जगह राजभवन में पदस्थ किया जाएगा। चंबल संभाग को जल्द नया कमिश्नर मिल सकता है। चंबल के कमिश्नर सुरेश कुमार 30 सितंबर को रिटायर हो चुके हैं। उनके रिटायरमेंट के बाद यह पद खाली है। सरकार प्रशासनिक फेरबदल के दौरान इस खाली पद पर नए अधिकारी की नियुक्ति कर सकती है। चर्चा है कि जबलपुर और नर्मदापुरम कमिश्नर भी बदले जा सकते हैं। नर्मदापुरम संभाग के वर्तमान कमिश्नर श्रीकांत बनोठ हैं। संभावित प्रशासनिक फेरबदल में यहां भी नया अधिकारी भेजा जा सकता है।

इंदौर के रेडिसन और रोबोट चौराहे पर बनेंगे फ्लायओवर

मिट्टी परीक्षण शुरू, रिंग रोड को सिग्नल-फ्री करने की तैयारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

रिंग रोड पर यातायात के बढ़ते दबाव को कम करने के लिए प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है। रिंग रोड के अधिकांश चौराहों पर पहले से ही फ्लायओवर बन चुके हैं या उनका निर्माण चल रहा है, जिसके कारण सारा ट्रैफिक अब मुख्य रूप से रोबोट और रेडिसन चौराहे पर आकर फंसता है। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए इन दोनों व्यस्त चौराहों पर 171 करोड़ की लागत से फ्लायओवर बनाने की तैयारी शुरू कर दी गई है। रोबोट चौराहे पर 94.18 करोड़ और रेडिसन चौराहे पर 76.59 करोड़ की लागत से फ्लायओवर तैयार होगा। इंदौर विकास प्राधिकरण (आईडीए) द्वारा फिजिबिलिटी और यूटिलिटी सर्वे का काम पूरा करने के बाद अब दोनों स्थानों पर मिट्टी परीक्षण (सॉइल टेस्टिंग) का कार्य शुरू कर दिया गया है। साथ ही, निर्माण एजेंसी के चयन के लिए टेंडर प्रक्रिया भी आरंभ कर दी गई है। आईडीए बोर्ड की पिछली बैठक में इन दोनों महत्वपूर्ण परियोजनाओं को प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। रिंग रोड के चार प्रमुख चौराहों पर पहले ही फ्लायओवर बन चुके हैं, जबकि मूसाखेड़ी और आईटी पार्क पर निर्माण कार्य जारी है।

महापौर का पोस्टर भी 'कचरे' में ! नियमितीकरण और 700 कर्मचारियों की बहाली की मांग

पटरी से उतरी सफाई में नंबर 1 इंदौर की सफाई व्यवस्था

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के करीब 5 हजार से अधिक सफाईकर्मी अपनी मांगों को लेकर 5 अक्टूबर से हड़ताल पर हैं और आज शहर की सफाई व्यवस्था को पटरी से उतरे तीन दिन हो चुके, लेकिन अब तक रूठे कर्मचारी मानने को तैयार नहीं।

नतीजतन पॉश कॉलोनियों से लेकर गली-मोहल्लों में जगह-जगह कचरे के ढेर लग गए। आलम यह है कि जो सड़कें सुबह से ही चकाचक नजर आती रहीं उन पर अब कचरे का ढेर नजर आ रहा। उधर, घरों से लेकर बाजारों का कचरा लेने भी गाड़ियां नहीं आ रहीं, जिससे आमजन से लेकर व्यापारी तक चिंता में हैं।

नंदा नगर, नेहरू नगर, पलासिया बाणगंगा, गौरी नगर, सोमनाथ की चाल से लेकर अन्नपूर्णा जैसे इलाकों में गंदगी पसरी है। कई स्थानों पर कचरा गाड़ियां नहीं आने से लोग खाली प्लॉटों आदि जगह कचरों का ढेर भी लगाने लगे।

उधर, कांग्रेस ने महापौर पुष्यमित्र भार्गव को घेरते हुए उनका पोस्टर ही कचरे में फेंका, जिस पर लिखा है - "इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव एक काम करो, कचरेमें जाकर डूब मरो!"... सड़कों-मोहल्लों की हालत तो सफाई ना होने से बदहाल है ही, वहीं शहर में अनेक इलाकों में लगने वाली सब्जी-फल मंडियों में फैले कचरों ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी। गौरी नगर में ही लगने वाली सब्जी मंडी, जो शाम के वक्त लगती है और रात में ही सफाई मित्र उसे चकाचक भी करते आए, अब हड़ताल के चलते वहां इतना कचरा जमा हो चुका है कि वहां से बदबू आने लगी और आसपास के रहवासी परेशान हैं, जबकि इसी के कुछ ही कदम दूरी पर पुलिस चौकी भी मौजूद है, जहां पर कुछ समय पूर्व एसपी कार्यालय खोलकर बंद किया जा चुका..!

इससे पहले सोमवार को वाल्मीकि सेना के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर नगर निगम मुख्यालय का चौतरफा घेराव किया. आंदोलनकारी सफाई कर्मियों का कहना है कि वे पिछले 23 वर्षों से नियमितीकरण और अपनी बुनियादी सुविधाओं के लिए संघर्ष कर रहे हैं। उनकी मुख्य मांग है कि निगम में एनजीओ और निजी कंपनियों के माध्यम से ठेके पर काम कराने की व्यवस्था को तुरंत बंद किया जाए और सीधे निगम के तहत स्थायी रोजगार दिया जाए। इसके अलावा, हाल ही में काम से हटाए गए 700 से अधिक कर्मचारियों को वापस नौकरी पर रखने और मेडिकल ग्राउंड पर अनुकंपा नियुक्तियां देने की मांग पर भी कर्मचारी अड़े हुए हैं।

कूनो नेशनल पार्क से दो चीते नौरादेही टाइगर रिजर्व रवाना

दैनिक अवन्तिका ▸▸ श्योपुर

देश में चीता पुनर्स्थापना का केंद्र बना कूनो नेशनल पार्क अब चीतों को देश के अन्य जंगलों में बसाने का सोर्स बन गया है। कूनो प्रबंधन ने बुधवार सुबह पार्क के दो चीतों-नर थोलो और मादा सीसीबी-3 को ट्रेंकुलाइज कर वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व (नौरादेही, सागर) के लिए रवाना किया। कूनो के टिकटोली गेट से चीतों को विशेष वाहन में शिफ्ट किया गया। इस दौरान कूनो के सीसीएफ उत्तम शर्मा, डीएफओ और वन्यजीव चिकित्सकों की टीम साथ रही। दोनों चीतों की हेल्थ पूरी तरह सामान्य है।

कूनो से तीसरी बार शिफ्टिंग

इसके पहले कूनो से ही 2 चीते गांधी सागर (मंदसौर-नीमच) भेजे गए थे, जिनमें पवन और राधा शामिल थीं। अब सीसीबी-3 जो राधा की बहन है, उसे नौरादेही भेजा गया है। स्टीयरिंग कमेटी ने नौरादेही के लिए 4 चीतों की मंजूरी दी है, पहले चरण में 2 भेजे जा रहे हैं। श्योपुर का कूनो 2022 में नामीबिया से 8 चीतों की पहली खेप आने के बाद से भारत का चीता हब बन गया है। यहां जन्मे शावकों को मिलाकर अब कूनो में चीतों की संख्या 30 के पार है, इसलिए अब इन्हें अन्य अनुकूल हैबिटेट में बसाया जा रहा है।

भाजयुमो की राजनीति में आ रहा उबाल, देरी के कारण कार्यकर्ताओं का मनोबल टूट रहा

क्या भाजपा के संगठन में सब कुछ सही नहीं चल रहा ?

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर ग्रामीण भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद को लेकर खींचतान तेज हो गई है। संगठन की घोषणा हुए एक साल बीत चुका है, लेकिन युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर अभी तक इंदौर की कार्यकारिणी तय नहीं कर पाए हैं। मुख्य मुकाबला यादव वर्सेस राजपूत समाज के बीच वर्चस्व का बनता दिख रहा है।

जातीय और क्षेत्रीय संतुलन साधने की इस कसमकश के बीच दर्जनों अन्य कार्यकर्ता भी अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं उमंग गुर्जर, आशीष सालवी, विजेंद्र जाट, विपिन राठौर, लक्की आदिवाल, विकास ठाकुर, शुभम शर्मा। एक तरफ बड़े नेताओं की गुटबाजी और जातीय वर्चस्व की जंग है, तो दूसरी तरफ सालों से दरी बिछाने वाले जमीनी कार्यकर्ता अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। अब देखना होगा कि संगठन सामंजस्य बिठाते हुए किस चेहरे पर दांव लगाता है। महू, राऊ और सांवेर विधानसभा क्षेत्रों से आने वाले युवा नेताओं की दावेदारी और सक्रियता सबसे ज्यादा है, जिसमें राऊ क्षेत्र के नाम आगे हैं।

स्थानीय स्तर पर सभी प्रमुख नेताओं से चर्चा कर एक पैनल तैयार किया जाएगा, जिसे अंतिम निर्णय और अनुमोदन के लिए भोपाल (प्रदेश संगठन) भेजा जाना है। अभी तक आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है।

राजपूत समाज (दावेदार)

अजय सिंह पवार: केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा के करीबी। यह इनका तीसरी बार का प्रयास है।

दिलीप सिंह दरबार: सांवेर विधायक तुलसी सिलावट के खास समर्थक और प्रमुख दावेदारों में शामिल।

जय बन्ना : ये भाजपा नेता सावन सोनकर के करीबी है और युवा सरपंच है ये भी अपनी दावेदारी ठोक रहे है ये भी विद्यार्थी परिषद के पूर्व कार्यकर्ता है

चुनौती व जातीय संतुलन: भाजपा के वर्तमान इंदौर ग्रामीण जिलाध्यक्ष (श्रवण सिंह चावड़ा) और युवा मोर्चा प्रदेश मंत्री (घनश्याम चौहान) दोनों राजपूत समाज से हैं। पिछले दो कार्यकाल से युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष भी राजपूत समाज से ही रहा है। ऐसे में दोबारा इसी समाज से जिलाध्यक्ष बनाना जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा के लिए सामंजस्य बिठाने की बड़ी चुनौती होगी।

यादव समाज (दावेदार)

अंतिम ठाकुर: मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समधी और जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा के करीबी माने जाते हैं। ये मजबूत दावेदार है

महेश यादव: महू विधायक उषा ठाकुर के बेहद करीबी और वर्तमान में भाजपा मंडल अध्यक्ष। उषा ठाकुर इनके लिए भोपाल तक पैरोकारी कर चुकी हैं।

अजय यादव: पूर्व मंडल अध्यक्ष और पूर्व विधायक जीतू जिराती के करीबी। राजनीतिक पेच: प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव खुद यादव समाज से आते हैं।

ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि पार्टी 'सभी समाज को साथ लेकर चलने' के सिद्धांत पर काम करती है या मुख्यमंत्री के प्रभाव के चलते पद यादव समाज की झोली में जाता है।

पोस्ट होते ही आने लगे भद्दे कमेंट

दोस्तों के साथ चाय पीने गई छात्रा की चोरी-छिपे बनाई रील्स

आरोपी गिरफ्तार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंस्टीट्यूट के बाद दोस्तों के साथ घूमने निकली छात्रा का एक युवक ने कथित तौर पर बिना अनुमति वीडियो बना लिया। इसके बाद उसने वीडियो को इंटरनेट मीडिया पर अपलोड कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद उस पर भद्दे कमेंट आने लगे। इससे परेशान छात्रा ने पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने निजता भंग करने के मामले में आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

तुकोगंज पुलिस के अनुसार छात्रा इंद्रप्रस्थ टावर के पास चाय की दुकान पर खड़ी थी, तभी आरोपित शाहबाज ने उसका वीडियो बना लिया। छात्रा को इसकी जानकारी तब हुई, जब उसका वीडियो इंटरनेट मीडिया पर अपलोड हो गया और उस पर आपत्तिजनक कमेंट आने लगे।

छात्रा ने मंगलवार को पुलिस को शिकायत दी। उसने पुलिस को बताया कि उसकी अनुमति के बिना वीडियो बनाया गया और इंटरनेट मीडिया पर पोस्ट किया गया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपित शाहबाज के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया।

मोबाइल जब्त, जांच में जुटी पुलिस

पुलिस अब यह भी पता लगा रही है कि वीडियो किस इंटरनेट मीडिया प्लेटफार्म पर अपलोड किया गया था और उसे कितने लोगों तक पहुंचाया गया। पुलिस ने आरोपित के मोबाइल की भी जांच शुरू कर दी है।

न्यूज कालम



वेतन को तरसे नपा कर्मचारी, अब पानी रोकने की चेतावनी

8 अक्टूबर को सनावद से खरगोन तक पैदल मार्च, कलेक्टर को सौंपेंगे ज्ञापन

सनावद। नगर पालिका कर्मचारियों का वेतन भुगतान नहीं होने से नाराजगी अब आंदोलन में बदलती नजर आ रही है। स्थायी कर्मचारियों को दो माह से वेतन नहीं मिला है, जबकि दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को तीन माह से भुगतान नहीं होने का आरोप है। कर्मचारियों ने पीएफ की राशि को लेकर भी सवाल उठाए हैं। अपनी मांगों को लेकर नगर पालिका कर्मचारी संघ ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। संघ के मुताबिक, पूर्व में 5 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल की सूचना दी गई थी, लेकिन मांगों का निराकरण नहीं होने पर अब आंदोलन को और व्यापक करने का निर्णय लिया गया है। संघ ने घोषणा की है कि 8 अक्टूबर को कर्मचारी सनावद से खरगोन तक पैदल मार्च कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। इसके बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 9 अक्टूबर से नगर की जलप्रदाय सेवा बंद करने की चेतावनी दी गई है। यदि जलप्रदाय सेवा बंद होती है तो इसका सीधा असर शहर के हजारों नागरिकों पर पड़ सकता है। ऐसे में कर्मचारियों का आंदोलन अब केवल वेतन भुगतान तक सीमित नहीं रहा, बल्कि शहर की पेयजल व्यवस्था पर भी संकट के बादल मंडराने लगे हैं। ज्ञापन में कर्मचारियों ने पैदल मार्च के दौरान किसी कर्मचारी के साथ अप्रिय घटना होने पर इसकी जिम्मेदारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी की होने की बात भी कही है। अब निगाहें प्रशासन पर हैं कि कर्मचारियों की मांगों का समाधान होता है या फिर वेतन का विवाद सनावद में जल संकट की वजह बनता है।

लायंस क्लब ने लगाया नि:शुल्क शुगर-ब्लड प्रेशर जांच शिविर



सनावद। लायंस क्लब सनावद स्नेह के सेवा सप्ताह के छठे दिन बुधवार को नि:शुल्क शुगर एवं ब्लड प्रेशर जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में करीब 75 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। क्लब अध्यक्ष ला. भागचंद जैन ने बताया कि सेवा सप्ताह के तहत लायंस क्लब के उद्देश्यों के अनुरूप विभिन्न सेवा गतिविधियां की जा रही हैं। जीएमटी डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला. अनिता जैन ने बताया कि शिविर में शासकीय अस्पताल की एएनएम शहनाज खान, सुपरवाइजर उमा पटेल एवं उमा पाटीदार ने लोगों की शुगर व ब्लड प्रेशर की जांच की। शिविर के आयोजन में ला. विपिन गुप्ता, ला. संजय आर्य, ला. हेमंत दातार, ला. अनिल अरझरे एवं ला. मनीष मुछाला का सराहनीय सहयोग रहा।

माताजी की स्मृति में नर्मदा न्यास को धर्मशाला हेतु 51 हजार की भेंट

बैड़िया। खरगोन निवासी मनोहर अत्रे, दिनेश अत्रे एवं महेश अत्रे ने अपनी माताजी स्व. श्रीमती धर्मिष्ठा देवी पति स्व. शोभारामजी अत्रे की स्मृति को समाजसेवा से जोड़ते हुए सराहनीय पहल की। पगड़ी रस्म के अवसर पर अत्रे परिवार ने नर्मदा न्यास बैड़िया की धर्मशाला के लिए 51 हजार की राशि चेक के माध्यम से भेंट की। यह राशि दुगार्शंकर गावशिदे, भास्कररावा बर्वे, नरेंद्र गावशिदे एवं मुकेश खेड़े को सौंपी गई। अत्रे परिवार की इस पहल की समाजजनों ने सराहना करते हुए कहा कि दिवंगत माताजी की स्मृति में किया गया यह सहयोग सामाजिक सेवा की मिसाल है। इस अवसर पर समाजजन उपस्थित रहे और स्व. धर्मिष्ठा देवी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अत्रे परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त कीं।

पीजी कॉलेज में रासेयो स्वयंसेवको ने चलाया स्वच्छता अभियान



खरगोन। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में लगभग 147 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। स्वयंसेवकों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के आसपास तथा महाविद्यालय परिसर में सफाई की। परिसर में बिखरी पॉलिथीन एवं अन्य कचरे को एकत्रित कर डस्टबिन में डाला गया। पेड-पौधों के आसपास साफ.-सफाई ट्री.गार्ड- क्यारी निर्माण किया। प्राचार्य डॉ. जीएस चौहान ने कहा कि अपने घर, आसपास के क्षेत्र तथा महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ रखना और दूसरों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना भी राष्ट्र सेवा का महत्वपूर्ण कार्य है। जिला संगठक अधिकारी डॉ. सुरेश अवासे ने कहा कि वर्तमान समय में स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। डॉ. सावित्री भगोरे ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को जन.जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बनाने का संदेश दिया था।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए तीन दिन विशेष अभियान

बुरहानपुर। मतदाता सूची में पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने के लिए जिले में 7, 8 और 9 अक्टूबर को विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित होंगे, जहां बीएलओ द्वारा नाम जोड़ने की प्रक्रिया की जाएगी। जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची का अवलोकन करें। यदि नाम दर्ज नहीं है और पात्रता रखते हैं, तो फार्म-6 में आवेदन करें। इस बार फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र नहीं लिया जाएगा। प्रशासन ने विशेष रूप से युवाओं और ऐसे पात्र नागरिकों से, जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हुआ है, इस अभियान का लाभ उठाने का आह्वान किया है।

सेवा संकल्प सभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्बोधन के बाद निकली विधानसभावार सेवा ज्योति मशाल यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ आलीराजपुर



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के लोकसेवक के रूप में 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बुधवार को आलीराजपुर के रामदेव वाटिका समाधि स्थल पर भव्य सेवा संकल्प सभा का आयोजन किया गया। सभा में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे 5 हजार से अधिक भाजपा कार्यकर्ताओं, ग्रामीणजनों एवं जिलेवासियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का वर्चुअल उद्बोधन सुना। प्रधानमंत्री के संबोधन के दौरान पूरा परिसर उत्साह, जोश और राष्ट्रभक्ति के नारों से गूंज उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री श्री नागरसिंह चौहान, सांसद श्रीमती अनिता चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष श्री संतोष (मकू) परवाल, जिला प्रभारी श्री दिलीप पटोदिया, विशाल रावत माधोसिंह डावर सहित मंचासीन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। इसके पश्चात भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री नितिन नवीन का वर्चुअल संबोधन हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक सेवक के रूप में 25 वर्षों की सेवा यात्रा, सुशासन, जन कल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्र निर्माण के संकल्पों का उल्लेख करते हुए कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों का मार्गदर्शन किया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष के संबोधन के पश्चात प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का ऊजार्वान एवं प्रेरणादायी उद्बोधन प्रारंभ हुआ। जैसे-जैसे प्रधानमंत्री ने राष्ट्र निर्माण, विकसित भारत और 2047 के भारत के संकल्प की बात रखी, सभा में मौजूद हजारों लोगों में उत्साह का संचार होता गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संकल्प दिए जाने के साथ ही आलीराजपुर में भी कार्यकर्ताओं और उपस्थित नागरिकों ने जोरदार के नारे लगाए। पूरा रामदेव वाटिका परिसर नारों से गूंज उठा और वातावरण पूरी तरह मोदीमय हो गया। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य केवल सरकार का नहीं, बल्कि देश के प्रत्येक नागरिक का संकल्प है। उन्होंने देशवासियों का आह्वान करते हुए कहा कि 140 करोड़ भारतीय अपनी सामूहिक शक्ति, दूरदर्शी नीतियों और कठोर परिश्रम के बल पर विकसित भारत के संकल्प को साकार करेंगे। प्रधानमंत्री के इस आह्वान के साथ ही सभा में उपस्थित लोगों ने हाथ उठाकर विकसित भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाने तथा राष्ट्रहित में निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

जिले में मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए 7, 8 व 9 अक्टू. को विशेष अभियान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

भारत निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार जिले के पात्र नागरिकों के नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए 7, 8 एवं 9 अक्टूबर को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान आयोजित किया जाएगा। अभियान के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा की जाएगी।

प्रशासन द्वारा जिले के सभी नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने संबंधित मतदान केंद्र पर पहुंचकर मतदाता सूची का अवलोकन अवश्य करें। यदि किसी नागरिक का नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं है और वे निर्धारित पात्रता रखते हैं, तो अपना नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 में आवेदन जरूर करें। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फार्म-6 के साथ घोषणा पत्र नहीं लिया जाएगा, जिसके संबंध में सभी बूथ लेवल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही जारी कर दिए गए हैं।

प्रशासन ने विशेष रूप से युवाओं एवं ऐसे सभी पात्र नागरिकों से आह्वान किया है, जिनकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक हो चुकी है और जिनका नाम अभी तक मतदाता सूची में दर्ज नहीं हुआ है, कि वे इस विशेष अभियान का पूरा लाभ उठाएं। अपने निकटतम मतदान केंद्र पर पहुंचकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी करें। इसके साथ ही, सभी राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों से भी आग्रह किया गया है कि वे अपने-अपने बूथ लेवल एजेंटों के माध्यम से इस महत्वपूर्ण कार्य में सहयोग करें और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें ताकि कोई भी पात्र मतदाता छूट न पाए।

सेवा ज्योति यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी के विकसित भारत का संकल्प दोहराया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खरगोन



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा ज्योति यात्रा का समारोहपूर्वक शुभारंभ किया। उत्कृष्ट स्कूल परिसर में आयोजित समारोह के दौरान सुबह 10 बजे पीएम मोदी के नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम से देश को किए संबोधन का सीधा प्रसारण एलईडी के माध्यम से देखा गया।

इस दौरान भाजपा प्रदेश महामंत्री सुमेर सिंह सोलंकी, भाजपा जिलाध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, विधायक बालकृष्ण पाटीदार, विधायक राजकुमार मेव, सचिन बिरला, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष नारायण पाटिदार,सेवा संकल्प अभियान जिला संयोजक विवेक भटोरे, जिला पंचायत अध्यक्ष अनुबाई तंवर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी, पूर्व विधायक बाबूलाल महाजन, कलेक्टर गुरु प्रसाद, एसपी रविंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता-पदाधिकारी, हितग्राही एवं आमजन मौजूद रहे।

पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने लगातार 25 वर्षों तक सरकार के मुखिया के रूप में देश की सेवा की है। यह देश की जनता का आशीर्वाद है। पीएम मोदी ने कहा भारत को नई बुलंदियों पर पहुंचाने के लिए जो जोश और जज्बा चाहिए, वो एक ही संदेश देता है कि हम करके रहेंगे, आई वील डू ईट। उन्होंने 140 करोड़ देशवासियों की ताकत पर भरोसा जताते हुए 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को दोहराया। आई वील डू ईट।

दूरस्थ ग्रामों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने सांसद पटेल ने वितरित किए पानी के टैंकर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी



सांसद सेवा केंद्र, बड़वानी पर भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद श्री गजेन्द्रसिंह पटेल ने बड़वानी विधानसभा क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामों में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से पानी के टैंकरों का वितरण किया।

इस अवसर पर ग्राम देवगढ़, रोसमाल, आबादगढ़, मतरकुंडी, गोलपाटीवाड़ी, बजट्टा खुर्द, अंजराड़ा, धमौड़ी, रोसर, पखाल्या, सिलावद, रेहगुन, डोंगरगांव एवं रानीपुरा ठान ग्राम पंचायतों को पेयजल टैंकर उपलब्ध कराए गए।

इस अवसर पर सांसद श्री गजेन्द्रसिंह पटेल ने कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्राथमिकता है। ग्रामीण परिवारों को सामाजिक धार्मिक कार्यक्रमों में पेयजल के लिए किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए आवश्यकता के अनुरूप टैंकर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत आवश्यकताओं के समाधान के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत आवश्यकता को लेकर प्रशासन, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम पंचायतों के समन्वय से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएंगी, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों में भी ग्रामीणों को समय पर पेयजल उपलब्ध हो सके।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल, भाजपा जिला महामंत्री श्री भागीरथ कुशवाह, जिला मंत्री श्री रविंद्र कुलकर्णी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष श्री निशांत पवार सहित भाजपा पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, कार्यकर्ता एवं संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच उपस्थित रहे।



अंडर-17 एवं अंडर-19 वॉलीबॉल में दोनों टीमों ने जीते स्वर्ण पदक

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंडलेश्वर

नर्मदा सहोदया स्कूल्स, खरगोन द्वारा श्री कंवरतारा पब्लिक स्कूल, मंडलेश्वर में आयोजित वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सांदीपनी एकेडमी, मंडलेश्वर की छात्राओं ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में सांदीपनी एकेडमी की अंडर-17 एवं अंडर-19 गर्ल्स वॉलीबॉल टीमों ने अपने-अपने वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किया।दोनों आयु वर्गों में स्वर्ण पदक जीतना सांदीपनी एकेडमी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के दौरान बेहतरीन खेल कौशल, आत्म विश्वास, अनुशासन और मजबूत टीम भावना का परिचय दिया। कड़े मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए दोनों टीमों ने चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। अंडर-17 गर्ल्स टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान एवं स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

सेवा ज्योति से गूंजा विकसित भारत का संकल्प, बड़वानी में जुटे हजारों कार्यकर्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़वानी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा बुधवार को जिला मुख्यालय बड़वानी स्थित निजी रिसोर्ट में च्विकसित भारत संकल्प सभाज एवं च्सेवा ज्योति संकल्प यात्राज का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले की चारों विधानसभा बड़वानी, राजपुर, सैंधवा एवं पानसेमल से बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, हितग्राही, विशिष्टजन, आमजन एवं मातृशक्ति शामिल हुए।

जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि कार्यक्रम लोकसभा सांसद एवं भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री गजेंद्र सिंह पटेल के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव, पानसेमल विधायक श्याम बर्डे, पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रेमसिंह पटेल, सेवा संकल्प अभियान के जिला प्रभारी विकास आर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष बलवंत सिंह पटेल, राजपुर विधानसभा के नेता अंतरसिंह पटेल, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश खंडेलवाल, कमलनयन इंगले, जिला महामंत्री भागीरथ कुशवाह एवं सचिन चौहान मंचासीन रहे। जिला कलेक्टर जयति सिंह की भी गरिमामय उपस्थिति रही। जिला पंचायत सीईओ अर्पित गुप्ता, नगर पालिका सीएमओ सोनाली शर्मा सहित अनेक जिला अधिकारी भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा मां सरस्वती, भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके पश्चात कन्या पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

सुबह 10 बजे दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन का जिला मुख्यालय स्थित आयोजन स्थल पर विशाल एलईडी स्क्रीन के माध्यम से सीधा प्रसारण किया गया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन एवं जनसेवा से जुड़े कार्यों पर प्रकाश डाला। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संबोधित करते हुए वर्ष 2047 तक विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की चर्चा की। उन्होंने अपनी सार्वजनिक यात्रा का श्रेय देश की जनता को देते हुए राष्ट्र प्रथम के संकल्प को दोहराया। आपनें कहा कि वे न रुकेंगे, न थकेंगे और न पथ से डिगेंगे।

बुरहानपुर में गूंजा विकसित भारत-2047 का संकल्प

बुरहानपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने पर 7 अक्टूबर को बुरहानपुर विधानसभा में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। विधायक अर्चना चिटनिस ने जन प्रतिनिधियों, भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ सहभागिता कर पीएम के संबोधन का सामूहिक श्रवण किया। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि माँ भारती की गोद में पलने-बढ़ने का सौभाग्य मिलना ऋण है, जिसे कर्तव्य की पराकाष्ठा से चुकाना है। उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास' को सुशासन का आधार और 'सबका प्रयास' को देश की प्रगति का मूल बताया। उन्होंने कहा कि भारत को नई बुलंदियों तक पहुंचाने का जोश यही कहता है - वी विल डू इट- हम करके रहेंगे।

चारों विधानसभाओं में पहुंची सेवा संकल्प ज्योति कलश यात्रा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मनावर

भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण धार जिले द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित च्सेवा संकल्प ज्योति कलश यात्राज का ७ अक्टूबर को जिले की चारों विधानसभा क्षेत्रों–मनावर, कुक्षी, गंधवानी एवं धरमपुरी–में आगमन हुआ। इसके पश्चात जिला मुख्यालय धार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों ने सहभागिता की। जिला स्तरीय कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, धार विधायक नीना वर्मा, भाजपा जिला संगठन प्रभारी राधेश्याम यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष निलेश भारती, भाजपा ग्रामीण जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार सहित जिले के जन प्रतिनिधि एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। भाजपा जिला अध्यक्ष चंचल पाटीदार के निर्देशन एवं जिला संयोजक विनोद शर्मा के मार्गदर्शन में भाजपा ग्रामीण धार जिले में सेवा संकल्प ज्योति कलश यात्रा का आयोजन किया गया। विधानसभा स्तर पर यात्रा की जिम्मेदारी क्रमशः कुक्षी विधानसभा में भाजपा प्रदेश मंत्री जयदीप पटेल, गंधवानी विधानसभा में जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेड़ा, धरमपुरी विधानसभा में विधायक कालूसिंह ठाकुर तथा मनावर विधानसभा में जिला पंचायत सदस्य शिवराम कन्नौज को यात्रा संयोजक बनाना गया।

पश्चिम रेलवे

अनुरक्षण कार्य

मुख्य अभियंता, पश्चिम रेलवे, चर्चगेट, **ई-निविदा सं. W641-22-26-02A** दिनांक **01-10-2026** आमंत्रित करते हैं।
निविदा विवरण: पश्चिम रेलवे में पांच वर्ष की अवधि के लिए TRT- 6190020 के संचालन और अनुरक्षण (रखरखाव) के साथ-साथ ओवरहॉलिंग का कार्य।
कुल निविदा मूल्य: ₹ 19,45,22,947.28/- (सभी सहित)
बोली सुरक्षा राशि: ₹ 38,90,500/-
ई-निविदा बंद होने की तिथि: 27.10.2026 को 11:00 बजे
अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जाएं। 0667
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

ऑल इज वेल हॉस्पिटल ने लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, 137 मरीजों ने उठाया लाभ

बुरहानपुर। ऑल इज वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा ६ अक्टूबर को ग्राम मोहम्मदपुर / बजरंगपुर जिला खरगोन में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 137 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। हॉस्पिटल के जनरल फिजिशियन डॉ. अकरम खान ने मरीजों को परामर्श दिया और मौसमी बुखार से बचाव को लेकर आवश्यक सलाह दी। शिविर में सभी मरीजों का निःशुल्क जनरल चेकअप एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हॉस्पिटल संचालक कबीर चौकसे के दिशा-निर्देशन में सफलतापूर्वक किया गया।

पश्चिम रेलवे
सामग्री प्रबंधन विभाग
विविध सामग्री आपूर्ति
ई–प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना सं. S/59/2026 दिनांक 01.10.2026

क्र.सं.	निविदा सं.	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	टी.ओ.डी.
480	26261002	कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट (CGRSP) आर.डी.एस.ओ. ड्राइंग सं. RT-6618 की आपूर्ति के लिए एक वर्ष का रनिंग अनुबंध	2500000 नग	24-नव-26
481	22265056	कैब विंडो असेंबली	490 नग	30-अक्टू-26
482	22265084	फील्ड वीकोंनिंग रेजिस्टर (RS) का सेट	20 नग	29-अक्टू-26
483	22262067	M48 किट	106 सेट	29-अक्टू-26

शुद्धिपत्र
कृपया निविदा सूचना सं. S-54-2026 दिनांक: 09.09.2026 के क्रम सं. 432 में निविदा सं. 26257013C के लिए, IREPS में आपूर्ति की दर हेतु संशोधित विशेष शर्तों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।
कृपया निविदा सूचना सं. S/57/2026 दिनांक: 25.09.2026 के क्रम सं. 463 के लिए नियत तिथि को '02.11.2026' पढ़ें।
विस्तृत सूचना, ईएमडी (EMD), खरीद प्रतिबंधों एवं विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in और wr.indianrailways.gov.in पर जाएं। 0666
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly • हमें फ़ॉलो करें : X.com/WesternRly

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने मेसर्स के.डी. इन्टरप्राईजेस (एक पार्टनरशिप फर्म), पान नो. एबीएफएफके 2109 क, पता 117, एक्स त्रीवेणी कॉलोनी, इन्दौर (म.प्र.), तर्फे साझेदारगण श्री दिनेश माखीजा पिता श्री किशनदास माखीजा एवं श्री मनीष सितलानी पिता श्री अमरलाल सितलानी, के संयुक्त स्वामित्व एवं आधिपत्य की व्यवसायिक व्यपवर्तित भूमि, जो कि ग्राम राहूखेड़ी, पटवारी हल्का नंबर 26/2 पुराना, 72 नया, तहसील सांवेर एवं जिला इन्दौर (म.प्र.) में स्थित है, सर्वे नंबर 72/7/3 ख पैकी (बटांकन पश्चात सर्वे नंबर 72/7/3/2), कुल रकबा 0.93 हेक्टेयर अर्थात 930 वर्गमीटर, को क्रय करने का विक्रय अनुबंध मेरे पक्षकार द्वारा कर लिया गया है तथा आशिंक राशि अदा कर दी है, शेष राशि अदा कर ई विक्रय पत्र का पंजीयन कराया जाना है। उक्त भूमि व्यवसायिक उपयोग की होकर मौके पर गोदाम निर्मित एवं स्थित है।

उक्त वर्णित संपत्ति की चतु:सीमा निम्नानुसार है :- पूर्व में :- अन्य सर्वे क्रमांक की भूमि। पश्चिम में :- सर्वे क्रमांक 72/7/3 पैकी की भूमि। उत्तर में :- रास्ता । दक्षिण में :- सर्वे क्रमांक 72/1/2 एवं 72/1/3 की भूमि।

अतः उक्त वर्णित संपत्ति पर किसी भी बैंक, पेढी, निगम, वित्तीय संस्था आदि का कोई ऋण, भार, बकाया हो, उक्त वर्णित संपत्ति में किसी अन्य का कोई हक, हित, हिस्सा व सुखाधिकार हो या इस विक्रय बाबत किसी को कोई आपत्ति आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना से 7 (सात) दिवस के अंदर अपनी आपत्ति मय लैखी प्रमाण सहित मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करे ताकि उसका उचित निराकरण किया जा सके अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात मेरे पक्षकार अपने हित में उक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र निष्पादित व पंजीयन करवा लेवेगे व किसी की कोई आपत्ति आदि मान्य नहीं होगी। सो सूचित हो। दिनांक-06.10.2026 इंदौर

गौरव गौदावत (जैन), एडव्होकेट
दुकान नंबर - डीएफ-7, भरतपुरी शांपिंग
काम्पलेक्स, देवास रोड उज्जैन
मोबाईल नंबर- 99260-68606

न्यूज -कॉलम

साइबर ठगों ने 2 लोगों के खाते से उड़ाये 1 लाख



उज्जैन। साइबर ठगों द्वारा हर दिन लोगों के साथ ऑनलाइन धोखाधड़ी को अंजाम दिया जा रहा है। बुधवार को जीवाजीगंज थाना पुलिस ने ईश्वर पिता सत्यनारायण शर्मा निवासी ज्ञान टेकरी की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ खाते से 49 हजार 999 रूपये का ट्रांजेक्शन करने का प्रकरण दर्ज किया है। इससे पहले मंगलवार को जीवाजीगंज थाना क्षेत्र के भैरूनाला क्षेत्र में रहने वाले संजय पिता जगदीश कलोसिया के खाते से 49 हजार 999 रूपये निकालकर धोखाधडी करने का मामला दर्ज किया गया था। दोनों मामलों में शिकायत करने वालों का कहना था कि उन्होने किसी को अपनी जानकारी शेयर नहीं की थी, ना ही ओटीपी बताया था। उन्हे मोबाइल पर खाते से ट्रांजेक्शन होने का मैसेज मिला तो धोखाधडी का पता चला। पुलिस के अनुसार मामले में प्रकरण दर्ज कर बैंकों से जानकारी मांगकर जानकारी जुटाई जा रही है कि दोनों खातों से निकली राशि किस खाते में गई है। गौरतलब हो कि साइबर ठगी करने वाले हर दिन लोगों के खातों से हजारों-लाखों का अवैध तरीके से ट्रांजेक्शन कर रहे है। साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज होने के बाद मामले पुलिस के पास जांच के लिये पहुंच रहे है।

मृतक की नहीं हुई पहचान हाथ पर गुदा कालू- किरण

उज्जैन। क्षिप्रा नदी रामघाट पर मंगलवार को नहाते समय एक युवक डूब गया था। मां क्षिप्रा तैराक दल के गोताखोरों ने उसका शव बाहर निकाला था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया था। मृतक के कपडे घाट की सीढियों पर मिले थे। लेकिन उसमें पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला थ। महाकाल पुलिस ने आसपास के थानों से गुमशुदा लोगों की जानकारी मांगी थी। बुधवार दोपहर तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई। एसआई के. के. मालवीय ने बताया कि पोस्टमार्टम के दौरान मृतक के हाथ पर कालू-किरण गुदा हुआ सामने आया। पहचान नहीं होने पर पोस्टमार्टम के बाद शव को दफनाया गया है। जिले के साथ संभाग में मृतक का फोटो पुलिस ग्रुप पर भेजा गया है। परिजनों के मिलने पर ही मृतक के संबंध में जानकारी स्पष्ट हो पायेगी।

महिला की मौत के मामले में बाइक चालक पर केस दर्ज

उज्जैन। माकडोन थाना क्षेत्र के ग्राम कपेली और मानपुर जोड के बीच अहिल्या बावडी घाट के पास 6 सितंबर को दुर्घटना में आरती पति अशोक मालवीय 35 साल निवासी लालाखेडी की मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया था। एक माह की जांच के बाद एसआई आरसी दलोदिया ने मामले में बाइक चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाकर महिला की जान लेने का प्रकरण धारा 106 (1) भारतीय न्याय संहिता में दर्ज किया है। एसआई दलोदिया के अनुसार आरती मालवीय पति के साथ बाइक से जा रही थी उसी दौरान पीछे से उसे बाइक चालक ने टक्कर मार दी थी। गिरने पर सिर में लगी चोंट की वजह से उसकी मृत्यु हुई थी। चालक को गिरफ्तार कर बाइक जप्त की जायेगी। एक अन्य दुर्घटना के मामले में तराना थाना एएसआई ढालसिंह चौहान ने बताया कि 8 सितंबर को सालाखेडी जोड कानीपुरा मार्ग पर सडक दुर्घटना में ईश्वर पिता रमेशचंद्र परमार 30 साल निवासी इंद्राकालोनी तराना की मौत हो गई थी। उक्त मामले में बाइक चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। ईश्वर परमार पैदल घर लौट रहा था, उसी दौरान पीछे से बाइक चालक ने टक्कर मारी थी।

शराब के रूपये नहीं देने पर बदमाश ने किया हमला

उज्जैन। खाराकुआ थाना क्षेत्र की जामा मस्जिद के पास बीती रात शाबीर उर्फ छोटू पिता सुजीबुर्रहमान हुसैन निवासी हेलावडी और साहिल पिता जुबेर खान को एक बदमाश ने रोका और शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये मांगने लगा। दोनों ने बदमाश को रूपये देने से मना किया तो विवाद शुरू हो गया। बदमाश ने चाकू से साहिल पर वार कर दिया। वहीं शाबीर के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला। खाराकुआ थाना पुलिस ने बदमाश के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू की है।

दिन	456-5	130-4
मेन बाजार	469-9	230-5
कल्याण नाइट	579-1	158-4
मिलन डे	458-7	889-5
मिलन नाइट	490-3	340-7
मधुर डे	229-3	120-3
मधुर नाइट	358-6	890-7
शुभांक	6 2	7

व्यापारी की शिकायत पर 23 दिन बाद दर्ज हुआ प्रकरण.....

ट्रक चालक ने ठिकाने लगाई 32 क्विंटल मूंगफली

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

व्यापारी ने 23 दिन पहले ट्रक चालक के साथ लाखों रूपये की मंगूफली चित्तौडगढ़ और ब्यावर के लिये रवाना की। चार दिन बाद भी ट्रक ठिकाने पर नहीं पहुंचा तो व्यापारी ने तलाश शुरू की। चालक का ता नहीं चलने पर मामले की शिकायत पुलिस की। चालक के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज किया है।

खाचरौद के आदेश्वर गली में रहने वाला मोहम्मद आवेश पिता मोहम्मद रईस पटेल उन्हेल थाना क्षेत्र के पिपलिया मोलू चौराहा से मूंगफली का कारोबार करता है। उसका माल मध्यप्रदेश से राजस्थान तक पहुंचता है। 19 सितंबर को उसने 32 क्विंटल मूंगफली ट्रक चालक ज्ञानचंद मीणा निवासी सवाई माधोपुर के साथ चित्तौडगढ़ और ब्यावर के लिये रवाना की थी। चार दिन बाद मूंगफली संबंधित व्यापारियों तक नहीं पहुंची तो उन्होने मोहम्मद आवेश से संपर्क किया। चालक की जानकारी जुटाई गई तो वह लापता था। उसका मोबाइल भी स्वीच ऑफ मिला। कुछ दिनों तक चालक का पता लगाया गया लेकिन नहीं मिलने पर लिखित शिकायत उन्हेल थाना पुलिस से की गई। पुलिस ने सभी तथ्यों को एकत्रित करने के बाद 6 अक्टूबर की रात मामले में चालक के खिलाफ अमानत में खयानत का प्रकरण दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी चालक का पता लगाया जा रहा है। एक टीम सवाई माधोपुर भेजी जायेगी।


फाइल फोटो

दूसरी जगह ठिकाने लगाने की आशंका

माना जा रहा है कि चालक ने 32 क्विंटल मूंगफली उन्हेल से भरने के बाद किसी दूसरी जगह ठिकाने लगा दी है। मूंगफली की कीमत 1 लाख 21 हजार रूपये से अधिक है। लाभ कमाने के उद्देश्य से चालक ने अमानत में खयानत को अंजाम दिया है। उसकी गिरफ्तारी के बाद पुलिस उस स्थान तक पहुंचेगी, जहां उसने मूंगफली को ठिकाने लगाया है, जिसकी बरामदगी के प्रयास भी किये जायेगें।

देशभर में घूमता रहा है चालक

बताया जा रहा है कि चालक राजस्थान ट्रांसपोर्ट का ट्रक चलाता है। वह देश के अलग-अलग हिस्सों में जाता है। जहां माल की डिलेवरी देना होती है वहां से दूसरे राज्य का माल भरकर डिलेवरी के लिये निकल जाता है। वह महीने में एक-दो बार ही घर लौटता है। उन्हेल पुलिस को उसका पता लगाने में समय लगा सकता है।

यमदूत बन दौड रहे वाहन, फिर गई युवक की जान



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

शहर और आसपास के मार्गो पर वाहन यमदूत बनकर दौड रहे है। मंगलवार-बुधवार रात बडनगर मार्ग पर फिर एक युवक की जान चली गई और दूसरा गंभीर घायल हो गया। पुलिस मौके से भागे वाहन की तलाश कर रही है।

बडनगर का रहने वाला जाहिद पिता वाहिद खान 22 साल और वसीम पिता वकील खान 20 साल मिस्त्री का काम करते थे। उज्जैन में काम के लिये आये थे और रात में वापस बाइक से लौट रहे थे।

चंदूखेडी के समीप अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में दोनों गंभीर घायल गये थे। उन्हे एम्बुलेंस से चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद जाहिद को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में युवक की मौत होने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल से पूछताछ के बाद परिजनों को सूचना दी। बुधवार सुबह मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। घायल का उपचार चल रहा है। चिंतामण थाना पुलिस के अनुसार मामले में मर्ग कायम किया गया है। वाहन अज्ञात है, जिसका पता लगाया जायेगा।

एक दिन पहले दरगाह मंडी पर दुर्घटना

रात में हुई दुर्घटना से पहले सोमवार-मंगलवार रात दरगाह मंडी चौराहा पर बाइक सवार 2 दोस्तों को अज्ञात ट्रेक्टर चालक ने कुचल दिया था। बापूनगर में रहने वाले दीपक सोनी की मौत हो गई थी और उसका दोस्त आकाश सूर्यवंशी घायल हुआ था। चिमनगंज थाना पुलिस ने मौके से भागे ट्रेक्टर और चालक की तलाश शुरू की थी लेकिन बुधवार शाम तक चालक का पता नहीं चल पाया। इससे पहले भी देवासरोड पर दुर्घटना में 2 लोगों की मौत हो चुकी है।

आनंदम संगीत परिवार का प्रथम संगीत समारोह आज

उज्जैन। संगीत प्रेमियों के लिए आनंदम संगीत परिवार द्वारा एक विशेष एवं मनमोहक संगीतमय संध्या का आयोजन 8 अक्टूबर को कालिदास अकादमी, उज्जैन में किया जा रहा है। यह आनंदम संगीत परिवार का प्रथम संगीत समारोह है, जिसका उद्देश्य संगीत के माध्यम से लोगों को जोड़ना, नवोदित कलाकारों को मंच प्रदान करना और संगीत के प्रति प्रेम एवं उत्साह को नई ऊर्जा देना है। कार्यक्रम के प्रमुख अतिथि के रूप में डॉक्टर सलूजा जी एवं श्री महेश सितलानी जी उपस्थित रहेंगे। उनकी गरिमामयी उपस्थिति कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी।

इस विशेष संगीतमय आयोजन का संयोजन एवं आयोजन श्री सुरेश सरवटे जी के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। उनके साथ श्री रविंद्र मालवीय जी एवं श्रीमती सुनीता बैरागी जी आयोजक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जबकि श्रीमती हेमा गडकरी जी सह-आयोजक के रूप में कार्यक्रम को दिशा एवं सहयोग प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम में आनंदम संगीत परिवार के प्रतिभाशाली कलाकारों द्वारा एकल एवं युगल गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी। इसके साथ ही संगीत से जुड़े रोचक एवं मनोरंजक आयोजन भी होंगे, जो श्रोताओं को पूरे कार्यक्रम से जोड़े रखेंगे।आनंदम संगीत परिवार की विशेषता यह है कि यह केवल मंच पर प्रस्तुति देने वाला समूह नहीं, बल्कि संगीत के माध्यम से दिलों को जोड़ने वाला एक परिवार है।

लापता नाबालिग को 3 माह बाद किया दस्तयाब

उज्जैन। भैरवगढ थाना क्षेत्र से 3 माह पहले 13 साल की नाबालिग लापता हो गई थी। परिजनों ने नहीं मिलने पर पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया था, बालिका का पता लगाने के लिये थाना प्रभारी शैलेन्द्र प्रताप सिंह राजावत ने एएसआई राजेश सोराष्ट्री, आरक्षक जीवन कटारिया और महिला पूजा शर्मा की टीम गठित की थी। 3 माह बाद पता चला कि नाबालिग अपने घर पर ही है। पुलिस पहुंची और नाबालिग को दस्तयाब कर थाने लाया गया। जहां बयान दर्ज करने पर उसने बताया कि 8 जुलाई को बुधवारिया में रहने वाली नानी के घर गई थी। जहां से वापस लौट आई थी। पुलिस ने परिजनों से वापस आने की जानकारी नहीं देने के संबंध में पूछताछ की तो उन्होने सूचना नहीं देने की गलती मानी और बालिका के सुरक्षित होने की बात कहीं। पुलिस ने बालिका के कोर्ट में बयान दर्ज कर परिजनों को सौंप दिया।

दुपट्टे का फंदा बनाकर युवती ने लगाई फांसी

उज्जैन। किशनपुरा में रहने वाली युवती ने मंगलवार रात दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। परिजन उसे अस्पताल लेकर पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि आत्महत्या से पहले उसने सुसाइड नोट लिखा था। माधवनगर थाना पुलिस ने बताया कि किशनपुरा में रहने वाली सुमन पिता कमल गोठवाल 28 साल ने कमरे में पंखे से दुपट्टा बांध फंदा गले में डाला था। भाई आकाश कमरे में पहुंचा तो उसने बहन का लटका देखा। उसे परिजनों ने नीचे उतारा और चरक अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर मर्ग कायम कर बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया गया। बताया जा रहा है कि युवती ने सुसाइड नोट लिखा था। जिसमें अपनी मर्जी से आत्महत्या करने और किसी को दोष नहीं होने की बात लिखी गई। परिजनों ने एक युवक पर आरोप लगाया है। माधवनगर थाना प्रभारी गजेन्द्र पचौरिया के अनुसार परिजनों के बयान दर्ज कर सुसाइड नोट जप्त किया जायेगा। उसके बाद आगे की कार्रवाई शुरू की जायेगी।

रात में फोड़े कांच सुबह गिरफ्त में आया बदमाश



उज्जैन। रात में कारों के कांच फोडने वाला बदमाश सुबह चंद घंटों बाद पुलिस की गिरफ्त में आ गया। जिसके खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया गया है। महाकाल थाना पुलिस ने बताया कि मुल्लापुरा में बीती रात 3 कारों के कांच अज्ञात बदमाश द्वारा फोड दिये गये थे। मामले की शिकायत राजेश पिता जगदीश प्रजापत की ओर दर्ज की गई थी। थाना प्रभारी गगन बादल ने कांच फोडने वाले की तलाश में एसआई के.के. मालवीय, प्रधान आरक्षक शैलेष योगी, आरक्षक लक्षदीप और अभिषेक की टीम बनाई थी। सुबह चंद घंटों में पुलिस टीम ने कांच फोडने वाले की पहचान क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से कर ली। जिसे गिरफ्तार किया गया है। आरोपी पवन उर्फ अक्षय पिता ओमप्रकाश मांझी निवासी मुल्लापुरा का रहने वाला है। उसने नशे की हालत में कांच फोडने की घटना को अंजाम दिया था। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

एनवीडीए की पाईप लाईन के 5 नोजल से त्रिवेणी बैराज में पानी की आवक जारी....

नर्मदा के डेढ़ एमसीएम जल में होगा शनिश्चरी अमावस्या पर श्रद्धालुओं का स्नान

कान्ह की आवक नहीं होने के बाद भी नर्मदा के जल का बाद में उपयोग पर संशय

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सर्वपितृ मोक्ष एवं शनिश्चरी अमावस्या के संयोग के चलते 10 अक्टूबर शनिवार को इंदौर रोड त्रिवेणी पर श्रद्धालु स्नान के लिए पहुंचेंगे। इस बार बारिश सामान्य से आधी होने के कारण मानसून के बावजूद मोक्षदायिनी शिप्रा नदी में पानी नहीं है। अमावस्या स्नान के लिए श्रद्धालुओं के बडी संख्या में आने को देखते हुए नर्मदा से डेढ मिलियन क्यूबिक मीटर पानी लिया जा रहा है। पानी की आवक शुरू हो चुकी है। स्नान के बाद इस पानी के अन्य उपयोग को लेकर संशय की स्थिति सामने आ रही है।

10 अक्टूबर शनिवार को अमावस्या पर तीन योगों का संयोग रहने वाला है। शनिश्चरी अमावस्या पर वैसे भी त्रिवेणी स्नान का महत्व और स्नान की परंपरा रही है। ऐसे में इस बार विशेष संयोग में स्नान के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। इसके लिए प्रारंभिक स्तर पर त्रिवेणी बैराज में पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। स्नान के लिए नर्मदा का डेढ एमसीएम पानी लिया जा रहा है।

पाईप लाईन की 5 नोजल से आ रहा पानी- नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण ने उज्जैन के त्रिवेणी स्थित मोक्ष धाम के पास तक नर्मदा की पाईप लाईन डाली हुई है। यहां लाईन में 5 नोजल 300 मिलीमीटर के लगे हुए हैं। स्नान के लिए पीएचई नगर



निगम एवं प्रशासन की पहल पर एनवीडीए ने मंगलवार अपराह्न से पानी भेजने की शुरूआत कर दी है। इन नोजलों से बराबर पानी आ रहा है जो सीधे त्रिवेणी बैराज में एकत्रित हो रहा है। इसी बैराज में एकत्रित पानी से श्रद्धालुओं के शनिश्चरी अमावस्या पर विशेष संयोग अंतर्गत स्नान करवाया जाना है। अधिकारिक स्तर पर इसकी पुष्टि की जा रही है।

नहीं मिल रहा कान्ह का पानी - अगर सूत्रों की माने तो बताया जा रहा है कि अभी कान्ह का पानी वर्तमान में शिप्रा के त्रिवेणी बैराज में नहीं मिल रहा है। अस्थाई मिट्टी के डेम से पानी अपने दायरे में ही है और उसे पिपल्या राघौ डायवर्शन लाईन में ही छोडा जा रहा है।

इस पानी को क्षेत्र के किसान भी उपयोग में ले रहे हैं। इसके चलते कान्ह के पानी की आवक त्रिवेणी बैराज में रूकी हुई हैं।

स्नान के बाद पानी उपयोग पर संशय- इधर बताया जा रहा है कि स्नान के लिए नर्मदा के छोडे जा रहे डेढ एमसीएम पानी का बाद में उपयोग पर संशय है। उसके पीछे कारण यह बताया जा रहा है कि इस मानसून के दौरान नदी में तेज बहाव का अभाव रहा है। इस बीच कान्ह का जहरीला पानी भी नदी में पिछले समय का विभिन्न बैराजों तक पहुंचा है और जिससे शिप्रा के त्रिवेणी,गऊघाट सहित अन्य आगे के बैराज में पुरानी गंदगी बराबर जमी हुई है। इसके चलते अगर स्नान के बाद यह पानी आगे छोडा जाता है तो बैराज की गंदगी युक्त हो जाएगा।ऐसे में इसके अगले उपयोग को लेकर संशय की स्थिति पीएचई विभाग से जुडे अधिकारी बता रहे हैं।

आदेश हुए नए ईई 4 दिन बाद भी नहीं पहुंचे- मध्यप्रदेश शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने 3 अक्टूबर को एक आदेश जारी कर 77 प्रभारी कार्यपालन यंत्रियों के तबादले किए हैं। इसी में सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य एवं यांत्रिकी उपखंड खरगौन एवं कार्यपालन यंत्री खरगौन का अतिरिक्त प्रभार देख रहे है राहुल सुर्यवंशी को कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी संधारण खंड नगर निगम उज्जैन बनाकर भेजा गया है। वर्तमान में इस पद का प्रभार सहायक यंत्री शिवम दूबे के पास है। बुधवार तक नए कार्यपालन यंत्री ने यहां पहुंचकर पद भार ग्रहण नहीं किया है।

जल निगम की लाईन से प्रेशर रिलीज- बुधवार को बडनगर रोड खडोतिया में जल निगम की करीब एक मीटर व्यास की पाईप लाईन से दबाव कम करने के लिए पानी छोडा गया। यहां पर जल निगम की लाईन में स्कावर वाल्व लगा हुआ है। जल निगम प्रबंधक रविन्द्र राय के अनुसार यह लाईन बडनगर से आगे तक गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्र के कई गांवों की टंकियों को जोडा गया है। वर्तमान में यह व्यवस्था टेस्टिंग फेस में होने से प्रेशर रिलीज करना होता है। खडोतिया नाले के पास लाईन में लगे स्कावर वाल्व को खोलकर प्रेशर रिलीज किया जाता है,जिससे निकलने वाला पानी गंभीर डेम में जाता है। टेस्टिंग फेस पूर्ण होने पर प्रेशर रिलिज जैसा कोई काम बाद में नहीं करना पडेगा।

ऑटो एंड सोलर एक्सपो में बैंक ऑफ इंडिया के स्टॉल का शुभारंभ

उज्जैन। देवास रोड पर संजीवनी हॉस्पिटल के पास स्थित अभिनंदन परिसर में चल रहे ऑटो एंड सोलर एक्सपो 2026 में बैंक ऑफ इंडिया ने अपना स्टॉल शुरू किया है। इस एक्सपो में बैंक ग्राहकों को बाजार में सबसे कम ब्याज दर और बिना किसी प्रोसेसिंग फीस के वाहन ऋण उपलब्ध करा रहा है। स्टॉल का उद्घाटन उप आंचलिक प्रबंधक प्रदीप कुमार कमल ने फीता काटकर किया।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल
ई-नीलामी सूचना
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक - रतलाम मंडल- पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई-नीलामी आमंत्रित की है। कैटलॉग को (www.ireps.gov.in) के (ई-ऑक्शन लीजिंग) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **क्र.सं.: 1. ऑक्शन केटलॉग सं.**: MSS-INDB-26-2. **अनुबंध का प्रकार**: Misc. Static Services. **लॉट नं.**: MSS-RTM-INDB-PrKiosk-76-26-1 (Misc-Static-Services - Promotional Kiosk). **अनुबंध की अवधि**: 05 वर्ष। **ई-नीलामी की तिथि**: 22.10.2026. **समय**: 11:00 बजे। **क्र.सं.: 2. ऑक्शन केटलॉग सं.**: MSS-Poojakios-3. **अनुबंध का प्रकार**: Misc. Static Services. **लॉट नं.**: MSS-RTM-COR-PSKsk-67-25-1 (Misc-Static-Services - Pooja Samagri Kiosk). **अनुबंध की अवधि**: 05 वर्ष। **ई-नीलामी की तिथि**: 23.10.2026. **समय**: 11:00 बजे। प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। IREPS के ई-ऑक्शन मॉड्यूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।
AK/4/1/286
हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल
निविदा सूचना सं.: सी 49/2/STBA (पार्ट-1), दिनांक 07.10.2026
निविदा सूचना
क्र. सं.: 1. कार्य का नाम एवं लोकेशन: रतलाम मंडल के NSG - 5 और NSG - 6 श्रेणी के स्टेशनों पर स्टेशन टिकिट बुकिंग एजेंट (STBA) की नियुक्ति हेतु।
क्र. सं.: 2. स्टेशनो का नाम, STBA जहाँ पर स्टेशन टिकट बुकिंग एजेंट की नियुक्ति की जानी है: NSG - 5 - अकोदिया, बेरछा, बामनिया, मक्सी, मेघनगर, कालापीपल, थांदला रोड।
NSG - 6 - बकानियां भौरी, बकतल, बेडावन्या, बिलड़ी, चंचेलाव, चिंतामण गणेश, ढोढर, जबड़ी, जेकोट, लीमखेड़ा, मल्हारगढ़, मांगलियागाँव, मोरवानी, नईखेड़ी, नौगाँवा, पचांवा, पारबती, फन्दा, पिपलोदा बागला, पीर उमरोद, विक्रम नगर।
निविदा प्रस्तुत करना : दिनांक 11.11.2026 को समय 12:00 बजे तक।
निविदा खोलने की दिनांक : दिनांक 11.11.2026 को समय 12:30 बजे तक।
उपरोक्त स्टेशनो पर **03 वर्ष** के लिए कमीशन के आधार पर कंप्यूटरीकृत अनारक्षित टिकट जारी करने के लिए स्टेशन बुकिंग एजेंट (STBA) के चयन निर्धारित शर्तो को पूरा करने वाले इच्छुक आवेदकों से भारतीय रेलवे की वेबसाईट www.ireps.gov.in के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। जिसकी पूर्ण जानकारी www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है।
AK/4/1/288
हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : X.com/WesternRly

पश्चिम रेलवे - राजकोट मंडल
विभिन्न इंजीनियरिंग कार्य
ई-निविदा सूचना सं. 30 वर्ष 2026-27 दिनांक 06/10/2026

सं	ई - निविदा सं. और कार्य का नाम		अनुमानित एनआईटी लागत (रुपये में)	बयाना राशि (रुपये में)
1	DRM-RJT-2026-27-E-65	राजकोट मंडल:-	41015954.28	820300.00
	वांकानेर (4 यूनिट), थान (8 यूनिट) और लाखामंची (4 यूनिट) में टाइप-I क्वार्टरों का प्रतिस्थापन।			
2	DRM-RJT-2026-27-E-35R	राजकोट मंडल:-	69590218.70	1391800.00
	थान में पुराने जर्जर टाइप-II क्वार्टरों के 9 संख्या, रामपर्दा में 8 संख्या तथा दहिसरा में 01 संख्या टाइप-III और ओखा में 16 संख्या टाइप-II क्वार्टरों का प्रतिस्थापन।			
3	DRM-RJT-2026-27-E-40R	राजकोट मंडल:-	155482301.04	3109700.00
	वरिष्ठ मंडल अभियंता (पूर्व)-राजकोट के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत वावानिया-मालिया मियाणा सेक्शन के बीच KM 22/4 से 24/1-2 तक 06 ब्रीच स्थानों पर टो वॉल के साथ अतिरिक्त ओपनिंग (3.0M X 2.0M) का प्रावधान।			
4	DRM-RJT-2026-27-E-43R	राजकोट मंडल:-	9994790.37	199900.00
	राजकोट स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में विभिन्न कार्य।			

निविदा खोलने की दिनांक और समय: 29.10.2026 को 15:00 बजे **कार्यालय का पता:** मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.),पश्चिम रेलवे, कोठी कंपाउंड,राजकोट गुजरात- 360001 **वेबसाइट विवरण:**www.ireps.gov.in
RJT 159
हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

ब्रह्म प्रेम का ही स्वरूप है और उसकी कोई सीमा नहीं



प्रश्न किया गया है कि चेतना के विस्तार से मुक्ति का मार्ग कैसे खुद खुल जाता है? इसको यूं समझें। आईना अपने सामने रखी वस्तु का प्रतिबिंब दिखाता है। सामने खिला हुआ फूल हो, तो उसकी छवि भी सुंदर दिखाई देती है और फूल मुरझाया हुआ हो, तो प्रतिबिंब भी वैसा ही होगा। इस पूरे परिवर्तन में आईना स्वयं नहीं बदलता, इसलिए प्रतिबिंब वस्तु की प्रकृति पर निर्भर करता है, आईने की प्रकृति पर नहीं। आध्यात्मिक जीवन में भी यह उदाहरण बहुत कुछ समझाता है। जब मनुष्य परम सत्ता को केवल सर्वज्ञ सत्ता के रूप में नहीं, बल्कि अपने जीवन का जीवन और अपनी आत्मा की आत्मा मानकर स्वीकार करता है, तब उसके भीतर परम सत्ता की अनुभूति अधिक स्पष्ट होने लगती है। जो व्यक्ति उसे सच्चे प्रेम और भक्ति का विषय बनाता है, उसके लिए आध्यात्मिक यात्रा केवल ज्ञान-प्राप्ति का प्रयास नहीं रह जाती, बल्कि परम सत्ता से आत्मीय संबंध की यात्रा बन जाती है। जैसे-जैसे साधक ऊंचा उठता जाता है, उसके व्यक्तित्व की आध्यात्मिक आभा बढ़ती जाती है। ब्रह्म प्रेम का ही स्वरूप है और उसकी कोई सीमा नहीं। इसलिए जो व्यक्ति ब्रह्म के प्रति गहरे प्रेम में डूबता है, वह सीमित संसार से उठकर असीम की ओर बढ़ता चला जाता है। उसकी दृष्टि बाहरी भेदों से ऊपर उठने लगती है। मानव जीवन एक कली की तरह है। कली की सार्थकता उसके खिलने में है, मुरझाकर गिर जाने में नहीं। उसी तरह, जीवन की पूर्णता भी केवल सांसारिक वस्तुओं और क्षणिक सुखों को एकत्र करने में नहीं, बल्कि अपनी चेतना के विकास में है। जो व्यक्ति जीवन का पूरा समय सीमित भौतिक इच्छाओं की पूर्ति में लगा देता है, उसकी अंतर्निहित मानवीय चेतना धीरे-धीरे संकुचित हो सकती है। आध्यात्मिक दृष्टि से यह जड़ता की ओर बढ़ना है। बुद्धिमान व्यक्ति को इसीलिए आध्यात्मिक उत्कर्ष का मार्ग चुनना चाहिए। परम सत्ता की ओर बढ़ने वाला साधक अंततः छोटे स्वार्थों और संकीर्ण भावनाओं से मुक्त होने लगता है। ब्रह्म में सबका समावेश है।


सम्पादकीय

विपक्ष का प्रदर्शन

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में कथित गड़बड़ी और देश के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ लामबंद इंडिया ब्लॉक के लगभग 150 सांसदों का मार्च अपनी नाटकीयता से मंगलवार को न सिर्फ पूरे दिन मीडिया में छाया रहा, बल्कि गांव-गांव तक अपने मुद्दे को पहुंचाने में सफल भी हो गया। क्या निर्वाचन आयोग हालात के आकलन में लगातार चूक कर रहा है? क्या वह इस मुद्दे को बेहतर तरीके से नहीं निपटा सकता था? निस्संदेह! वह ऐसा करने में सक्षम है, पर उसने न सिर्फ विपक्षी पार्टियों को सियासत का एक बड़ा मसला मुहैया करा दिया, बल्कि आम मतदाताओं के मन में कुछ सवाल भी पैदा कर दिए। 23 सितंबर को एक अखबार में यह खबर शाया हुई थी कि आयोग के दो चुनाव आयुक्तों की कथित आपत्तियों को दरकिनार कर मुख्य चुनाव आयुक्त ने एसआईआर को लेकर मनमाने फैसले किए। स्वाभाविक ही इस पर हंगामा मचा। आयोग को तत्काल सक्रियता दिखानी चाहिए थी और तीनों आयुक्तों को सामने आकर बिंदुवार जवाब देने चाहिए थे, मगर वक्त जाया किया गया और 26 सितंबर को आयोग ने प्रेस विज्ञप्ति के जरिये जो सफाई पेश की, उससे आशंकाएं निर्मूल होने के बजाय गहरी हो गईं। कई पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्तों और दिग्गज विधि विशेषज्ञों ने भी आयोग के कामकाज को लेकर अपनी गंभीर चिंताएं जाहिर की हैं। सुप्रीम कोर्ट से सोमवार को फॉर्म-6 के बारे में जो टिप्पणी आई, वह भी उसे राहत पहुंचाने वाली नहीं थी। इसके बाद भी चुनाव आयोग ने संजीदगी नहीं दिखाई। आयोग इस बुनियादी तथ्य को लगातार नजरअंदाज कर रहा है कि उसकी छवि तभी निखरेगी, जब देश के हर दल के मतदाता उसमें आस्था जताएंगे, और संसदीय जनतंत्र में नागरिकों का भरोसा राजनीतिक दलों के जरिये ही अभिव्यक्त होता है। दुर्योग से, पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने विपक्ष की चिंताएं दूर करने के बजाय उसका उपहास उड़ाने की परंपरा शुरू की। नतीजतन, आयोग पर राजनीतिक टिप्पणियां बढ़ती गईं। इनसे उसकी आभा काफी मलिन हुई है। ज्ञानेश कुमार ने भी कटुता मिटाने की अपने तईं कोई पहल नहीं की। आज आलम यह है कि विपक्ष उनके इस्तीफे की मांग पर अड़ गया है।

00000

राज्यों में विपक्ष की सरकारें भी क्या वोट चोरी से बनीं


डॉ. हरिकृष्ण बड़ोदिया

देश का विपक्ष 2024 की तरह एक बार फिर वोट चोरी, संविधान खतरे में है लोकतंत्र को बचाना है और चुनाव आयोग निष्पक्ष नहीं है के नेरेटिव के साथ चुनावी मैदान में है। इस नेरेटिव को तराशने में जहां एक ओर कांग्रेस की भूमिका प्राथमिक है वहीं पूर्व शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पेपर लीक मामले में इस्तीफा लेने वाली आम आदमी पार्टी जनित कॉक्रोच जनता पार्टी सहित ममता बनर्जी, तेजस्वी यादव, प्रशांत भूषण, योगेंद्र यादव, अरविंद केजरीवाल और वाम पार्टियों सहित वे सारे लोग हैं जिनके स्वार्थ पर 2014 के बाद डाका पड़ गया। वहीं हारे हुए सभी राजनीतिक दलों के नेता हैं जो किसी भी तरह देश के प्रधानमंत्री को हटाना चाहते हैं। इन सभी का एकमात्र लक्ष्य किसी भी तरह देश की चुनी हुई सरकार को बदनाम कर अगले चुनाव में अपनी राह आसान करना है। पिछले एक डेढ़ महीने से वोट चोरी का नेरेटिव दोबारा सुर्खियों में है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है कि राहुल गांधी ने वोट चोरी का मुद्दा उठाकर प्रधानमंत्री मोदी को घेरने का असफल प्रयत्न किया है। लेकिन इस बार उनका निशाना मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार हैं। राहुल गांधी ने वोट चोरी का पहला एटम बम अगस्त 2025 में बेंगलुरु के महादेव पुरा विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची में कथित गड़बड़ी के खुलासे के रूप में फोड़ा तो दूसरा हाइड्रोजन बम 5 नवंबर 25 को विशेष प्रेस कॉन्फ्रेंस में फोड़ा। हालांकि इन दोनों कथित बमों का कोई घातक प्रभाव ना तो मोदी सरकार पर पड़ा और ना चुनाव आयोग पर और ना ही जनता पर पड़ा, उलटे नवंबर 2025 में हुए बिहार विधानसभा और मई 2026 में पश्चिम बंगाल के चुनाव में विपक्ष औंधे मुँह धराशाई हो गया। 23 सितंबर 2026 को इंडियन एक्सप्रेस ने एक समाचार छापकर यह स्थापित करने का प्रयत्न किया कि आयोग के तीनों सदस्यों के बीच मतभेद के बावजूद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने एक पक्षीय निर्णय कर एसआई आर की प्रक्रिया संपन्न की जो उनकी निष्पक्षता पर प्रश्न चिन्ह लगाती है। इस वोट चोरी के समाचार पर जनता यकीन कर पाती उसके पहले ही इंडियन एक्सप्रेस के इस समाचार की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह तब खड़ा हो गया जब देश के जाने-माने वकील महेश जेठमलानी ने प्रमाण सहित खुलासा किया कि कांग्रेस ने इंडियन एक्सप्रेस को लगभग 81 लाख रुपए दिए। यह भी संज्ञान में आया कि जो ऋतिका चोपड़ा के नाम से यह रिपोर्ट प्रकाशित हुई वह चुनाव आयोग को नहीं बल्कि शिक्षा को कवर करतीं थीं, जो आयोग को कवर करतीं हैं उन दामिनी नाथ का कहना रहा कि आयोग में असहमति एक सामान्य बात है पर फैसले बहुमत या सर्व सम्मति से ही होते हैं। जनता पर इस न्यूज का कितना असर हुआ होगा यह तो आगामी चुनाव के परिणाम में ही मालूम पड़ेगा लेकिन विपक्ष ने इस मुद्दे पर अड़े रहना ही न केवल बेहतर समझा बल्कि वह कोशिश कर रहा है कि वोट चोरी एक जन आंदोलन बने जिससे अगले चुनाव में उसकी जीत के रास्ते प्रशस्त हो सकें। इसी क्रम में कांस्टीट्यूशन क्लब पर एक बार फिर इंडिया गठबंधन के सदस्यों ने एकजुटता दिखाने का प्रयास किया किंतु आमआदमीपार्टी और डीएमके की अनुपस्थिति और अखिलेश यादव की बेरुखी ने इसकी एकजुटता पर फिर सवाल खड़े किए। इस बैठक में यह प्रदर्शित करने का प्रयास किया जा रहा था कि वोट चोरी के मुद्दे पर पूरा देश उनके साथ है जो एक कल्पित निष्कर्ष है। जबकि सोशल मीडिया और प्रदर्शनकारियों द्वारा पिछले दो दिनों में किए गए प्रदर्शनों में आम लोगों की बेरुखी स्पष्ट करती है कि उसे इन नेताओं की कथनी और करनी की हकीकत मालूम है। इंडिया गठबंधन की बैठक की प्रमुख आकर्षण बनी बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जिन्होंने बड़े तीखे अंदाज में टेबल पर हाथ पटक पटक कर यह जताने का प्रयत्न किया कि वे हारी नहीं बल्कि उन्हें मुख्य चुनाव आयुक्त ने एसआईआर कर हरवा दिया। वे कहती दिखीं कि चुनाव आयोग ज्ञानेश कुमार चोर है, डाकू है, उसने वोट चोरी की है। ईवीएम मशीन जला दिया, हायजैकिंग किया, काउंटिंग में गड़बड़ी किया, क्या नहीं किया। इसके लिए ज्ञानेश कुमार को तुरंत इस्तीफा देना चाहिए। आश्चर्य तो यह है कि बंगाल में भाजपा की जीत की आम लोगों में खुशी उन्हें दिखाई नहीं देती। सच्चाई तो यह है कि विपक्ष भी अच्छी तरह जानता है कि उसके पास मोदी और उनकी सरकार के विरुद्ध भ्रष्टाचार, कदाचरण या नीति विरुद्ध फैसलों के ऐसे कोई मुद्दे नहीं जिन पर वे मतदाताओं को अपने पक्ष में कर सकें। इसलिए एक अंतिम प्रयत्न के रूप में विपक्ष वोट चोरी का मुद्दा उठाकर चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा कर ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग कर रहा है। यह मांग इसलिए भी है कि यदि विपक्ष ऐसा ना करे तो उनकी अब तक की सारी कवायद न केवल बेमानी हो जाएगी बल्कि उनकी बची खुची साख को भी पलीता लगेगा। कितनी विचित्र बात है कि पत्रकारों ने जब राहुल गांधी से वोट चोरी के प्रमाण मांगे तो उन्होंने बड़ी गंभीरता दिखाते हुए कहा कि राजनीतिक माहौल और परिणामों को देखकर मेरी फीलिंग है कि वोट चोरी हो रही है। गजब है राजनीति में चुनाव परिणाम फीलिंग के आधार पर परखे जाएं ऐसा पहली बार देखा जा रहा है। कितनी विडंबना है कि राहुल गांधी कहते हैं मोदी को 12 साल हो गए योगी को 10 साल हो गए लेकिन कोई एंटी इनकंबेंसी नहीं जबकि मेरी दादी ने बांग्लादेश आजाद कराया इसके बाद भी 1977 के चुनाव में उन्हें एंटी इनकंबेंसी का सामना करना पड़ा और वे चुनाव हार गईं। राहुल 1975 में उनकी दादी द्वारा लगाई गई इमरजेंसी को भूल गए। 60 साल तक राज करने वाली पार्टी के प्रमुख का ऐसा मानना कि एंटी इनकंबेंसी होना जरूरी है आश्चर्य पैदा करता है। विपक्ष का मानना कि मोदी हार रहे हैं लेकिन वोट चोरी करके वे सरकार में बैठे हैं यह जनता के गले उतर जाएगा संभव नहीं। राहुल भूल जाते हैं कि उन्होंने 2004 में सांसद बनने के बाद भारत की जनता के सामने ऐसा कोई कारनामा नहीं किया कि लोग उन्हें सत्ता के शीर्ष पर बिठा देते। 2004 से 2014 तक यदि यूपीए सरकार बनी तो वह भी दूसरे दलों की बैसाखियों का परिणाम थी। कांग्रेस को नहीं भूलना चाहिए कि उसके पतन की शुरूआत तो 1967 से प्रारंभ हो गई थी लेकिन गंभीर पतन 1985 के बाद से शुरू हो चुका था जो अब भी जारी है। क्या तब भी वोट चोरी हुई थी। कांग्रेस की वर्तमान में कर्नाटक, तेलंगाना, हिमाचल प्रदेश, झारखंड, तमिलनाडु और केरल आदि राज्यों में कहीं खुद के दम पर तो कहीं सहयोग में सरकारें हैं तो क्या ये सरकारें वोट चोरी से बनी।

ऑर्डर नंबर 90812

रात के ठीक ग्यारह बजकर बयालीस मिनट पर एक बहुराष्ट्रीय क्विक कॉमर्स कंपनी के सेंट्रल एल्गोरिदम रूम की स्क्रीन पर लाल रंग का डिजिटल टाइमर उल्टी गिनती गिन रहा था 04:59... 04:58...। सिस्टम पर एक चेतावनी चमकी कि ऑर्डर नंबर 90812 खतरे में है। पूरे ऐप की प्रतिष्ठा दांव पर थी क्योंकि कंपनी ने अपने विज्ञापनों में पूरी दुनिया से वादा किया था कि अगर दस मिनट में डिलीवरी नहीं हुई, तो सामान मुफ्त और डिलीवरी पार्टनर पर जुमार्ना लगेगा। कौतूहल और रोमांच इस बात का था कि शहर के सबसे पॉश इलाके की गगनचुंबी सोसाइटी एलीट हाइट्स के बत्तीसवें माले पर बैठे ग्राहक का विदेशी डार्क चॉकलेट और आइसक्रीम का पैकेट समय पर पहुंचेगा या नहीं। स्क्रीन पर जीपीएस की छोटी सी नीली बिंदी शहर के सबसे व्यस्त चौराहे पर अचानक रुक गई थी और कंट्रोल रूम के एआई बॉट ने तुरंत ऑटोमेटेड मैसेज दागा कि राघव तुम पिछले तीन मिनट से स्थिर क्यों हो तुम्हारी रेटिंग में 0.5 की कटौती की जा रही है।

यार, तुमने कभी सोचा है कि जब हम अपने सोफे पर बैठकर मोबाइल स्क्रीन पर ऑर्डर ट्रैकिंग की नीली लकीर देखते हैं, तो उस लकीर के नीचे किसी बीस साल के लड़के का पसीना और खून बह रहा होता है? चौराहे पर मूसलाधार बारिश हो रही थी और पानी घुटनों तक भरा था। राघव की पुरानी मोटरसाइकिल को एक तेज रफ्तार काली एसयूवी ने टक्कर मार दी थी। एसयूवी वाला तो हवा हो गया, लेकिन राघव की बाइक का अगला पहिया मुड़ चुका था। सड़क पर पड़े राघव का बायां पैर लहूलुहान था और कोहनी छिल चुकी थी। लेकिन जैसे ही उसकी नजर अपनी कलाई पर बंधी घड़ी पर पड़ी, वह दर्द भूलकर उठ खड़ा हुआ क्योंकि टाइमर पर सिर्फ तीन मिनट बचे थे और अगर डिलीवरी लेट हुई, तो कंपनी आज के पूरे दिन की कमाई तीन सौ रुपये काट लेगी। राघव लंगड़ाते हुए भागा और उसने अपनी पीठ पर बंधा वाटरप्रूफ बैग कसकर सीने से लगा लिया ताकि बारिश का पानी उस आइसक्रीम को छू न सके।

पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 08 अक्टूबर 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:23सूर्यास्त 18:09
आश्विन मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल -13:30 से 15:00 तक
तिथि- त्रयोदशी 21:40 उपरांत चतुर्दशी
नक्षत्र- पूर्वाफाल्गुनी 21:54 उपरांत उत्राफाल्गुनी
योग- शुक्ल02:27 उपरांत ब्रह्म
करण - गर
चन्द्रमा - सिंह मे है 03:46 पर कन्या मे प्रवेश करेगा
मुस्लिम मास - रवि उस्सानी मास 26तारिख

मेष- कार्यक्षेत्र में सतर्कता बनाए रखें, काम में लापरवाही न करें। व्यापार में अचानक उतार-चढ़ाव आ सकते हैं।
वृषभ- परिवार में सदस्यों की बात को ध्यान से सुनें। खानपान पर नियंत्रण रखें।
मिथुन- आर्थिक मामलों में जल्दबाजी में निर्णय न लें। पेट खराब हो सकता है।
कर्क- विद्यार्थियों व कला क्षेत्र से जुड़े लोगों को सफलता मिलेगी।
सिंह- व्यापार में नई योजनाओं पर विचार करना शुभ रहेगा। प्रेम संबंधों में स्पष्टता और निकटता आएगी।
कन्या- वित्तीय मामलों में संतुलन बनाए रखने में सफल होंगे। स्वास्थ्य ठीक रहेगा, ध्यान और योग करें।
तुला- कार्यस्थल पर वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। व्यापार में धन लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं।
वृश्चिक- पारिवारिक वातावरण खुशहाल और सुखद रहेगा। बचत योजनाओं में निवेश करना फायदेमंद होगा।
धनु- कार्यक्षेत्र में संयम बरतें, विवाद से दूर रहें। व्यापार में लेनदेन के मामलों में लिखापढ़ी जरूर करें।
मकर- परिवार में किसी मुद्दे पर विचार-विमर्श हो सकता है। अचानक कुछ अनपेक्षित खर्च सामने आ सकते हैं।
कुंभ- अध्यात्म और अध्ययन में मन लगेगा, कार्य सफल होंगे। व्यापार में भाग्य का साथ मिलेगा, विस्तार होगा।
मीन- धर्म-कर्म के कार्यों में परिवार का साथ मिलेगा। धन लाभ होगा, पुरानी आर्थिक चिंताएं दूर होंगी।

संजा पर्व तेरहवां दिन

आज बनेगा बारस का वंदनवार



संजा पर्व के तेरहवे दिन बारस का बंदनवार बनाया जाएगा। मालवा में जब किसी परिवार में विवाह समारोह अथवा मांगलिक उत्सव होता है, वहां सबसे पहले गणेशजी को पूजा जाता है तथा देवताओं का आव्हान करके उनके स्वागत में घर की दहलीज पर बंदनवार बांधा जाता है। इधर संजा के विवाह की तैयारियां शुरू हो गई है। बारस को संजा के माण्डने में बंदनवार बनाकर विवाह की तैयारियां शुरू की जाएगी। भगवान गणेश को आमंत्रित किया जाएगा कि वे उत्सव में पधारे।

ऐसा कहा जाता है कि संजा को ससुराल में विवाह सुख नहीं मिला। उस जमाने में विवाह बाद ससुराल में सुख मिल जाए अर्थात ससुराल के सभी सदस्यों का बहू को स्नेह मिल जाए, तो उस लड़की को भाग्यवान माना जाता था। वरना हर छोटी बात पर बहू की नकोच निकालना, उसके पीहर पक्ष पर ताने कसना एक आम बात थी। जैसा बहू भोगती थी, सास बनने पर वह भी अपनी बहू से वैसा ही व्यवहार करती थी। यही कारण रहता था कि विवाह पूर्व कन्याएं बहुत कठोर व्रत आदि करती थी, ताकि विवाह बाद ससुराल में कष्ट न भोगने पड़े। यह एक विचित्रता थी कि जो ननद अपने विवाह हेतु व्रत रखती, अच्छा वर हेतु प्रार्थना करती, वही अपने ही घर में अपनी भाभी के प्रति ननद के अधिकार जताना नहीं भूलती। अब के बुजूर्गो के अनुसार ऐसा इसलिए होता था क्योंकि समझ और साक्षरता का अभाव था। केवल अपने स्वार्थ की पूर्ति का ध्यान रखा जाता था, बहू के प्रति कठोरता घमण्ड की बात हुआ करती थी।

संजा अपने बीरा याने चांद, सूरज से बात करते हुए कहा करती थी कि उसे ससुराल में नींद भी पूरी नहीं लेने दी जाती है। अल सुबह सासु उठा देती है। सबसे पहले चक्की में गेहूं पीसना, उसके बाद पनघट पर जाकर पानी भरना, गौशाला में जाकर गोबर उठाना, दूध निकालना, चारा डालना ओर घर के अन्य काम करना। आराम लेने का समय नहीं मिलता था। यदि बैठे दिख जाए तो सासु के ताने सुनने पड़ते थे। संजा की सखियां उसकी सासु को ताने मारते हुए गीत गाती है-

आज का गीत
संजा के सासरे जावांगा
खाटो, रोटो खावांगा
संजा की सासु दुतड़ली
घर में बैठी चुपड़ती
ऐसी दुंगा दारी के थम्कां की
काम करउंगा तड़का को
हूं बैठुंगा गादी पे
उके बिठउंगा खूटी पे।।

■ श्रीमती स्वाति अंकित जैन

बार-बार चिड़चिड़ापन और गुस्सा कहीं बीमारी का संकेत तो नहीं?

किसी बात पर नाराजगी या परिस्थितियां अपेक्षा के मुताबिक न होने पर गुस्सा और चिड़चिड़ापन होना सामान्य प्रतिक्रिया है। ऐसी भावनाएं कुछ समय बाद अपने आप खत्म हो जाती हैं और व्यक्ति सामान्य महसूस करने लगता है। लेकिन अगर बिना किसी स्पष्ट वजह के छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा आने लगे या चिड़चिड़ापन लगातार बना रहे, तो इसके कारणों को समझना जरूरी हो जाता है। हर समय चिड़चिड़ापन रहना या लोगों से बात करने का मन न करना अक्सर खराब मूड और तनाव से जोड़ा जाता है, लेकिन इसकी वजह हमेशा मानसिक तनाव नहीं होती। शरीर में होने वाली कुछ गड़बड़ियां भी मूड और व्यवहार में बदलाव ला सकती हैं।

नींद की कमी भी लगातार चिड़चिड़ापन बढ़ाने का एक कारण हो सकती है। पर्याप्त नींद न मिलने से केवल थकान ही नहीं होती, बल्कि ध्यान, याददाश्त और भावनाओं पर नियंत्रण भी प्रभावित हो सकता है। लगातार कम नींद या खराब नींद के कारण व्यक्ति ज्यादा चिड़चिड़ा और तनावग्रस्त महसूस कर सकता है। देर रात तक मोबाइल देखना, रोज अलग-अलग समय पर सोना और ज्यादा कैफीन वाली चीजों का सेवन नींद की गुणवत्ता खराब कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप तनाव, चिड़चिड़ापन और



गुस्सा बढ़ सकता है। इसलिए लगातार मूड खराब रहने की स्थिति में नींद की गुणवत्ता और दिनचर्या पर भी ध्यान देना जरूरी है।

थायरॉइड की समस्या भी चिड़चिड़ापन और मूड में बदलाव से जुड़ी हो सकती है। थायरॉइड हार्मोन शरीर में ऊर्जा के इस्तेमाल को नियंत्रित करते हैं। हार्मोन का स्तर ज्यादा होने पर हाइपरथायरायडिज्म की स्थिति हो सकती है, जिसमें बेचैनी, घबराहट, नींद में परेशानी और चिड़चिड़ापन जैसे लक्षण देखे जा सकते हैं। इसके साथ धड़कन तेज होना, वजन कम होना और ज्यादा पसीना आने जैसी समस्याएं भी हो सकती हैं। ऐसी स्थिति में लक्षणों को नजरअंदाज करने के बजाय समय पर इलाज जरूरी माना जाता है। लगातार चिड़चिड़ापन रहने पर थायरॉइड से जुड़े कारणों को भी ध्यान में रखना चाहिए।

ब्लड शुगर का नियंत्रण बिगड़ना भी मूड पर असर डाल सकता है। ब्लड शुगर कम होने पर कमजोरी, कंपकंपी, पसीना आने के साथ घबराहट और चिड़चिड़ापन हो सकता है। डायबिटीज की दवा या इंसुलिन लेने वाले लोगों में यह समस्या ज्यादा देखी जा सकती है। अगर चिड़चिड़ापन किसी खास समय पर बार-बार होता है और उसके साथ ये लक्षण भी दिखाई देते हैं, तो ब्लड शुगर की जांच कराना जरूरी हो सकता है। इसके अलावा पोषक तत्वों की कमी भी भावनात्मक समस्याओं को बढ़ा सकती है। आयरन, विटामिन बी12 और फोलेट की कमी से थकान, कमजोरी और ध्यान लगाने में परेशानी हो सकती है, जिसका असर मूड पर भी पड़ सकता है।

इस तरह लगातार चिड़चिड़ापन को केवल स्वभाव या खराब मूड मानकर नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। तनाव और चिंता के अलावा नींद की कमी, थायरॉइड में बदलाव, ब्लड शुगर का असंतुलन और पोषण की कमी भी इसके पीछे कारण हो सकते हैं। खासकर जब चिड़चिड़ापन लंबे समय तक बना रहे या उसके साथ बेचैनी, नींद की परेशानी, कमजोरी, कंपकंपी, पसीना या वजन कम होने जैसे लक्षण दिखाई दें, तो इसके संभावित कारणों को समझना जरूरी है।

धर्म-आस्था

माँ-बाप के जीवन में सहारा नहीं, तो मृत्यु के बाद के कर्मकांड अधूरे


प्रियंका सौरभ
(दैनिक अवन्तिका)

भारतीय संस्कृति में माता-पिता को देवतुल्य माना गया है। हमारे संस्कारों में माँ के चरणों में ममता, त्याग और करुणा का संसार दिखाई देता है, तो पिता के जीवन में परिश्रम, जिम्मेदारी और सुरक्षा की छाया। माँ-बाप अपने बच्चों के भविष्य के लिए अपनी इच्छाओं को पीछे छोड़ देते हैं। वे अपनी जरूरतें कम कर बच्चों की जरूरतें पूरी करते हैं। उनकी खुशियाँ बच्चों की मुस्कान में बसती हैं और उनका जीवन परिवार को सँवारने में बीत जाता है। लेकिन विडंबना यह है कि जिस उम्र में उन्हें सबसे अधिक प्रेम, सम्मान और सहारे की आवश्यकता होती है, उसी समय कई बुजुर्ग अपने ही घर में उपेक्षा के शिकार हो जाते हैं।

हमारे समाज में श्राद्ध, तर्पण और पितृपक्ष के दौरान पूर्वजों को याद करने की परंपरा है। लोग श्रद्धापूर्वक भोजन कराते हैं, दान देते हैं और धार्मिक कर्मकांड करते हैं। यह परंपरा हमारी सांस्कृतिक स्मृति और पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है। लेकिन एक सवाल हमें अपने भीतर जरूर पूछना चाहिए—क्या उस श्रद्धा का अर्थ केवल मृत्यु के बाद के कर्मकांड तक सीमित है? यदि माँ-बाप जीवित हैं और उन्हें दो वक्त की रोटी, सम्मान के दो शब्द तथा अपनापन देने में हम पीछे हट जाते हैं, तो मृत्यु के बाद किया गया भव्य भोज हमारी संवेदनहीनता को कैसे ढक सकता है?

आज परिवारों में आर्थिक समृद्धि बढ़ी है, लेकिन कई जगह भावनात्मक समृद्धि कम होती दिखाई देती है। आधुनिक जीवन की भागदौड़, नौकरी, व्यवसाय और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं के बीच माता-पिता के लिए समय निकालना कठिन समझा जाने लगा है। कई बुजुर्गों को घर में रहते हुए भी अकेलापन महसूस होता है। जिन पिता ने पसीना बहाकर घर बनाया, वही पिता बुढ़ापे में बेटे के व्यस्त जीवन में बाधा समझे जाने लगते हैं। जिन माताओं ने अपनी भूख दबाकर बच्चों को खिलाया, वही माँ कभी-कभी अपने ही घर में उपेक्षित हो जाती है।

सबसे पीड़ादायक स्थिति तब होती है जब जीवित माँ-बाप को ताने मिलते हैं, उनकी आवश्यकताओं को बोझ समझा जाता है और उनकी भावनाओं को महत्व नहीं दिया जाता। मृत्यु के बाद उनकी तस्वीर पर फूल चढ़ाने के लिए लंबी कतार लग जाती है। जीते जी जिनसे बातचीत करने का समय नहीं था, उनके लिए मृत्यु के बाद बड़े-बड़े आयोजन किए जाते हैं। यह विरोधाभास केवल पारिवारिक समस्या नहीं, बल्कि हमारी सामाजिक संवेदना पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न है। पिता का जीवन अक्सर परिवार के लिए संघर्ष की कहानी होता है। सीमित साधनों में उन्होंने बच्चों की शिक्षा, विवाह, घर और भविष्य की चिंता की। अपने सपनों को स्थगित कर बच्चों के सपनों को पूरा किया। माँ ने भी अपने जीवन का बड़ा हिस्सा परिवार की जरूरतों में लगा दिया। बीमारी में रात-रात भर जागना, बच्चों की छोटी-सी खुशी पर खिल उठना और कठिन समय में ढाल बनकर खड़ा होना—माता-पिता के प्रेम का कोई आर्थिक मूल्य नहीं हो सकता। इसलिए बुढ़ापे में उनका सबसे बड़ा अधिकार संपत्ति नहीं, बल्कि सम्मान और अपनापन है। वृद्धाश्रमों की बढ़ती जरूरत भी हमें सोचने के लिए मजबूर करती है। हर वृद्धाश्रम बुरी व्यवस्था का प्रतीक नहीं है। कई बार परिस्थितियाँ ऐसी होती हैं कि बुजुर्गों को विशेष देखभाल की आवश्यकता पड़ती है। लेकिन जब वृद्धाश्रम इसलिए चुनना पड़े कि अपने ही बच्चों के पास माता-पिता के लिए समय, धैर्य या सम्मान नहीं है, तब समस्या गंभीर हो जाती है। जिस घर को माता-पिता ने अपने खून-पसीने से बसाया, उसी घर से उनका भावनात्मक विस्थापन हमारे पारिवारिक मूल्यों की परीक्षा है।

श्राद्ध का वास्तविक अर्थ केवल अन्न और दान में नहीं, बल्कि श्रद्धा में है। और श्रद्धा केवल मृतकों के लिए नहीं, जीवित माता-पिता के लिए भी होनी चाहिए। कौवे को भोजन कराना, ब्राह्मण को दान देना और धार्मिक अनुष्ठान करना अपनी जगह महत्वपूर्ण हो सकता है, लेकिन यदि घर में बैठी माँ भूखी है, पिता दवा के लिए किसी का इंतजार कर रहे हैं और बच्चे उनसे बात करने तक को तैयार नहीं, तो हमें अपने धर्म और कर्म के अर्थ पर पुनर्विचार करना चाहिए माँ-बाप की सेवा कोई एहसान नहीं है। यह उस ऋण को पूरी तरह चुकाने का प्रयास भी नहीं, जिसे किसी संतान के लिए चुकाना संभव नहीं। यह केवल कर्तव्य है—मानवीय कर्तव्य, पारिवारिक कर्तव्य और नैतिक कर्तव्य।

इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 7000 से क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 7050 विशाल 6950 से 6950 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से डंकी चना 6200 से 6500 मसूर 3000 मालवराज 2850 से 2900 6000 महाराष्ट्र सफेद 8700 मक्का 2500 से 2525 चना से 8900 महाराष्ट्र लाल १००० दाल 8500 से 8600 मीडियम से 9200 कर्नाटक 9100 से 8800 से 8900 बेस्ट 9400 9300 निमाड़ी तुअर 7000 से से 9600 तुअर दाल 8700 से '8200 मूंग बेस्ट गर्मी 7900 से 8800 मीडियम 9700 से 9800 8000 मूंग बेस्ट बोल्ड 8100 से बेस्ट 11100 से 11400 एक्स्ट्रा 8200 मोगर 5500 से 7200 बेस्ट 12200 से 12400 ब्रांडेड उड़द बोल्ड 9400 से 9700 उड़द 13800 मूंग दाल 9500 से 9600 गर्मी 9000 से 9400 ग्रेविटी क्लीन बेस्ट 9700 से 9800 मूंग मोगर 9500 से 10000 हल्का उड़द 11500 से 11600 बेस्ट 11700 4000 से 6000 काबुली डॉलर से 11800 उड़द दाल 11200 से 8300 से 10000 काबुली रशियन 11300 बेस्ट 11400 से 11500- 6800 से 7100 बिटकी 6500 से उड़द मोगर 12200 से 12400 6700 सरसों निमाड़ी 8300 रायडा बेस्ट 12600 से 12900 मसूर 7100 से 7300 सोयाबीन 5600 दाल 7650 से 7750 बेस्ट 7850 टोली 5700 से 5900 गेहूं मिल से 76,50 रुपए प्रति क्विंटल।

आलू, प्याज, लहसून भाव

ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000 बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 2071-3150, चना देशी- 5901 काबली- 3350-7951, बटला- 3201, रायड़ा- 6850, मूंग- 7600, सोयाबीन- 2700-6085, मैथीदाना- 5240, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4300, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्डर्ड- 1,50,200 रवा- 1,50,000 चांदी- टंच- 2,26,500 पाट- 2,26,600।

उज्जैन किराना

अशोक कुमार भगवानदास

152 फवारा चौक उज्जैन


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

आमंत्रण

आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।

editor.awantika@gmail.com

न्यूज कालम



राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत महाविद्यालय में प्रतियोगिता आयोजित

शाजापुर। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बीकेएसएन शासकीय महाविद्यालय शाजापुर में डिजिटल पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसका विषय 3047 में शिक्षा की परिकल्पना रहा। मंगलवार को आयोजित प्रतियोगिता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एस. के. तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ राजीव कुमार शर्मा, सदस्य प्रो. आशीष उपाध्याय, प्रो. ज्योति मंडलोई एवं डॉ अफजल मंसूरी रहे। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के सभी संकाय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा तनीषा पटेल ने प्राप्त किया। जबकि द्वितीय एवं तृतीय स्थान सैयद शोएब अली एमएससी बॉटनी प्रथम सेमेस्टर एवं मुस्कान रावत बीएससी प्रथम वर्ष ने प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य प्राध्यापक भी उपस्थित रहे।

रेत हटाने की बात पर वृद्ध महिला के साथ मारपीट, पुलिस को ज्ञापन सौंपा



शाजापुर। रेत हटाने की बात पर आरोपियों ने वृद्ध महिला के साथ गाली गलौच कर मारपीट की। इस घटना के विरोध में समाज के लोगों ने पुलिस को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मंगलवार को लालघाटी थाने पर विश्वकर्मा समाजजनों ने ज्ञापन सौंपा और बताया कि दुपाड़ा गांव में वृद्ध गीताबाई विश्वकर्मा रहतीं हैं, जिनके साथ घर के सामने पड़ी रेत हटाने की बात पर आरोपी पवन ठाकुर, धीरज ठाकुर और रामकृष्ण ठाकुर ने मारपीट की। मामले में दुपाड़ा चौकी पर पुलिस द्वारा सुनवाई नही की गई। घटना में घायल गीताबाई का जिला अस्पताल में उपचार किया जा रहा है। ज्ञापन में आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की गई।

वाहन की टक्कर से व्यापारी की मौत: पत्नी गंभीर घायल

देवास। देवास में डकाच्या पेट्रोल पंप के पास मंगलवार रात सड़क हादसे में 66 वर्षीय फुटकर व्यापारी विनोद पाठकार की मौत हो गई। उनकी पत्नी गोदावरी गंभीर रूप से घायल हो गईं। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें इंदौर के निजी अस्पताल रेफर किया गया। विनोद अपनी पत्नी गोदावरी के साथ बाइक से इंदौर गए थे। दोनों करवा चौथ का सामान लेकर देवास लौट रहे थे। डकाच्या पेट्रोल पंप के पास पहुंचने पर अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में विनोद की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गोदावरी को गंभीर चोटें आईं। परिजनों के मुताबिक, विनोद एमजी रोड पर फुटकर दुकान लगाते थे। हादसे के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

मदरसे के पास कचरे का ढेर मिला, निगम अधिकारी बोले- जुर्माना लगाएंगे

देवास। देवास के रसलपुर क्षेत्र में मदरसे के पास कृषि जमीन पर महीनों से फैक्ट्रियों के कचरे की छंटाई और डंपिंग हो रही थी। मंगलवार को निगम की टीम ने मौके पर बड़ी मात्रा में कचरे का ढेर पाया। यह सब बिना निगम लाइसेंस और शुल्क के हो रहा था। फैक्ट्रियों से लाए गए कचरे को यहां छांटकर जरूरी सामान निकालने के बाद बचा कचरा खुले में ही छोड़ दिया जाता था। छह माह पहले आग लगने के बावजूद यहां लापरवाही से कचरा फेंका जा रहा था। एएसआई रविकांत गोयनार ने बताया कि जमीन को लेकर दो लोगों के नाम सामने आए हैं। उन्होंने जमीन किसी और को बेचने की बात कही है। अधिकारियों के मुताबिक, संबंधित लोगों पर एफआईआर या जुमार्ने की कार्रवाई होगी। कचरे के खुले ढेर से आसपास के लोगों और मदरसे के बच्चों की सुरक्षा पर सवाल उठ रहे हैं। स्वच्छ भारत मिशन 2016 और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नियमों के तहत भी कार्रवाई होगी।

मधुमक्खियों के हमले से बुजुर्ग की मौत: बकरियां चराकर लौटते समय हमला

देवास। देवास जिले के रातातलाई में 60 साल के शेर सिंह मानकर की मधुमक्खियों के हमले से मौत हो गई। मंगलवार को बकरियां चराकर घर लौटते समय उन पर मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। उनके पूरे शरीर पर डंक लगे। हमले के बाद शेर सिंह बचने के लिए पास की एक टापरी में लेट गए। परिजनों ने उन्हें बचाने के लिए बिस्तर ओढ़ाए। बाद में उन्हें उदयनगर के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि शेर सिंह पर पहले भी दो बार मधुमक्खियों ने हमला किया था। तब इलाज के बाद वे ठीक हो गए थे। हालांकि, तीसरी बार का यह हमला उनकी जान ले गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रोबेशन पीरियड में 'फेल' हुए तीन पटवारी नौकरी से बर्खास्त

देवास। जिले में तीन पटवारियों की सेवा समाप्त हो गई है। प्रोबेशन पीरियड में इनका काम संतोषजनक नहीं रहा है। इसके बाद इन्हें नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है। यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है, जब स्वामित्व योजना का काम पटवारी नहीं कर रहे हैं। देवासः मध्य प्रदेश में स्वामित्व योजना के अंतर्गत 50 लाख फ्री रजिस्ट्रियां होनी हैं। लेकिन पटवारियों ने हाथ खड़े कर दिए हैं। अभी तक फ्री रजिस्ट्रियों को गति नहीं मिल पाई। पटवारियों को आशंका है कि आगे चलकर कानूनी पचड़े में फंसेंगे।

उपज की तौल में देरी से भड़के किसान, मंडी गेट बंद कर हाईवे पर लगाया जाम

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ शाजापुर



स्थानीय कृषि उपज मंडी में अव्यवस्थाओं और उपज की तौल में हो रही भारी देरी के चलते किसानों के सब्र का बांध आखिरकार टूट गया। अपनी ही फसल बेचने के लिए घंटों से इंतजार कर रहे अन्नदाताओं ने मंडी प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए न सिर्फ मुख्य गेट बंद कर दिया, बल्कि एबी रोड पर उतरकर चक्काजाम कर दिया।

सड़क पर किसानों के इस जोरदार हंगामे के चलते हाईवे पर यातायात बुरी तरह प्रभावित रहा। जानकारी के मुताबिक दूर-दराज के गांवों से कई किसान अपनी उपज लेकर सोमवार शाम से ही मंडी पहुंच गए थे। रातभर इंतजार करने के बाद, जब अगले दिन मंगलवार की दोपहर बीत जाने पर भी उनकी उपज की तौल शुरू नहीं हो सकी, तो उनका आक्रोश भड़क उठा। किसानों का सीधा आरोप था कि मंडी में व्यवस्थाओं के नाम पर सिर्फ लापरवाही बरती जा रही है, जिसका खामियाजा उन्हें अपना कीमती समय बर्बाद करके भुगतना पड़ रहा है।

तौल में हो रही इसी लेटलतीफी से खफा किसानों ने एकजुट होकर मंडी का मुख्य द्वार बंद कर दिया और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इसके बाद आक्रोशित भीड़ एबी रोड पर जमा हो गई और रास्ता रोक दिया, जिससे सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। शाम करीब पौने चार बजे तक मंडी का द्वार बंद रहा और किसानों का प्रदर्शन जारी रहा।

हंगामे और चक्काजाम की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तुरंत मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने बिना देर किए मोर्चा संभाला और सड़क पर बैठे नाराज किसानों से चर्चा की। काफी जद्दोजहद और समझाइश के बाद, अधिकारियों द्वारा जल्द से जल्द तौल व्यवस्था सुचारू कराने के ठोस आश्वासन पर किसान माने। अधिकारियों के हस्तक्षेप से मामला शांत हुआ, जिसके बाद जाम खोला गया और हाईवे पर यातायात फिर से बहाल हो सका।



कबीर फाउंडेशन एवं अखिल भारतीय बलाई समाज ने एएसपी को दी विदाई

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ शाजापुर

कबीर फाउंडेशन एवं बलाई समाज द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक घनश्याम मालवीय का स्थानांतरण भोपाल हो जाने पर समाज की ओर से उनका विदाई सम्मान समारोह निजी होटल में आयोजित किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में विशेष अतिथि वरिष्ठ संरक्षक रामचंद्र चौहान, मार्गदर्शक डॉ.मनोज पंचोली मंचासीन रहे। अतिथियों ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज में एएसपी मालवीय जी जैसे विरले अधिकारी होते हैं जो सरल और सहज तरीके से प्रशासनिक सेवा में होते हुए भी समाज की मदद करते हैं। वहीं मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी घनश्याम मालवीय ने कहा कि मैं जहां भी शासकीय सेवा में रहा हूं। मैने अपने कर्तव्य के साथ साथ सभी की मदद करने का पूर्ण प्रयास ईमानदारी से किया है। कार्यक्रम में में एएसपी का स्वागत कर उन्हे विदाई दी गई। साथ ही मनीष मालवीय एवं हृदय मांगरोलिया का पुलिस विभाग में चयन होने पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मालवीय ने दुपट्टे पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर टीआर सिसोदिया, बाबूलाल गोयल, कमल मालवीय, दयाराम मालवीय आदि उपस्थित थे।



कृषि मंडी में किसानों का चक्का जाम, तीन दिन से उपज की नीलामी नहीं होने से भड़के

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आगर मालवा

आगर मालवा कृषि उपज मंडी में पिछले तीन दिनों से अपनी उपज लेकर पहुंचे किसानों का आक्रोश बुधवार को सामने आया। समय पर उपज की नीलामी नहीं होने और भुगतान नगद नहीं मिलने से नाराज किसानों ने छावनी नाका चौराहे पर चक्का जाम कर दिया। इससे कुछ समय तक यातायात प्रभावित रहा। हालांकि किसानों ने एंबुलेंस को रास्ता दिया।

किसानों का कहना था कि तीन दिन से मंडी में उपज लेकर आने के बावजूद समय पर नीलामी नहीं हो रही है। वहीं व्यापारियों द्वारा फसल का भुगतान नगद करने के बजाय आरटीजीएस से बैंक खातों में किया जा रहा है। किसानों ने भुगतान नगद करने की मांग की। इसके अलावा हम्माली 10 से बढ़ाकर 20 रुपए प्रति बोरी किए जाने का भी विरोध किया। किसानों ने इसे वापस 10 रुपए करने की मांग रखी।

चक्का जाम की सूचना मिलने पर एसडीएम कमल मंडलोई मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। समझाइश और आश्वासन के बाद किसानों ने चक्का जाम समाप्त कर दिया। इसके बाद किसान अपनी उपज और ट्रैक्टर लेकर वापस कृषि उपज मंडी की ओर रवाना हो गए।



आगर में जुए के अड्डे पर पुलिस की दबिशः 16,750 नकद सहित 56,750 का सामान जब्त, 10 जुआरी पकड़े

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ आगर मालवा

।आगर मालवा में पुलिस ने तनोडिया-खेमा खेड़ी रोड पर एक खंडहरनुमा जगह से 10जुआरियों को पकड़ा है। पुलिस ने उनके पास से 16,750 रुपये नकद, 4 एंड्रॉइड मोबाइल और 52 ताश के पत्ते जब्त किए। जब्त सामान की कुल कीमत 56,750 रुपये बताई गई है।

पुलिस को 6-7 अक्टूबर की रात सूचना मिली थी कि इस जगह पर कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना मिलने पर सउनि कमल राठौड़ के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर छापा मारा। मौके से जुआ खेलते हुए 10 लोगों को पकड़ा गया।

पुलिस ने बुधवार को सभी आरोपियों के खिलाफ कोतवाली आगर में मध्यप्रदेश पब्लिक गैंबलिंग एक्ट की धारा 13 के तहत केस दर्ज किया। कानूनी प्रावधानों के तहत आरोपियों को नोटिस देकर जांच में शामिल किया गया है। पुलिस ने बताया कि जुआ और सट्टे जैसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

रात के अंधेरे में पिकअप चालक से लूट करने वाले बदमाश को ग्रामीणों ने दबोचा

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ शाजापुर



रात के अंधेरे में पिकअप चालक के साथ मारपीट कर लूट करने वाले बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले किया। वहीं एक आरोपी फरार है जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। जानकारी के अनुसार सोमवार रात करीब 12.30 बजे फरियादी इमरान सोयाबीन से भरी पिकअप लेकर देवास मंडी जा रहा था। इस दौरान पचोर फंटे के पास मोटरसाइकिल सवार दो व्यक्तियों ने पिकअप को ओवरटेक कर रुकवाया और फरियादी को वाहन से नीचे उतारकर उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने फरियादी इमरान की जेब से उसका पर्स छीन लिया और सोयाबीन की बोरी लूटने का प्रयास किया। इस दौरान मौके से गुजर रहे कार चालक ने बीच बचाव करने की कोशिश की तो आरोपियों ने उस पर भी पथराव कर दिया। घटना के बाद शोर मचाने पर फरियादी इमरान एवं ग्रामीणों ने एक आरोपी को मौके पर पकड़ लिया। जबकि दूसरा आरोपी पर्स लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने आरोपी को चौकी दुपाड़ा के सुपुर्द किया, जहां पूछताछ करने पर आरोपी ने अपना नाम सचिन पिता कमल निवासी रूलकी बताया और अपने फरार साथी का नाम गोलू पिता ललित निवासी रूलकी बताया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और फरार की तलाश जारी है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सचिन ने पूछताछ में माह सितंबर में भोपाल से मोटरसाइकिल चोरी करना भी बताया है। पुलिस द्वारा आरोपी के कब्जे से एक लाख रुपये से अधिक कीमत का मशरूका बरामद किया गया है।

राहुल-प्रियंका की हिरासत के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

देवास। दिल्ली में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को हिरासत में लेने के विरोध में देवास में कांग्रेस कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया। मंगलवार रात सयाजी द्वार पर कार्यकताओं ने राहुल गांधी के पोस्टर और तिरंगा लेकर नारेबाजी की। इसके बाद उन्होंने पुतला जलाया। पुतला दहन के दौरान आग भड़कने पर मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों को उसे बुझाने में काफी मेहनत करनी पड़ी। कुछ देर के लिए कार्यकर्ताओं ने सड़क पर धरना देकर नारेबाजी की।

In The Court Of VII Civil Judge Class-1, District Court, Ujjain

Presiding Officer श्री राघवेन्द्र पटेल

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MIC SUC/0000031/2026)

शलज दीक्षित -आवेदक

विरुद्ध

केनरा बैंक द्वारा शाखा प्रबंधक -अनावेदक

Process Id/2026
पेशी दिनांकः 30.10.2026

प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शलज दीक्षित पिता स्व. श्री हरि ओम दीक्षित, आयु-52 वर्ष, व्यवसाय-नोकरी, निवासी- टॉवर 3 फ्रेट नं 1306 L & T Emarald Isle सकी विहार रोड अंधेरी ईस्ट ग्रेटर मुम्बई मुम्बई सबअर्बन महाराष्ट्र 400072 की ओर से एक आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के अधीन आवेदक तथा अनावेदक नं.२ श्रीमती श्वेता चन्द्रा पत्नि श्री आयुष चन्द्रा, आयु-46 वर्ष, व्यवसाय-नौकरी, निवासी-10/91 इन्द्रा नगर लखनऊ उप्र 226016 के पिता श्री हरि ओम दीक्षित पिता श्री रामचरणजी दीक्षित उज्जैन शहर के मकान नं.81 आजाद नगर उज्जैन के स्थाई निवासी थे, उनका स्वर्गवास उज्जैन शहर में दिनांक 26.12.2024 को माता श्रीमती आशा दीक्षित का देहांत दिनांक 08.02.2019 को हो चुका है। आवेदक एवं अनावेदक क्र.2 के अतिरिक्त स्व हरि ओम दीक्षित का कोई वैधानिक वारिस अथवा उत्तराधिकारी नहीं है और स्व. हरि ओम दीक्षित ने अपने जीवनकाल में कोई वसीयत निष्पादित नहीं की है। आवेदक एवं अनावेदक क्रं.२ के पिता स्व.श्री हरि ओम दीक्षित द्वारा अनावेदक क्रं. 1 केनरा बैंक द्वारा शाखा प्रबंधक शाखा दशहरा मैदान उज्जैन में अपने स्वयं की अर्जित आय से दो एफ डी आर खाता क्रमांक-14000550003 में 805167.39 रुपये की एवं खाता क्रमांक 140006868006 में 596774.26 रुपये के नाम से है। आवेदक पता ने मृतक श्री हरि ओम दीक्षित पिता श्री रामचरणजी दीक्षित की अनोवदक क्र.1 बैंक में उपरोक्त एफ डी आर की राशि संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को नियत है।

बंदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 30 अक्टूबर 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 23 सितम्बर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उल तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(राघवेन्द्र पटेल)
सप्तम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड उज्जैन (म .प्र)

नाम परिवर्तन सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी कक्षा 10 वीं की अंकसूची (मार्कशीट) में त्रुटिवश मेरे पिता का नाम केदार परिहार गलत अंकित है मेरे पिता का सही नाम केदारनाथ परिहार है। जो मेरे अन्य सभी शासकीय एवं आवश्यक दस्तावेजों में भी दर्ज है।

दिव्यांश परिहार पिता केदारनाथ परिहार 62, कमल कालोनी उज्जैन(म.प्र) 456006

NAME CHANGE

IT IS HEREBY INFORMED TO THE GENERAL PUBLIC THAT MY FATHER'S NAME IS WRONGLY MENTIONED AS KEDAR PARIHAR IN MY CLASS 10TH MARK-SHEET THE CORRECT NAME IS KEDARNATH. PARI HAR WHICH IS ALSO MENTIONED IN All MY OTHER GOVERN-MENT AND IMPORTANT DOCUMENTS.

DIVYANSH PARIHAR SIO KEDAR NATH PAR-IHAR 62, KAMAL COLONY USSAIN. (MP) 456006

In The Court Of II Additional Judge to I Civil Judge Class-I, Teh Nagda District Court, Ujjain

Presiding Officer: श्री मनीष पाण्डेय

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJC SUC/0000004/2026)

समरथ आदि -आवेदक

विरुद्ध

सर्वसाधारण -अनावेदक

Process Id/2026
पेशी दिनांकः 12.11.2026

प्रेषिती- (1) सर्वसाधारण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मृतक राजाराम बोडाना द्वारा मध्य प्रदेश बैंक शाखा नागदा मे खाता खुलवाया था जिसका खाता क्रमांक 042611010002562 है उक्त खाते के माध्यम से मृतक राजाराम बोडाना द्वारा प्रधानमंत्री जीवन बीमा योजना के अंर्तगत बीमा करवाया गया था जिसकी प्रीमीयम की राशि भी उक्त खाते में जमा होती रही किंतु उस समय मृतक द्वारा किसी को भी उपरोक्त खाते में वारिसान के रुप में नामिनी नही किया था अतः मृतक राजाराम बोडाना की मृत्यु के बाद उनके उत्तराधिकारी अनावेदक क्रमांक 02 को राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 12.11.2026 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 12.11.2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।

यह आज तारीख 01.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(मनीष पाण्डेय)
व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
नागदा जिला-उज्जैन (म.प्र.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद शाजापुर म.प्र.

क्रमांक/निर्माण शाखा/2026/3317 शाजापुर, दिनांकः– 07.10.2026

//ई–निविदा आमंत्रण–सूचना//

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार से आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेंडर क. एवं जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य अमानत राशि (रूपये में)	निविदा क अंतिम ति
1	2026_UAD_541430_1 07-10-2026	बस स्टेण्ड ट्रेफिक चौराह से अस्पताल चौराहा तक डामरीकरण कार्य	01. 90 दिन 02. 24.35 (लाखं)	01. 5,000.00 02. 18,300.00	07.11.20 05:30 P
2	2026_UAD_541430_1 07-10-2026	वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए नगर की विभिन्न डामरीकृत सड़को पर पेचवर्क कार्य	01. 365 दिन 02. 08.47 (लाखं)	01. 2,000.00 02. 8,500.00	14.10.20 05:30 P
3	2026_UAD_541442_1 07-10-2026	सांसद निधि अंतर्गत वार्ड क्र. 13 कब्रस्तान जंगलशाह गिरवर में हॉल निर्माण कार्य	02. 90 दिन 02. 06.04 (लाखं)	01. 2,000.00 02. 6,000.00	14.10.20 05:30 P

प्रेम जैन, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर
पं.संतोष जोशी, उपाध्यक्ष, नगर पालिका परिषद शाजापुर
कौशल बंटी कसेरा, सभापति, लोकनिर्माण,उद्यान,विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग नगर पालिका परिषद शाजापुर
भूपेन्द्र कुमार दीक्षित, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद शाजापुर

नोटः–निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद शाजापुर

दिल्ली के सीमापुरी में पांच मंजिला बिल्डिंग गिरी

नई दिल्ली। दिल्ली में मछली मंडी के पास सीमापुरी इलाके में बुधवार को मंजिला इमारत गिर गई। न्यूज एजेंसी आईएएनएस के मुताबिक, बिल्डिंग मालिक के परिवार समेत 8 से 10 लोग मलबे में दबे हुए हैं। अब तक 2 बच्चों समेत 8 लोगों को सुरक्षित निकाला जा चुका है। इलाज के दौरान एक बच्चे की मौत हो गई। रेस्क्यू टीमें बचाव कार्य में जुटी हुई हैं।यह इमारत ईदगाह मस्जिद के पास थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि हादसा दोपहर के करीब 3.10 बजे हुआ। हादसे के दौरान बिल्डिंग की पहली मंजिल पर एक परिवार के चार से पांच लोग मौजूद थे। घायलों को राजीव गांधी सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल ले जाया गया है।

गरबा उत्सव को लेकर विहिप की गाइडलाइन जारी

नीमच। शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व को देखते हुए विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल नीमच जिला इकाई ने गरबा आयोजनों की शुचिता, सुरक्षा और परंपरा को बनाए रखने के लिए विस्तृत गाइडलाइन जारी की है। विहिप जिला मंत्री कैलाश मालवीय ने बताया कि गरबा आयोजकों और जिला प्रशासन को पत्र सौंपकर इन नियमों का कड़ाई से पालन कराने का आग्रह किया है। विहिप पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गरबा केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि माँ आदिशक्ति की पारंपरिक और धार्मिक उपासना का पर्व है। इसे ध्यान में रखते हुए आयोजनों में सनातन संस्कृति और मर्यादा का विशेष ध्यान रखा जाए। पहचान पत्र की अनिवार्यता- गरबा पांडालों में प्रवेश से पहले प्रतिभागियों एवं दर्शकों का आधार कार्ड या वैध पहचान पत्र जांचा जाए। गैर-हिंदुओं के प्रवेश पर रोक संगठन ने स्पष्ट मांग रखी है कि गरबा स्थलों पर गैर-हिंदू व्यक्तियों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित रखा जाए, चाहे वह लाइट साउंड टेंट संबंधी किसी गतिविधि से जुड़ा हुआ हो या पत्रकार ही क्यों ना हो प्रवेश पूरी तरह निषेध रहेगा । प्रवेश द्वार पर तिलक लगाकर एवं गंगाजल छिड़ककर ही प्रवेश देने की सलाह दी गई है।

सोयाबीन कटाई के बाद नरवाई नहीं जलायें किसान

इंदौर। इंदौर जिले में सोयाबीन फसल की कटाई का कार्य प्रारंभ हो गया है। सोयाबीन की कटाई के पश्चात खेतों में बचे फसल अवशेष (नरवाई) को जलाने की प्रवृत्ति से पर्यावरण प्रदूषण के साथ-साथ मिट्टी की संरचना एवं उर्वरा शक्ति भी प्रभावित होती है। नरवाई जलाना खेती के लिए नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण एवं जन-धन की सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा है। जिला प्रशासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील की गई है। फसल अवशेष प्रबंधन के संबंध में जिले के समस्त विकासखण्डों की प्रत्येक ग्राम पंचायत मुख्यालय पर कृषि विभाग के मैदानी अधिकारियों, राजस्व विभाग के पटवारी एवं पंचायत विभाग के पंचायत सचिव के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसान तथा इसके उचित प्रबंधन के उपायों की जानकारी दी जाएगी। मध्यप्रदेश शासन के प्रावधानों के अनुसार नरवाई जलाने पर पर्यावरण क्षति के रूप में आर्थिक दण्ड का प्रावधान निर्धारित किया गया है। इसके तहत 2 एकड़ तक भूमि वाले व्यक्ति, निकाय अथवा कृषक द्वारा नरवाई जलाने पर प्रति घटना 2 हजार 500 रुपये, 2 से 5 एकड़ तक भूमि वाले कृषक द्वारा नरवाई जलाने पर प्रति घटना 5 हजार रुपये तथा 5 एकड़ से अधिक भूमि वाले कृषक द्वारा नरवाई जलाने पर प्रति घटना 15 हजार रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि के रूप में आर्थिक दण्ड निर्धारित है। नरवाई में आग लगाने पर पुलिस द्वारा प्रकरण भी कायम किया जा सकता है।

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वास्थ्य जांच शिविर

इंदौर। शासकीय महाविद्यालय खजराना, इंदौर में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. अर्चना शर्मा के मार्गदर्शन में रेड रिबन क्लब के तत्वावधान में 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत एक दिवसीय स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेदांता फाउंडेशन, इंदौर की विशेषज्ञ टीम द्वारा लगभग 98 छात्र-छात्राओं एवं महाविद्यालयीन स्टाफ का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर के दौरान प्रतिभागियों की ब्लड प्रेशर, वजन, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन एवं ईसीजी सहित विभिन्न स्वास्थ्य जांचें की गईं। जांच के उपरांत आवश्यकता अनुसार स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी प्रदान किया गया। कार्यक्रम में मेदांता फाउंडेशन, इंदौर के सीएसआर मैनेजर अनिल शर्मा एवं डायटिशियन डॉ. कन्हैया चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री अनिल शर्मा ने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने के महत्व की जानकारी दी। उचित डाइट लेने की विधि तथा स्वस्थ जीवनशैली के संबंध में विद्यार्थियों को उपयोगी जानकारी प्रदान की।

दिव्यांगजनों को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसरों की दी जाएगी जानकारी

इंदौर। सेवा मेरा योगदान अभियान (सेवा संकल्प अभियान-2026) के अंतर्गत जिला प्रशासन एवं सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के मार्गदर्शन में वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों के हित में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 8 अक्टूबर 2026 को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। कार्यक्रम कलेक्टर कार्यालय स्थित कक्ष क्रमांक 210 ऑडिटोरियम में प्रात: 11 बजे से आयोजित होगा। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को विकास, स्वरोजगार एवं रोजगार के विभिन्न अवसरों से संबंधित जानकारी प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम में सांसद श्री शंकर लालवानी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना मालवीय विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

केंट थाना पुलिस की सक्रिय कार्यवाही

दैनिक अवन्तिका » गुना

पुलिस अधीक्षक श्रीमती हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा जिले में संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने एवं चोरी, नकबजनी तथा डकैती जैसी वारदातों में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ हेतु लगातार त्वरित एवं सख्त कार्यवाहियां की जा रही हैं। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में कैंट थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप कुमार भार्गव और उनकी टीम द्वारा वर्ष 2021 में कुशमौदा क्षेत्र स्थित उदगम रेशीडेंसी में डकैती के प्रकरण में घटना दिनांक से फरार 05 हजार रूपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में महत्वपूर्ण सफलता हासिल की गई है ।

गौरतलब है कि दिनांक 21-22 जुलाई 2021 की रात्रि में 8-10 अज्ञात बदमाशों द्वारा गुना शहर के कुशमौदा क्षेत्रांतर्गत उदगम रेसीडेंसी में नीरज अग्रवाल के यहां डकैती की घटना घटित की गई थी । डकैती की इस घटना को लेकर कंेट थाने में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अप.क्र. 717/21 धारा 382 भादवि तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया था । विवेचना में आये तथ्यों के आधार पर प्रकरण में धारा 395, 450 भादवि का इजाफा किया गया था । घटना की गंभीरता को देखते हुए के गुना पुलिस अधीक्षक की ओर से प्रकरण के आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चत किये जाने हेतु आरोपियों की गिरफ्तारी पर 05-05 हजार रूपये इनाम उदघोषित किया गया था । प्रकरण में गुना पुलिस द्वारा तत्परता पूर्वक कार्यवाही करते हुए मात्र 06 घंटे के भीतर ही डकैती की उक्त घटना का खुलासा किया गया था । केंट थाना पुलिस द्वारा प्रकरण के फरार आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु सक्रिय कार्यवाही करते हुए 06 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है । प्रकरण में फरार शेष आरोपियों की तलाश जारी रखते हुए पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं । जिसके क्रम में गत दिनांक 04 अक्टूबर 2026 को फरार एक और आरोपी के संबंध में मुखबिर से सटीक सूचना मिलने पर केंट थाना पुलिस द्वारा त्वरित एवं प्रभावी कार्यवाही कर प्रकरण में घटना दिनांक से फरार आरोपी राहुल पुत्र गुमान पारदी उम्र 26 साल निवासी ग्राम बीलाखेड़ी थाना धरनावदा जिला गुना को और गिरफ्तार कर लिया गया एवं विधिवत कार्यवाही उपरांत उसे आज दिनांक 05 अक्टूबर 2026 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया है। प्रकरण में फरार शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं । डकैती के प्रकरण में गिरफ्तार शुदा आरोपी राहुल पारदी के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड की जांच करने पर उसके विरूद्ध धरनावदा थाने में अप.क्र. 121/13 धारा 323, 294, 506(बी), 34 भादवि, अप.क्र. 4/17 धारा 394 भादवि, अप.क्र. 192/18 धारा 147, 148, 149, 294, 353, 336, 506, 427 भादवि, अप.क्र. 195/22 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट, थाना फतेहगढ में अप.क्र. 192/20 धारा 395, 412 भादवि, थाना राघौगढ में अप.क्र. 378/20 धारा 392 भादवि एक्ट, कैंट थाने में अप.क्र. 717/21 धारा 382, 395, 450 भादवि एवं हरियाणा के हिसार जिले के थाना अरवन स्टेट में अप.क्र. 229/21 धारा 457, 380 भादवि सहित कुल 08 अपराध दर्ज पाए गए हैं । इसके साथ ही फतेहगढ थाने के अप.क्र. 192/20 धारा 395, 412 भादवि में आरोपी के न्यायलयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर माननीय न्यायालय गुना से न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 188/20 में आरोपी के विरूद्ध स्थाई वारंट जारी पाया गया।

पटवारियों के निलंबन के विरोध में 3 दिवसीय हड़ताल,प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

गुना। स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 के संबंध में पटवारियों के निलंबन एवं सेवा समाप्ति की कार्रवाई के विरोध में पटवारी संघ ने मोर्चा खोल दिया है। प्रांतीय आह्वान पर प्रदेशभर में पटवारियों द्वारा 7 अक्टूबर 2026 से तीन दिवसीय सामूहिक हड़ताल शुरू की गई है। इसी क्रम में गुना जिले के पटवारियों ने रैली निकालकर जिला दंडाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निलंबन की कार्रवाई वापस लेने की मांग की है। मौके पर प्रशासन से कोई आश्वासन नहीं मिलने पर सभी पटवारी कलेक्ट्रेट के गेट पर बैठ गए हैं। जिला प्रशासन को दिए गए ज्ञापन में पटवारी संघ ने उल्लेख किया है कि प्रदेश के पटवारी स्वामित्व रजिस्ट्री में विक्रेता बनने के निर्णय का विरोध कर रहे हैं। संघ के अनुसार, प्रदेश के अन्य 43 जिलों की तरह गुना जिले में भी स्वामित्व रजिस्ट्री की संख्या शून्य है। काम बंद आंदोलन के बीच जिला प्रशासन द्वारा परिवीक्षाधीन पटवारियों को सेवा समाप्ति के नोटिस व्हाट्सएप के माध्यम से दिए जाने का आरोप लगाया गया है।

संघ का आरोप है कि बिना नोटिस की तामीली एवं निर्धारित विधिक प्रक्रिया का पालन किए जिलाध्यक्ष महेंद्र सिंह किरार सहित पटवारी ललित मोहन शर्मा, विजय सिंह भील और मेहरबान भील को निलंबित किया गया है। पटवारी संघ ने इस कार्रवाई को वापस लेने की मांग की है। ज्ञापन में देवास जिले में भी चार पटवारियों के खिलाफ बिना नोटिस एकपक्षीय सेवा समाप्ति की कार्रवाई किए जाने का उल्लेख करते हुए विरोध जताया है। संघ का कहना है कि प्रदेश स्तर पर प्रांतीय पटवारी संघ भोपाल एवं मध्यप्रदेश पटवारी संघ भोपाल की संयुक्त बैठक में तीन दिवसीय सामूहिक हड़ताल का निर्णय लिया गया है।

कृषि उपज मंडी आरोन में ली गयी समन्वय बैठक

गुना। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी आरोन सुश्री मंजूषा खत्री द्वारा मंडी परिसर आरोन का निरीक्षण कर व्यापारियों, किसान संघ प्रतिनिधि, तुलावटी संघ प्रतिनिधि एवं मंडी कर्मचारियों के साथ आगामी समय मे मंडी की व्यवस्थाओं के संबंध में समन्वय बैठक ली गयी।

इस बैठक में व्यापारियों के मुद्दे एवं किसान संघ के उपस्थित प्रतिनिधि के मुद्दों पर विचार विमर्श कर समाधान किया गया। उक्त बैठक में की गई चर्चा अनुसार मंडी में पर्याप्त प्रकाश, पेयजल, सड़क एवं स्वच्छता बनाने हेतु एवं मंडी में आगामी खरीदी के लिए व्यवस्थित वाहन खडे किए जाने हेतु परमानेंट लाइन मार्किंग किए जाने हेतु मंडी सचिव को निर्देशित किया गया। मंडी में ड्यूटी पर उपस्थित कर्मचारियों को ड्रेस में रहने हेतु मंडी सचिव को निर्देशित किया गया।

जाहिर सूचना

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार मोहम्मद शाहीद कुरैशी पिता सत्तार मोहम्मद कुरैशी ने स्वयं के स्वत्व एवं आधिपत्य का मकान 19, कंचनविहार नीलगंगा, उज्जैन (म.प्र.) जिसका क्षेत्रफल 74.42 वर्गमीटर में स्थित है, को पंजाब नेशनल बैंक शाखा टॉवर चौक, फ्रीगंज, उज्जैन में रहन रखकर ऋण लेने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक का कोई हित, हक, कर्जा, दावा, बख्शीश या लेना-देना हो तो आज सूचना प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित प्रमाण मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। दिनांक-08-10-2026

अजय बासवान हाई कोर्ट एडवोकेट
कार्यालय - चेम्बर नं.24, जिला कोर्ट परिसर उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9827355306

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूखण्ड क्रमांक 141 जो कि तिरूपति एन्क्लेव ग्राम मेन्डिया तहसील व जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुल क्षेत्रफ्ल 92.96 वर्गमीटर अर्थात 1000 वर्गफीट। जिसकी चर्तुसीमा इस प्रकार पूर्व में- भूखण्ड क्रं. 112, पश्चिम में- रास्ता कॉलोनी का, उत्तर में- भूखण्ड क्रं. 140 एवं दक्षिण में- भूखण्ड क्रमांक 142 स्थित है। उक्त संपत्ति को क्रय करने का अनुबंध मेरे पक्षकार ने संपत्ति के वर्तमान स्वामी श्री भंवर प्रजापत पिता श्री हरिरामजी प्रजापत निवासी- ग्राम कराड़िया उर्फ नवाखेड़ा तहसील व जिला उज्जैन तथा श्री महेन्द्र प्रजापत पिता श्री घनश्याम प्रजापत निवासी- ग्राम निनोरा तहसील व जिला उज्जैन से किया है तथा मेरे पक्षकार ने उक्त संपत्ति कि बयाना पेटे राशि अदा कर दी है तथा शेष राशि अदा करके उक्त संपत्ति का विक्रय पत्र का निष्पादन मेरे पक्षकार के हित में कराया जाना शेष है। अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त संपत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त भूखण्ड़ पर अन्य किसी व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त भूखण्ड़ के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी का कोई विवाद हो या कोई न्यायालीन विवाद हो या परिवार के किसी सदस्य को आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सपंत्ति के विक्रय पत्र का निष्पादन अपने हित में करवा लिया जावेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्तिमान्य नहीं होगी।

सूचित हो । दिनांक 07/10/2026

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3 तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन
मो.9301860352

जाहिर सूचना

मेरे पक्षकार Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड कार्यालय दूसरी मंजिल ए 6/3 महांकाल वाणिज्य केन्द्र नानाखेडा उज्जैन म.प्र. की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि भूखण्ड क्रमांक 41 जो भूमि सर्वे क्रमांक 421/1/2, 423/1 मिन-2, 424/1मिन-2, 425/1मिन-2 का भाग होकर महादेव कॉलोनी वार्ड न. 06 कस्बा महिदपुर तहसील महिदपुर जिला उज्जैन म.प्र. में स्थित है। जिसका कुलक्षेत्रफल 92.96 वर्गमीटर है। जिसके पूर्व में- रोड़, पश्चिम मे- भूमि सब जेल महिदपुर, उत्तर में- भूमि महादेव जी यादव, दक्षिण में- भवन हुकुमचंद जी उपाध्याय का स्थित है। उक्त संपत्ति राघवप्रसाद पिता श्री बालकृष्ण मिश्रा ने इसके पूर्वस्वामी कलाबाई रावल पति श्री रमेशचंद्र रावल से रजिस्टर्ड विक्रय पत्र क्रमांक 1338 दिनांक 19/03/2002 के माध्यम से क्रय कि। एवं राघवप्रसाद का स्वर्गवास दिनांक 07/05/2021 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी अंजनी कुमार पिता राघवप्रसाद एवं विमला पति राघवप्रसाद ने राजस्व रिकार्ड में प्रकरण क्रमांक 1027/ए-6/22-23 दिनांक 13/10/2022 को अपना नाम दर्ज करवाया। तथा विमला पति राघवप्रसाद का स्वर्गवास दिनांक 19/11/2025 को हो जाने के पश्चात उक्त संपत्ति के स्वामी अंजनी कुमार हुये। तथ अंजनी कुमार ने उक्त संपत्ति पर ऋ़ण प्राप्त करने हेतु ज्तनीवउम(श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन में आवेदन किया हैं तथा मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति बंधक करने जा रहे हैं, अत: सूचित किया जाता हैं कि यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी का कोई हक, हित, हिस्सा, अधिकार आदि हो या उक्त सम्पत्ति पर किसी बैंक, व्यक्ति, प्राइवेट संस्था, पैढी आदि का कोई लेना-देना बकाया हो या उक्त सम्पत्ति के स्वामित्व या कब्जे के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस जाहिर सूचना के प्रकाशन के दिनांक से सात दिवस की अवधि के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय लेखी प्रमाण के विधिवत् रूप से मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। ताकि उसका उचित निराकरण करवाया जा सकें। उक्त अवधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन द्वारा उक्त सम्पत्ति पर ऋ़ण स्वीकृत करने हेतु आगामी कार्यवाही की जावेगी। तथा ऋ़ण स्वीकृत किया जाने की दशा में उक्त सम्पत्ति पर प्रथम ऋ़ण भार Truhome (श्रीराम हाउसिंग) फायनेंस लिमिटेड उज्जैन का रहेगा। बाद में किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित हो। दिनांक 07/10/2026

तेजपाल परिहार एडवोकेट
ऑफिस क्रमांक 11, भवन क्रमांक 87/3
तुलसी कॉम्पलेक्स विक्रम मार्ग टॉवर चौराहा फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9301860352

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री गोविन्द परिहार पिता श्री प्रहलाद निवासी नागेश्वर नगर नानाखेड़ा तहसील व जिला उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति नगर पालिका निगम उज्जैन में भवन क्र.23, वार्ड क्र.48, जोन क्र.06, कुल क्षेत्रफल 300 sfts, नागेश्वर नगर कॉलोनी उज्जैन जिला उज्जैन मप्र. जिसकी चतुरसीमा इस प्रकार है। पूर्व में प्रेम सोलंकी का मकान, पश्चिम में अम्बाराम जी का मकान, उत्तर में संजू प्रजापत का मकान तथा दक्षिण में आम रास्ता है । यह कि सदर सम्पत्ति बाबद मूल पंजीकृत दान पत्र क्र, एमपी 17 / जी आर 18842026ए101166818 दिनांक 30/09/2026 जो कि दान करता श्रीमती जुलि परिहार पति श्री प्रहलाद परिहार से दान ग्रहीता श्री गोविन्द परिहार पिता श्री प्रहलाद से दान में प्राप्त की है। सदर सम्पत्ति को उपरोक्त स्वामी द्वारा मेरे पक्षकार इंडिया शेल्टर होम लोन्स (India Shelter Home Loans) में बंधक रख कर ऋ़ण प्राप्त किया जाना प्रस्तावित है। अत: सदर सम्पत्ति बबाद किसी व्यक्ति संस्था बैंक वित्तीय संस्था शासकीय एवं अर्द्ध शासकीय विभाग, वारिसन, आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति या उजर हो तो इस जाहिर सुचना के प्रकाशन दिनांक से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय लेखी दस्तावेजों प्रमाण हमें सूचित करे अन्यथा बाद मियाद कोई भी आपत्ति मान्य योग्य नहीं होगी ।

राजेश सिंह सोलंकी अधिवक्ता
ऑफिस उप पंजीयक कार्यालय सोनकच्छ के सामने
सोनकच्छ जिला देवास म.प्र.
9827073351, 9424029051

जाहिर सूचना

आर्थिक रूप से कमजोर एवं निम्न आय वर्ग के आवेदन आमंत्रित करने बाबत

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है श्री योगेन्द्र सिंह सिसोदिया पिता श्री श्याम सिंह सिसोदिया निवासी-4/15 वसंत विहार नानाखेड़ा उज्जैन म.प्र. कार्यालय 71/4 संतराम सिन्धी कॉलोनी उज्जैन द्वारा विकसित कॉलोनी सांवरिया धाम कॉलोनी ग्राम लालपुर ग्राम पंचायत धतरावदा क्षेत्र तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र) में स्थित के कुल 3 भूखंड ई.डब्ल्यू. एस व 2 भूखंड एल. आय.जी. श्रेणी के विक्रय बाबत यह जाहिर सूचना दी जा रही है इन भूखंडो का विक्रय कलेक्टर गाइड लाइन मूल्य पर किया जावेगा। अत: इच्छुक व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि अपना आवेदन दिनांक 20-10-2026 तक विकासकर्ता के कार्यालय में जमा करावे। नोट: हितबद्ध व्यक्ति अपनी आय, वास्तविक निवास तथा यह कथित करते हुए शपथ पत्र की म.प्र. में उसके स्वयं के नाम या उसके परिवार के किन्ही सदस्य के नाम से कोई आवास भूखंड नही है के साथ आवेदन प्रस्तुत करे 7 आवेदन पत्र पते पर सुबह 11.00 से शाम 4.00 बजे तक जमा किये जा सकते है ।

हितेश थानी एडवोकेट
कार्यालय-71/4 संतराम सिन्धी कॉलोनी उज्जैन म.प्र.
कार्या.-50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड
(न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे) उज्जैन
मो. 8817888422

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सुचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी उंकारलाल पिता श्री हीरालाल जी दत्तक पुत्र पुंजाजी निवासी ग्राम ब्रजराजखेडी तहसील व जिला उज्जैन से उनके एकमेव स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर-147/1 रकबा 4.350 हेक्टयर में से रकबा 1. 000 हेक्टयर स्थित ग्राम ब्रजराजखेडी तहसील व जिला उज्जैन के पटवारी हल्का नम्बर 24 में स्थित होकर फ्रीहोल्ड राईट्स की भूमि है, जिसे मेरे पक्षकार ने क्रय करने का सौदा किया होकर आंशिक बयाना राशि अदा कर दी है और सौदा चिट्ठी का निष्पादन करवा लिया है तथा शेष राशि अदा कर केवल विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। उक्त कृषि भूमि में कोई व्यक्ति अथवा संस्था अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त कृषि भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक, अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋ़ण, भार, प्रभार या साहूकारी ऋ़ण, भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि 1 में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधी व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक-07.10.2026

राजेन्द्र जैन पोरवाड़ एडवोकेट
कार्या. बी-9. भरतपुरी काम्पलेक्स, आरटीओ के पीछे, उज्जैन
मो. 9993079516-9425094349

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1. कैलाश पिता स्वर्गीय अम्बारामजी 2. बद्री पिता स्वर्गीय अम्बारामजी 3. मुकेश पिता स्वर्गीय अम्बारामजी 4. दिनेष पिता स्वर्गीय अम्बारामजी 5. श्रीमती कमलाबाई बेवा अम्बारामजी 6. श्रीमती मायाबाई पुत्री स्वर्गीय अम्बारामजी 7. श्रीमती जस्सुबाई पुत्री स्वर्गीय अम्बारामजी 8. श्रीमती रामकुंवरबाई पुत्री स्वर्गीय अम्बारामजी 9. श्रीमती राजूबाई पुत्री स्वर्गीय अम्बारामजी 10, रोहित पिता स्वर्गीय जगदीश 11. राहुल पिता स्वर्गीय जगदीष 12. निषा पुत्री स्वर्गीय जगदीश 13. श्रीमती अंवताबाई बेवा जगदीशजी निवासीगण साहेबखेड़ी तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) से उनके संयुक्त स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि सर्वे क्रमांक 271/1/1 रकबा 0.3500 हेक्टर ग्राम साहेबखेड़ी प.ह.न. 00097 तहसील व जिला उज्जैन (म.प्र.) में स्थित है को मय तला व हवाई हक क्रय करने का सौदा किया होकर टोकन राशि अदा कर सौदा चिट्ठी का सम्पादन करवा लिया है तथा बयाना राशि अदा कर एग्रीमेन्ट का सम्पादन करवाया जाना है और अनुबंध पत्र अनुसार विक्रय पत्र का निष्पादन करवाया जाना है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक,अथवा सरकारी,साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋ़ण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग/व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विधिवत अनुबंध पत्र निष्पादन के पश्चात विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी। इति दिनांक:- 07/10/2026

श्रीमती नीलम अग्रवाल (एडवोकेट) एम.ए.एल.एल.बी.
डी-5, भरतपुरी शापिंग काम्पलेक्स आर.टी.ओ. ऑफ्सि के पीछे उज्जैन मो. 98264-44002

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने भूमि स्वामी शेषनारायण पिता नग्गा जाति बलाई निवासी व कृषक ग्राम झलारा तहसील माकडोन जिला उज्जैन म.प्र. ने अपने हक हिस्से व स्वामित्व व आधिपत्य की कृषि भूमि सर्वे नम्बर 185/1/1/1/1 रकबा 2.37 हेक्टर में से विक्रीत रकबा 0.50 हेक्टर भूमि कुल किता 01 कुल रकबा 0.50 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम झलारा तहसील मकाडोन जिला उज्जैन मध्यप्रदेश में स्थित होकर उपरोक्त भूमि को विक्रय करने का सौदा चिट्टी किया होकर क्रेता पक्ष से बयाना राशि प्राप्त कर ली होकर शेष बकाया धन राशि प्राप्त कर उक्त भूमि विक्रय पंजीयन केता पक्ष के नाम से करवाना शेष है। यदि उक्त भूमि पर किसी भी व्यक्ति बैंक अथवा अन्य ऋ़ण भार अथवा कोई व्यवहार किसी प्रकार का हो अथवा उक्त सम्पत्ति को रहन या अन्य प्रकार से अन्तरित या ऋ़ण भारीत की हो या किसी भी व्यक्ति को ऋ़णदायरी आदि हो तो इस जाहिर सुचना के प्रशसन से (07) सात दिवस की अवधि में मय लिखित प्रमाण मुझसे मेरे कार्यालय के समय मैं आकर सम्पर्क करे एवं अपना दावा एवं आपत्ति रखे अन्य दशा में बार अवधि मेरे पक्षकार द्वारा उक्त भूमि का विक्रय पत्र केता पक्ष कार द्वारा सम्पादन अपने हित में करवा लिया जायेगा व कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी सुचित हो ।

इति दिनांक 08-10-2026

राकेश शर्मा (सर्विस प्रोवाईडर)
तह कार्यालय के सामने बस स्टेंड ऑफिस नम्बर 07 ग्राम घट्टिया तहसील घट्टिया जिला उज्जैन
मो.नं-8719997462,9584898788

सूचना पत्र

प्रति

श्री राजकुमार प्रजापत एडवोकेट
कार्यालय ए-1, भरतपुरी कॉम्प्लेक्स देवास रोड़ उज्जैन।

महोदय,

आपके द्वारा अपने अनाम पक्षकार की ओर से दैनिक अवंतिका समाचार पत्र के दिनांक 02.10.2026 के अंक में श्रीमती लीलाबाई पति श्री श्यामलाल निवासी 277, ग्राम माधोपुरा, उंडासा मक्सी रोड़ उज्जैन की कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 753/1/1/2 (एस) रकबा 0.3890 हेक्टेयर स्थित उंडासा तहसील उज्जैन नगर जिला उज्जैन के विक्रय के संबंध में प्रकाशित की है। इस संदर्भ में आपको सूचित किया जाता है कि संबंध में न्यायालय पंचम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड उज्जैन के न्यायालय में प्रकरण कमांक आरसीएसए 721/24 (कैलाशचंद्र पिता नानूराम राठौर विरूद्ध आर. के. डेवलोपर्स आदि) जिसमें प्रतिवादी क. 4 के रूप में लीलाबाई पति श्यामलाल राठौर पक्षकार हैं। इस प्रकरण में माननीय न्यायालय द्वारा दिनांक 28.01.2025 को श्रीमती लीलाबाई व उनके अधिवक्ता की न्यायालय में उपस्थिति में यह आदेश पारित किया गया है कि, भूमि सर्वे क्रमांक 753/1/1/2 रकबा 0.398 हेक्टेयर स्थित ग्रान उंडासा तहसील व जिला उज्जैन का विकय न करके यथास्थिति बनाये रखे। इस प्रकार लीलाबाई द्वारा जो माननीय न्यायालय में लंबित प्रकरण में विक्रय के संबंध में यथास्थिति का आदेश जारी किया गया है। इस प्रकार आपके द्वारा प्रकाशित जाहिर सूचना के खण्डन/आपत्ति प्रेषित कर आपसे आग्रह किया जाता है कि चूंकि आप एक अभिभाषक हैं व आपको इस बात की जानकारी है कि माननीय न्यायालय के आदेश के उल्लंघन के wilful disobedience के क्या परिणाम होते हैं। आप मेहरबानी करके अपने अनाम पक्षकार को इस संबंध में जानकारी दें ताकि किसी भी प्रकार के न्यायालय के आदेश के उल्लंघन के दोषी न हो। अन्यथा मेरे पक्षकार को विवश होकर आपके व आपके अनाम पक्षकार के विरूद्ध माननीय न्यायालय के आदेश के उल्लंघन के wilful disobedience के संबंध में कार्यवाही की जायेगी जिसके समस्त परिणामों का उत्तरदायित्व आप व आपके अनाम पक्षकार का होगा। अपने पक्षकार के आदेश व निर्देशानुसार यह सूचना पत्र/आपत्ति पत्र आपको प्रेषित किया जा रहा है। इति दिनांक 6.10.26

सत्यनारायण ए. व्यास एडवोकेट
कार्यालय:- 39/1, सनराईज प्लाजा कमला नेहरू मार्ग, फ्रीगंज उज्जैन (म.प्र.) 456 001 फोन. 0734-3566165

IN THE COURT OF II CIVIL JUDGE CLASS I DISTRICT COURT, UJJAIN

PRESIDING OFFICER- श्री किशन देव सिंह पटेल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु) (RCSB /0000018/2024)

श्रीमती पूनम अग्रवाल.......वादी
विरूद्ध
भूपेन्द्र जायसवाल...........प्रतिवादी

प्रोसेस आईडी-/2026
पेशी दिनांक-16/10/2026

प्रेषिती- (1) भूपेन्द्र जायसवाल पिता सत्यनारायण जी जायसवाल पता- 81 द्वारकाधाम कालोनी मांगलिया आयुशी किराना स्टोर ए बी रोड मांगलिया तहसील सांवेर जिला इंदौर मप्र

यह कि प्रार्थी श्रीमती पूनम अग्रवाल पति श्री दीपक अग्रवाल, आयु-36 वर्ष, व्यवसाय-व्यापार, निवासी-107 सती मार्ग बुधवारिया उज्जैन ने आपके विरूद्ध एक वाद वास्तू आदेश 7 नियम 1 सीपीसी के अंतर्गत राशि वसूली 500000/- को मय ब्याज रुपये 43750/- दिलवाये जाने बाबत सिविल सूट बी के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 22 सितंबर 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है। 1.यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

श्री किशन देव सिंह पटेल
द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश
वरिष्ठ खण्ड जिला उज्जैन म. प्र.

न्यूज-कॉलम

सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित हुआ नेत्र परीक्षण

रतलाम । सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 16 स्थित भांभी मोहल्ला रामदेवजी का मंदिर परिसर में निःशुल्क नेत्र परीक्षण व चश्मा वितरण शिविर निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीशा शर्मा, रतलाम विकास प्राधिकरण अध्यक्ष मनोहर पोरवाल, उपाध्यक्ष प्रवीण सोनी, भाजपा जिला महामंत्री जयवंत कोठारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद राठौड़, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, मंडल अध्यक्ष नन्दकिशोर पवांर, कार्यक्रम प्रभारी संदीप यादव, रजनीश गोयल, क्षेत्रिय पार्षद रणजीत टांक, पार्षद धर्मेन्द्र रांका, एल्डरमेन हेमन्त राहौरी आदि के आतिथ्य में आयोजित हुआ। आयोजित शिविर में 500 से अधिक नागरिकों ने निःशुल्क नेत्र परीक्षण करवाया वहीं 150 से अधिक नागरिकों को चश्मा वितरण किया।

60 लीटर महुआ शराब के साथ दो गिरफ्तार

मंदसौर। जिले के सुवासरा थाना पुलिस ने देवरीया विजय फंटे से 60 ली. महुआ शराब के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जानकारी अनुसार पुलिस मुखबिर की सूचना पर मोटरसाइकिल क्र. आरजे 17 जीएस 6036 से परिवहन की जा रही 60 लीटर हाथ भट्टी महुआ शराब जप्त की। मामले में चन्दर (65) पिता फत्ता कंजर और शर्मा (25) पिता मुनीम कंजर दोनों निवासी बामनदेवरीया थाना उन्हेल नागेश्वर, जिला झालावाड) को गिरफ्तार किया। पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का सुनहरा मौका

रतलाम। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य प्रारंभ हो चुका है। इसके तहत 7,8 एवं 9 अक्टूबर को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर तीन दिवसीय विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। शिविरों में छूटे हुए पात्र नागरिकों के साथ-साथ नए युवाओं के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

सेवा ज्योति यात्रा का जिला स्तरीय आयोजन

नीमच, । प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मुख्यमंत्री एवं प्रधानमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन में 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का जिला स्तरीय कार्यक्रम बुधवार को टाउन हॉल नीमच में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिले की तीनों विधानसभा क्षेत्रों से जनप्रतिनिधि, अधिकारी, पदाधिकारी, युवा, मातृशक्ति एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों एवं उपस्थित जनों को नीमच जिले की विकास पुस्तिका भी वितरित की गई।

महापौर की अनुमति के बाद जारी होगा अनापत्ती प्रमाण-पत्र

रतलाम। महापौर प्रहलाद पटेल की अध्यक्षता में आयोजित महापौर परिषद की बैठक में निगम स्वामित्व की हरमाला फुलमण्डी की भूमि को पुलिस अधीक्षक जिला रतलाम को किये गये आवंटन के विरूद्ध माननीय न्यायालय में अपील वाद दायर करने का प्रस्ताव पारित किया गया। नगर निगम योजना क्रमांक 24 हरमाला रोड़ जो कि निगम स्वामित्व की भूमि होकर जहॉ पूर्व में सब्जी मण्डी बाद में फुलमण्डी संचालित होती थी वर्तमान में नगर निगम द्वारा उक्त भूमि पर योजनबद्ध तरीके से रेडी पटरी पर सब्जी फल फुट व्यापारियो के लिए डीपीआर बनाई गई है एवं ई-निविदा आमंत्रित की गई है ।

पश्चिम रेलवे - रतलाम मंडल
संख्या : EL-2026-27-14R दिनांक: 05.10.2026
ई-टेंडरिंग नोटिस
मंडल रेल प्रबंधक (बिजली / पॉवर शाखा) पश्चिम रेलवे रतलाम की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए "खुली निविदा ई-निविदा के माध्यम से वेब-साईट www.ireps.gov.in पर आमंत्रित करते है। विवरण इस प्रकार है। ई-टेंडरिंग संख्या: EL-2026-27-14R. कार्य का नाम: Ratlam Division - Electrical work for rewiring of staff quarters including improvement of supply arrangements. अनुमानित लागत: रु 1,97,87,556.71. बयाना राशी: रु 3,95,800/-. कार्य की समापन अवधि: 12 Months. वेबसाईट पर अपलोड करने की तिथि: 05.10.2026. निविदा खुलने की तिथि: 27.10.2026. विस्तृत निविदा सूचना अर्हता तर्ते एवं अन्य शर्ते वेब-साईट www.ireps.gov.in पर उपलब्धा टेंडर फॉर्म की कीमत NIL है। AK/7/1/285
हमें लाईक करें: facebook.com/WesternRly

25 वर्ष की जनसेवा पर विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति यात्रा का हुआ आयोजन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा को समर्पित 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा जिला मुख्यालय पर विकसित भारत संकल्प सभा एवं सेवा ज्योति संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा संभाग प्रभारी सुरेश आर्य, जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, विधायक हरदीपसिंह डंग, चंदरसिंह सिसौदिया, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, देवीलाल धाकड़, पूर्व जिलाध्यक्ष मदनलाल राठौर सहित अनेक भाजपाजन उपस्थित रहे। वर्चुअल उद्बोधन से पूर्व परिसर में देशभक्ति गीतों और भजन संध्या का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। सेवा ज्योति यात्रा के दौरानजिला जनसंपर्क विभाग द्वारा विकास पुस्तिकाओं का वितरण भी किया गया। इस दौरान शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से जुड़े प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के उद्बोधन का सीधा प्रसारण एल.ई.डी. स्क्रीन के माध्यम से देखा व सुना गया। वर्चुअल कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित जनों ने विकसित भारत का सामूहिक संकल्प लिया। इसके पश्चात सेवा ज्योति प्रज्वलित कर जिला मुख्यालय मंदसौर में चार प्रमुख मार्गों से होते हुए भव्य सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई, जिसके बाद सेवा ज्योति मशाल यात्रा जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों की ओर रवाना हुई। इस आयोजन में जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा पाटीदार, उपाध्यक्ष मनुप्रिया यादव, नपाध्यक्ष रमादेवी गुर्जर सहित जनपद, नगर परिषदों के अध्यक्ष, भाजपा के विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराना ने किया एवं आभार जिला उपाध्यक्ष जितेंद्रसिंह चौहान ने माना।

श्री कालिका माता नवरात्री मेला आयोजन हेतु राजस्व समिति की बैठक संपन्न

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम



महापौर प्रहलाद पटेल के निदेर्शानुसार नगर निगम द्वारा 11 अक्टूबर से आयोजित होने वाले श्री कालिका माता नवरात्री मेले के सफल आयोजन हेतु राजस्व समिति प्रभारी दिलीप गांधी की अध्यक्षता में समिति की बैठक समिति कक्ष में आयोजित हुई जिसमें महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये। आयोजित बैठक में अनुशंसा की गई कि महापौर प्रहलाद पटेल के निदेर्शानुसार नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी निःशुल्क पार्किंग की जाये तथा इसकी व्यवस्था यातायात विभाग को सौंपी जाये ताकि आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा ना हो। इसके अलावा मेले में लगने वाली खाद्य पदार्थ दुकान चाट, आईस्क्रीम, खान-पान, मनिहारी, खिलौने आदि मेले के प्रथम दिवस से ही प्रारंभ हो इस हेतु आवंटन प्रक्रिया 8 अक्टूबर तक पूर्ण करने की अनुषंसा की ताकि दुकानदारों को किसी प्रकार की असुविधा ना हो साथ ही मेले में लाईट व विद्युत सज्जा शरद पूर्णिमा तक किये जाने की भी अनुशंसा की गई।

बैठक में समिति द्वारा यह भी अनुशंसा की गई कि मेले में अवैध दुकानें ना लगें इसकी सुनिश्चित्ता की जाये साथ ही मेले में स्वच्छता बनी रहे इस हेतु दुकानदार अपनी दुकानों में 4-4 कचरा पात्र (डस्टबीन) अनिवार्य रूप से रखे जाकर कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन में डालें इसके अलावा दुकानदार दुकान लगाने की षर्तो का पालन करें।

इसके अलावा नागरिकों के सुविधा के दृष्टिगत नगर निगम द्वारा क्रय किये गये 2 नवीन चलित शौचालयों को मेला परिसर में रखे जाकर प्रतिदिन उनकी सफाई तथा मेला परिसर की प्रतिदिन सफाई कराये जाने की अनुशंसा बैठक में की गई।

आयोजित बैठक में समिति प्रभारी दिलीप गांधी के अलावा समिति सदस्य रणजीत टांक, योगेश पापटवाल, श्रीमती अनिता वसावा, श्रीमती भावना पैमाल, श्रीमती उमा डोई, उपायुक्त सचिन सिटोले, सहायक राजस्व निरीक्षक ऋषि पंड्या आदि उपस्थित थे।

मनासा में 34 छात्र-छात्राओं को मुफ्त स्कूटी वितरण

विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने मेधावी विद्यार्थियों को सौंपी चाबी



दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

जिले की मनासा तहसील क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले होनहार छात्र-छात्राओं के सपनों को आज उस समय नए पंख लग गए, जब उन्हें राज्य सरकार की योजना के तहत निःशुल्क स्कूटी वितरित की गई। स्थानीय पीएम श्री कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मनासा में बुधवार को तहसील स्तरीय स्कूटी वितरण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मनासा विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री अनिरुद्ध माधव मारू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ मंडल अध्यक्ष श्री कैलाश पुरोहित, मंडल अध्यक्ष श्री मुकेश डांगी, श्री आशीष सारड़ा और श्री सत्यनारायण मंडवारिया भी मंचासीन रहे। अतिथियों द्वारा तहसील के 34 प्रतिभावान विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबियां सौंपी गईं। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने सभी सफल छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने इस योजना की सार्थकता और सफलता को रेखांकित करते हुए कहा कि यह स्कूटी सिर्फ एक वाहन नहीं, बल्कि बच्चों की कड़ी मेहनत का पुरस्कार और उनके सुनहरे भविष्य की रफ्तार है। विधायक ने उपस्थित विद्यार्थियों को विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया।

नाकोड़ा फर्नीचर फैक्ट्री में दर रात भीषण आगजनी, भारी नुकसान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नीमच

शहर की प्रसिद्ध फर्नीचर निमार्ता शोरूम फर्म नाकोड़ा फर्नीचर फैक्ट्री के मालखेड़ा-सिंगोली रोड पर मंगलवार देर रात भीषण आग लग गई। शहर के पी.जी. कॉलेज के आगे स्थित श्री नाकोड़ा इंटीरियो फर्नीचर फैक्ट्री में दर रात अचानक भीषण आग भड़क उठी। आग से फैक्ट्री परिसर से उठा धुएं का गुबार दूर-दूर तक आसमान में दिखाई दिया । भीषण आगजनी से हड़कम्प मच गया।

मौके से सामने आई तस्वीरों में फैक्ट्री के बाहरी और पिछले हिस्से में आग की तेज लपटें उठती दिखाई दी । आग के विकराल रूप लेती देख आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। फर्नीचर निर्माण से जुड़ी फैक्ट्री परिसर में लकड़ी, प्लाईवुड, फोम, केमिकल सहित बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री मौजूद होने के कारण आग के तेजी से फैली और भारी नुकसान हो गया आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया और धुएं का घना गुबार पूरे क्षेत्र में फैल गया। आग की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और नगर पालिका के दमकल अमले को तत्काल सूचना दी गई। दमकल गाडियों को आग पर काबू पाने के लिए मौके की ओर रवाना किया गया। पुलिस प्रशासन को भी घटना की जानकारी दी गई है। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। शॉर्ट सर्किट अथवा अन्य तकनीकी कारण की आशंका जताई गई है द्य लेकिन आधिकारिक पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसे में फिलहाल किसी जनहानि की सूचना नहीं है।

महाराजा अग्रसेन के समाजवाद के संदेश को आज भी समाज कर रहा है पालन-डॉ. शास्त्री

अग्रवाल समाज देशी पंचायत ने छः दिवसीय सांस्कृतिक समारोह का किया आगाज

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मंदसौर



अग्रवाल समाज देशी पंचायत द्वारा पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन जी की जयंती के अवसर पर नरसिंहपुरा स्थित अग्रसेन मांगलिक भवन में छः दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ भागवताचार्य डॉ. देवेंद्र शास्त्री के सानिध्य में समाज के पूर्व अध्यक्षगण सर्व श्री राजेंद्र अग्रवाल , नंदकिशोर अग्रवाल राजमल गर्ग, नरेंद्र अग्रवाल, आशीष गुप्ता, समाजसेवी हरीश गर्ग केडिया एवं सुनील मित्तल ने द्वारा महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. देवेंद्र शास्त्री ने कहा कि अग्रवाल समाज आज पूरे विश्व में अपने कर्म कौशल और सनातन धर्म की ध्वजा को पोषित करने के कारण अग्रणी है। महाराजा अग्रसेन जी ने समाजवाद का जो संदेश दिया, उसका पालन आज सभी समाज कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अग्रवाल समाज का आदर्श स्वरूप सेवा और अहंकार मुक्ति है। मंचासीन अतिथियों ने कहा कि आज मंदसौर अग्रवाल समाज ने सामाजिक क्षेत्र में नित नहीं उचाईयो को छुआ है । अनेक अवसरों पर जरूरतमंदों की मदद करने में समाज हमेशा अग्रणी रहता है।

कार्यक्रम के आरंभ में मुस्कान एंड ग्रुप द्वारा वेलकम डांस की प्रस्तुति दी गई।

इसके साथ ही अग्रवाल प्रीमियर लीग क्रिकेट स्पर्धा के ऑक्शन और च्सब खेलो सब जीतोच प्रतियोगिता का भी आयोजन हुआ। अतिथियों का स्वागत नव मनोनीत अध्यक्ष संजय मित्तल सहित कार्यकारिणी के सदस्यों ने किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशीष अग्रवाल ने किया तथा आभार पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र अग्रवाल ने माना।

कैंसर और नशा मुक्ति पर केंद्रित स्मारिका 'परमार्थ के पथिक का लोकार्पण होगा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

युवा पीढ़ी को नशा मुक्ति का संदेश देने एवं समाज में कैंसर की रोकथाम के लिए जागरूकता का संदेश देने के पुनीत प्रयास के लिए एक स्मारिका"परमार्थ के पथिक" (अशोक अग्रवाल)का प्रकाशन किया गया है। विगत डेढ़ वर्ष से इस कार्य में लगे संपादक साहित्यकार डॉ प्रदीपसिंह राव ने बताया कि इसमें कैंसर पीड़ितों ,नशा रोगियों के उपचार और निदान की जानकारियां विस्तार से दी गई हैं।यह मार्ग दर्शिका कैंसर और नशा ग्रस्त रोगियों के सहायतार्थ प्रकाशित की गई है। इस क्षेत्र में रतलाम के श्री अशोक अग्रवाल पिछले ३२वर्षों से कैंसर पीड़ितों की सहायता, धूम्रपान,तंबाकू की रोकथाम और जन जागरूकता के लिए सतत सेवाएं दे रहे हैं।उनके उस अनुकरणीय योगदान पर भी यह स्मारिका प्रकाश डालती है । स्मारिका का गरिमापूर्ण विमोचन 9 अक्टूबर, को शाम 5बजे होटल बालाजी सेंट्रल सैलाना रोड रतलाम पर आयोजित है। मुख्य अतिथि चैतन्य कश्यप केबिनेट मंत्री सुक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय मध्य प्रदेश शासन हैं।अध्यक्षता पद्मश्री डॉ लीला जोशी करेंगी। विशिष्ट अतिथि डॉ एस एस नैयर और डॉ चंद्र मौली त्रिपाठी होंगे।

शाम ढलते ही गावों में बिजली कटोत्री

पिपलिया मंडी। बिजली उत्पादन के मामले में मध्यप्रदेश अब एक सरप्लस (अतिरिक्त बिजली वाला) राज्य बन चुका है, जहां कुल स्थापित विद्युत क्षमता बढ़कर लगभग 31 हजार से 32 हजार मेगावाट तक पहुंच गई हे मध्यप्रदेश अपनी जरूरत से ज्यादा बिजली का उत्पादन करता है, जिससे यहाँ उत्पादित अतिरिक्त बिजली अन्य राज्यों और संस्थानों (जैसे दिल्ली मेट्रो) को भी भेजी जाती है।फिर अपने ही प्रदेश मे बिजली कटोत्री क्यों हो रही है? शाम ढलते अंधेरा हो जाता :- मल्हारगढ़ तहसील के गावों मे शाम ढलते ही बिजली कटोत्री के कारण अंधेरा हो जाता जिससे आम जीवन प्रभावित होता हे। विशेष कर महिलाओं को भोजन बनाने में भारी दिक्कत आ रही है।

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-12
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- ओमप्रकाश पिता स्व. किशन माहेश्वरी, 2- हरीश माहेश्वरी, 3- भारती माहेश्वरी, 4- जितेन्द्र माहेश्वरी पता- 5-6-10-1 गैस हाउस रोड प्रकोष्ठ 305 इन्दौर पिन- 1001128672 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-12
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती रोहिणी मोने पति अजय मोने पता- 36 पागनीस पागा प्रकोष्ठ क्रमांक-201 पलक अपार्टमेंट इन्दौर पिन- 1001125115 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-3
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- फरीदाबी पति मो. अख्तर क्रेता- मोहम्मद असलम पिता मोहम्मद अब्बास वार्ड क्रं. 56 पता- 141/ए/1 नयापुरा इन्दौर पिन- 1000882140 संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 3 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-3 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- अरुण पिता भैयालाल चौहान क्रेता- नीतू खालोदिया पति नवीन खालोदिया पता- 157 कनक कारीडोर ग्राम भंवरासला इन्दौर पिन- 1000928492 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर
झोन क्रमांक-17
जाहिर सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि विक्रेता- श्रीमती रीना सोलंकी पति अजय सोलंकी क्रेता- श्रीमती प्रियम्बदा शर्मा पता- 157 कनक कारीडोर ग्राम भंवरासला इन्दौर पिन- 1003859884 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 17 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।
सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-17 नगरपालिका निगम इन्दौर

न्यूज कालम



बिना फिटनेस दौड़ रही करनी स्कूल की बस पर हुई चालानी कार्यवाही

मंदसौर। स्कूली बच्चों की सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने कड़ा रुख अपनाया है। परिवहन अधिकारी दीपक मांझी के निर्देश पर उप परिवहन निरीक्षक शुभम मंडलोई एवं पूजा मुकाती की टीम ने जग्गाखेड़ी स्थित करनी इंटरनेशनल स्कूल की बस की जांच की। चेकिंग के दौरान बस बिना फिटनेस के संचालित होती पाई गई, जिस पर विभाग ने तुरंत चालानी कार्रवाई की।बच्चों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए परिवहन विभाग की टीम ने सभी बच्चों को दूसरी सुरक्षित बस से उनके घर रवाना करवाया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि स्कूली वाहनों के सुरक्षा मानकों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

मंदसौर में बनेगी युवाओं की माय भारत वॉलिंटियर्स टीम-कलेक्टर ने दिए निर्देश



मंदसौर। माय भारत केंद्र की जिला सलाहकार समिति की बैठक बुधवार को कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में कलेक्टर दिव्यांक सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले के युवाओं की एक समर्पित वॉलिंटियर्स टीम तैयार करने के निर्देश दिए, जो सामाजिक एवं सेवा क्षेत्रों में नियमित योगदान देगी। कलेक्टर ने बताया कि यह वॉलिंटियर्स टीम ऑन-कॉल रहेगी और युवाओं की काउंसलिंग, रेस्क्यू-रिलीफ, नशा मुक्ति अभियान, खेल गतिविधियों और शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग करेगी। वॉलिंटियर्स के लिए विशेष कैप और टी-शर्ट डिजाइन की जाएगी तथा स्कूल-कॉलेजों से युवाओं का डेटाबेस तैयार किया जाएगा। आगामी 15 अक्टूबर को वॉलिंटियर्स की पहली बैठक बुलाई गई है। बैठक की शुरूआत में जिला युवा अधिकारी मुस्कान जैन ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी।

आशीष व प्रवेश तीसरे वर्ष सीएमडी क्लब के सदस्य रूप में हुए सम्मानित



मन्दसौर। द न्यू इन्डिया एश्योरन्स कं. लि. द्वारा भोपाल क्षेत्रीय कार्यालय के प्रतिनिधि आशीष नीमा एवं प्रवेश विजयवर्गीय को उनकी उत्कृष्ट कार्यप्रणाली और बेहतर प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया है। कंपनी ने वर्ष 2025-26 के लिए उन्हें च्अध्यक्ष-सह-प्रबंध-निदेशक क्लबज् (सीएमडी क्लब) का सदस्य घोषित करते हुए सदस्यता प्रमाण पत्र प्रदान किया है।यह सम्मान अमृतसर में आयोजित एक विशेष कार्यक्रम के दौरान कंपनी के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक एस. शिवशंकर द्वारा प्रदान किया गया। कंपनी प्रबंधन ने दोनों प्रतिनिधियों द्वारा किए गए विशिष्ट कार्यों की सराहना की है। लगातार तीसरे वर्ष मिली इस उपलब्धि पर उनके परिवारजनों एवं इष्ट-मित्रों ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

आगामी त्योहारों से पूर्व नगर में की जा रही सभी वार्डो में विशेष सफाई



पिपलिया मंडी।आगामी त्योहारों से पूर्व नगर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान की शुरूआत की गई इस कड़ी में आज वार्ड नंबर ७ व ६ में विशेष सफाई अभियान चलाया गया व मच्छरों से बचने के लिए दवाई का छिड़काव भी किया जा रहा हे ।सफाई मित्रो ने बड़ी मेहनत से लंबे समय से जाम पड़े नालियों की सफाई की गई इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि भूपेंद्र महावर वार्ड प्रभारी अजय राठौर वार्ड वासी मांगीलाल डिरा,शंभु डिरा,रमेश मकवाना दिलीप रसानिया , रतनलाल जादव ने विशेष सफाई अभियान के तहत सफाई मित्रो की तारीफ की।

सोयाबीन की भारी आवक, मंडी में 1 लाख बोरी से अधिक पहुँचा

महिदपुर। महिदपुर कृषि उप बाजार समिति प्रांगण में सोयाबीन की भारी आवक जारी है। बुधवार को 12 हजार बोरियों के लगभग आवक रही। मण्डी से बाहर सड़कों के दोनों किनारों पर ट्रैक्टर ट्रालियों की लम्बी कतारें दोपहर तक लगी हुई थी। सोयाबीन सीजन शुरू होने के बाद अभी तक 1 लाख बोरियों तक आकड़ा पहुँच चुका है। मण्डी में बुधवार को सोयाबीन के भाव में वृद्धि हुई। बुधवार को 5200 से 6200 रुपये प्रति क्विंटल सोयाबीन बिका।

पैथोलॉजी लैब संचालकों की अनिश्चितकालीन हडताल शुरू

सारंगपुर। सारंगपुर नगर में पैथोलॉजी लैब संचालकों ने अपनी विभिन्ना मांगों और समस्याओं के स्थायी निराकरण को लेकर बुधवार से अनिश्चितकालीन हडताल शुरू कर दी है। पैथोलॉजी लैब एसोसिएशन द्वारा सीबीएमओ डा. केएन भिलवारे को विधिवत आवेदन देकर हडताल पर जाने की सूचना दी गई। हडताल के पहले ही दिन नगर की सभी संबंधित निजी पैथोलॉजी लैब बंद रहीं, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को भारी दिक्कतों का सामना करना पडा। एसोसिएशन के कैलाश सिंह राजपूत ने बताया कि हाल ही में प्रशासनिक कार्रवाई के तहत सारंगपुर में पैथोलॉजी लैबो को सील कर दिया गया था। इस कार्रवाई के विरोध में तथा लैब संचालकों से जुडी अन्य प्रशासनिक समस्याओं के निराकरण को लेकर शुरूआत में 7 अक्टूबर से सांकेतिक हडताल करने का निर्णय लिया गया था। हालांकि, बाद में सर्वसम्मति से इस आंदोलन को अनिश्चितकालीन हडताल में बदलने का फैसला लिया गया।

सेवा, सुशासन, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण का दिया संदेश

सारंगपुर। गुरूवार प्रज्वलित होने के बाद राजगढ से सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के सारंगपुर शहर में दोपहर को सेवा ज्योति पहुंची। इस दौरान कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। सेवा ज्योति यात्रा के माध्यम से सेवा, सुशासन, जनभागीदारी और राष्ट्र निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। सेवा सदन कार्यालय में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 25 वर्षों की सेवा यात्रा का उल्लेख करते हुए कहा कि वर्ष 2001 में गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में सार्वजनिक जीवन में महत्वपूर्ण दायित्व संभालने से लेकर देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य करने तक उनकी यात्रा में जनसेवा और राष्ट्रहित प्रमुख केंद्र रहे हैं। प्रधानमंत्री का संदेश सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास देश के विकास में जनभागीदारी की भावना को मजबूत करता है।

15 को भव्य चुनर यात्रा में सम्मिलित होगी साध्वी हर्षानंद गिरी

सारंगपुर। आस्था एवं विश्वास की अटूट परंपरा, मातृशक्ति एवं नारी शक्तिकरण के संदेश को लेकर 18 वर्षो से भव्य चुनर यात्रा माँ दुर्गेश्वरी धाम से माँ बिजासन धाम भैसवामाता महारानी तक आयोजित होती आ रही है। इस वर्ष यहां विख्यात यात्रा अपने 19 वे वर्ष में प्रवेश करने जा रही है जिसका शुभारम्भ करने राष्ट्रीय संत साध्वी हषानंद गिरी सम्मिलित होगी। आयोजक कृष्णा सोनी एवं नीरज सेठिया ने ओजस्वी एवं प्रखर वक्ता, माँ जगदंबा भगवती की अनन्य उपासक साध्वी श्री हषानंद गिरी से आत्मीय भेंट कर उन्हें यात्रा के आमंत्रण पत्र का स्मृति चिन्ह भेंट किया। देवी उपासक साध्वी हषानंद गिरी ज ने चुनर यात्रा के निर्विघ्न रूप से 18 वर्ष पूर्ण होने पर अत्यंत हर्ष व्यक्त किया।

मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल

खाचरोद। नगर में वाल्मीकि सेना द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल प्रारंभ की गई। सफाई कर्मचारियों की प्रमुख मांग समान वेतन समान कार्य, 10वर्षों से कार्यरत कर्मचारियों को स्थाई नियुक्त, स्वास्थ्य परीक्षण, शासन की पीएफ सुविधा , रिक्त पदों पर नियुक्ति,बीमा ताकि कोई दुर्घटना होने पर इलाज नपा प्रशासन से हो आदि मांगों को लेकर वाल्मीकि समाज सड़को पर पुरूष व महिला वर्ग मैदान में निकल गये हैं।

राष्ट्रपति पदक के लिए सिफारिश की मांग

1017 नेत्रदान की प्रेरणा बने डॉ. ददरवाल का सम्मान

नैत्रदान के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करने वाली 30 से अधिक संस्थाओं को सम्मान पत्र और प्रतिक चिन्ह भेंट

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर।



अंधत्व निवारण मिशन के लिए विगत 2010 से कार्यरत गीता भवन ट्रस्ट बड़नगर के तत्वावधान में अब तक 1017 नेत्रदान, 9475 मोतियाबिंद ऑपरेशन, 35986 नैत्र परीक्षण हो चुके है। नेत्र उत्सर्जन विशेषज्ञ डॉक्टर जीएल ददरवाल के हाथों मरणोपरांत 1017 नेत्रदान का ऐतिहासिक आंकड़ा छू लेने के अवसर पर नेत्रदान के लिए प्रोत्साहित करने वाली संस्थाओं सहित डॉक्टर जी एल ददरवाल और उनकी टीम का नगर के इंद्रप्रस्थ गार्डन में सारस्वत सम्मान का आयोजन किया गया। जिसमें पूर्व विधायक मुरली मोरवाल, डॉ. एलए कपाड़िया, डॉ. आजाद जैन, डॉ. फखरुद्दीन सैफी, नैत्रम संस्था रतलाम के हेमंत मूणत, काकानी वेलफेयर सोसाइटी रतलाम के माधव काकानी, भारत विकास परिषद जावरा के निलेश मेहता, जैन सोशल ग्रुप नागदा के ब्रजेश बोहरा, जवाहर डोषी महिदपुर, मुरलीधर कृपा हॉस्पिटल मक्सी के डॉक्टर पटेल, एमके आई बैंक इंदौर के डॉक्टर अरुण चौधरी द्वारा मुख्य आतिथ्य स्वीकार कर सुदर्शन चक्रधारी भगवान श्री कृष्ण के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण के साथ देव पूजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता जैन सोशल ग्रुप के राजेंद्र जैन दंगवाड़ा वाला द्वारा की गई। अतिथि स्वागत संस्था अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी, उपाध्यक्ष हरीश लाठी, पंडित विवेक शास्त्री, चंद्रप्रकाश नागर, प्रकाश पाटीदार, हरगोविंद मेलवाणी, सुभाष गुप्ते आदि द्वारा किया गया। इस अवसर पर मीसाबंदी सुकमाल जैन, कांतिलाल कुमठ, विनोद मकवाना, राजकुमार जैन , भारत विकास परिषद जावरा के निलेश मेहता, ज्ञानदीप मंडल बदनावर के प्रदीप पांडे, नेत्रम संस्था रतलाम के मीनू माथुर, जैन सोशल ग्रुप नागदा के ब्रजेश बोहरा, काकानी वेलफेयर सोसाइटी रतलाम के गोविंद काकानी आदि द्वारा अपने उद्बोधन में एकजुट होकर नेत्रदान के अद्वितीय उल्लेखनीय 1017 के आंकड़े को 9 वर्ष की अल्पावधि में छू लेने जैसे कार्य की भूरी भूरी प्रशंसा की और गीता भवन ट्रस्ट बड़नगर तथा यहां के अनुभवी नेत्र उत्सर्जन विशेषज्ञ डॉक्टर जीएल ददरवाल को राष्ट्रपति पदक से सम्मानित करने हेतु शासन से सिफारिश करने की मांग की। अध्यक्षीय भाषण में राजेंद्र जैन दंगवाड़ा वाला ने सुविधानुकूल एम्बुलेंस और राष्ट्रपति पदक दिलवाने के हर संभव प्रयास करने सहित डॉक्टर जी एल ददरवाल के चिरायु शतायु और निरोगी रहने की शुभकामना दी। गीता भवन ट्रस्ट अध्यक्ष हरिकिशन मेलवाणी सहित ट्रस्टी और सेवादारों ने डॉ जीएल ददरवाल- पत्नी पुष्पा ददरवाल और उनकी टीम के 60 प्लस उमाशंकर मेहता, सुभाष गुप्ते, डॉ. नजरहुसैन, सतीश नीमा, पंकज मोरवाल, मोहनलाल आदि का पारंपरिक रूप से सारस्वत सम्मान किया।

योगदान देने वाले भी सम्मानित किए गए

गीता भवन ट्रस्ट बड़नगर द्वारा नैत्रदान के अब तक 1017 के अटूट आंकड़े में योगदान देने वाली क्षेत्र की रतलाम, जावरा, नागदा, खाचरौद, महिदपुर, गौतमपुरा, उन्हेल, पेटलावद, बदनावर, उज्जैन, राजगढ़, शिवगढ़, सिमलावदा में नैत्रदान महादान के नारे के साथ लोगों को नैत्रदान के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित करने वाली 30 से अधिक संस्थाओं को सम्मान पत्र और प्रतिक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

छात्रा अनुष्का उपाध्याय ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ खाचरोद



श्री राज राजेंद्र जयंतसेन विद्यापीठ, खाचरौद की प्रतिभाशाली बेटी अनुष्का उपाध्याय ने बढ़ाया नगर एवं विद्यालय का मान!

अत्यंत हर्ष एवं गर्व का विषय है कि कक्षा 11वीं की छात्रा अनुष्का उपाध्याय, सुपुत्री श्री रजनीश उपाध्याय, ने 70वीं राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता 2026-27 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया।

भोपाल में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग की 66 से 70 किलोग्राम भार श्रेणी में अनुष्का ने अपनी प्रतिभा, मेहनत, अनुशासन एवं अदम्य साहस का शानदार परिचय दिया। यह उपलब्धि अनुष्का की लगन, कठिन परिश्रम और खेल के प्रति समर्पण का परिणाम है। उनकी इस सफलता से विद्यालय परिवार, उनके माता-पिता एवं समस्त खाचरौद नगर गौवांवित हुआ है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वीना कुंदी, समस्त मैनेजमेंट एवं विद्यालय परिवार की ओर से अनुष्का को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ। हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं और आशा करते हैं कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार सफलता के नए शिखर प्राप्त कर विद्यालय एवं नगर का नाम रोशन करती रहेंगी।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

दैनिक अवन्तिका ▸▸ महिदपुर

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय, महिदपुर में नशा मुक्ति जागरूकता एवं मध्य निषेध सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों के दल द्वारा संगीतमय एवं मनोरंजक प्रस्तुतियों के माध्यम से युवा विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करते हुए नशा मुक्त एवं स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया गया।

इसी क्रम में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महिदपुर में भी नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा नशे से दूर रहने और समाज में नशा मुक्ति का संदेश प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से सामाजिक सुरक्षा अधिकारी शिवानी परमार जनपद पंचायत महिदपुर एवं नगर पालिका महिदपुर से सामाजिक सुरक्षा अधिकारी कविता भीमावद, उज्जैन से आए कलाकारों का दल, शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य, व्याख्याता एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में नशे के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें स्वस्थ, सकारात्मक एवं नशा मुक्त जीवन अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा।

सारंगपुर आटोमोबाइल बाजार में त्योहारी चमक

नवरात्रि से पहले 300 से अधिक वाहनों की एडवांस बुकिंग

दैनिक अवन्तिका ▸▸ सारंगपुर

आगामी त्योहारी सीजन को लेकर स्थानीय ऑटोमोबाइल बाजार में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। नवरात्रि पर्व की शुरूआत से पहले ही शहर के 12 से ज्यादा ऑटोमोबाइल शोरूमों में ग्राहकों की भारी आवाजाही शुरू हो गई है। अब तक लगभग 300 से अधिक टू-ह्वीलर वाहनों की अग्रिम बुकिंग दर्ज की जा चुकी है, जिससे स्थानीय व्यापारियों के चेहरे खिल उठे हैं।

स्थानीय डीलर अश्वेंद्र छाबड़ा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपनी मनपसंद कंपनी, मॉडल और रंग के वाहन की समय पर डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए लोग काफी पहले से बुकिंग करा रहे हैं। हमारा अनुमान है कि इस वर्ष नवरात्रि से लेकर धनतेरस और दीपावली तक के मुख्य फेस्टिवल सीजन में पिछले साल की तुलना में 15 से 20 प्रतिशत तक कारोबार में बढोतरी होगी।

इस बार बाजार में सबसे बडा बदलाव इलेक्ट्रिक वाहनों के प्रति ग्राहकों का बढता आकर्षण है। मंहगाई, ईंधन की बचत और पर्यावरण के प्रति बढती जागरूकता के चलते ई-वाहनों की मांग तेजी से बढी है। टू-ह्वीलर सेगमेंट की कुल बुकिंग में 20 से 25 प्रतिशत हिस्सेदारी ई-बाइक की है।

व्यापारी छाबड़ा के अनुसार इस आर्थिक उछाल के पीछे ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती मुख्य कारण है। क्षेत्र में सोयाबीन और मक्का की बेहतर पैदावार होने तथा कृषि उपज मंडी में किसानों को उपज के अच्छे दाम मिलने से उनकी क्रय शक्ति में सुधार हुआ है।

संचालकों ने विशेष तैयारियां की-

ग्रामीण खरीदारों की इस आर्थिक सक्रियता का सीधा सकारात्मक असर ऑटोमोबाइल के साथ-साथ इलेक्ट्रॉनिक और सराफा बाजार पर भी देखने को मिल रहा है। ग्राहकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शोरूम संचालकों ने विशेष तैयारियां की हैं। नवरात्रि से लेकर दीपावली तक छुट्टियों के दिनों में भी शोरूम खुले रहेंगे और उनके संचालन का समय सुबह से बढाकर रात 9 बजे तक कर दिया गया है, ताकि लोग आसानी से खरीदारी कर सकें।

गोविंद माधव ट्रस्ट की बैठक में दीपावली आयोजन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा

धर्मशाला के रखरखाव, बच्चों के सेमिनार और धार्मिक पर्यटन यात्रा पर भी हुआ विचार-विमर्श

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नागदा



प्रकाश नगर स्थित औदीच्य ब्राह्मण समाज धर्मशाला में सोमवार शाम श्री गोविंद माधव ट्रस्ट की कार्यकारिणी बैठक अध्यक्ष डॉ. प्रदीप रावल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में आगामी दीपावली पर्व सहित सामाजिक एवं धार्मिक गतिविधियों को लेकर विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में धर्मशाला की साफ-सफाई, रंग-रोगन, एसीपी कार्य, विद्युत सज्जा तथा धर्मशाला के बेहतर संचालन पर चर्चा हुई। दीपावली पर 56 भोग एवं महाआरती के आयोजन, समाज के बच्चों के लिए सेमिनार व वर्कशॉप तथा युवाओं के लिए कैरियर मार्गदर्शन एवं व्याख्यान आयोजित करने पर भी विचार किया गया। इसके अलावा धार्मिक पर्यटन यात्रा आयोजित करने को लेकर भी चर्चा हुई।

सम्मान किया

बैठक के समापन पर कार्यकारिणी सदस्यों ने दवे परिवार का सम्मान किया। श्री बद्रीनाथ धाम में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के सफल आयोजन के लिए संयोजक चंद्रशेखर दवे, घनश्याम दवे एवं हेमंत दवे का समाज की ओर से स्वागत किया गया। पितृ श्रद्धांजलि स्वरूप श्रीमद्भागवत कथा के समापन पर हेमंत दवे ने धर्मशाला के लिए 1,100 की राशि समर्पित की।

नगद भुगतान की मांग को लेकर किसानों ने किया चक्काजाम

सुसनेर। कृषि उपज मंडी में उपज विक्रय के बाद नगद भुगतान की मांग को लेकर बुधवार को किसानों ने उज्जैन-कोटा मार्ग स्थित कृषि उपज मंडी चौराहे पर चक्काजाम कर दिया। किसानों के सड़क पर बैठने से मार्ग पर करीब डेढ़ से दो घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की कतार लग गई और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। किसानों का कहना था कि मंडी में उपज बेचने के बाद भुगतान को लेकर उन्हें परेशानी हो रही है। किसानों ने मांग की कि उपज का भुगतान नगद किया जाए। इसी मांग को लेकर किसानों ने मंडी चौराहे पर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया।

मंथन-सामाजिक संवाद कार्यक्रम के आयोजन में समाजजनों ने की सहभागिता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ बड़नगर



विवाह एवं पारिवारिक जीवन से जुड़े बदलते सामाजिक परिदृश्य को समझने और जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से भारतीय जैन संघटना बीजेएस द्वारा मंथन-सामाजिक संवाद कार्यक्रम सोमवार को आराधना भवन, चौधरी गली में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम साध्वी सुधासना श्रीजी म.सा. एवं मुदिता श्रीजी म.सा. की पावन निश्रा में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में समाजजनों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम में बीजेएस के राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर सांखला, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जैन, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य अनिल रांका, चन्द्रकांत डागा, प्रदेश अध्यक्ष साशा जैन एवं जिला अध्यक्ष कल्पना सुराणा का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदकिशोर सांखला ने कहा कि जैन समाज में बढ़ रही वैवाहिक समस्याओं के समाधान के लिए परिवार में बच्चों के साथ संवाद स्थापित करना और घर के वातावरण को सकारात्मक व संस्कारमय रखना आवश्यक है, ताकि बच्चों में रिश्तों के प्रति मूल्य और संस्कार स्थापित किए जा सकें और वे कोई भी निर्णय लेने से पूर्व परिवार से संवाद को प्राथमिकता दें। उन्होंने कहा कि माता-पिता को बच्चों की 15 से 18 वर्ष की संवेदनशील आयु पर विशेष ध्यान देना चाहिए, क्योंकि इसी आयु में वे जीवन की सही-गलत राह का चयन करते हैं। प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश जैन ने वैवाहिक संबंधों के आधार और तौर-तरीकों में आए बदलाव पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पूर्व में रिश्ते कुल-खानदान, आचार-संस्कार, बड़ों की सहमति और कुंडली मिलान के आधार पर तय होते थे, जबकि आज इन बातों का महत्व कम होता जा रहा है और संस्कार इवेंट में तथा सादगी दिखावे में बदलती जा रही है।

अतिथियों का किया गया स्वागत

अतिथियों का स्वागत पंचरंगी दुपट्टे एवं माला द्वारा संस्था अध्यक्ष वनीषराज कटारिया, सचिव मोना टोंग्या, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंजू मारू, राजकुमार पारिख, प्रीति खाबिया सहित संस्था सदस्यों द्वारा किया गया। स्वागत उद्बोधन संस्था अध्यक्ष वनीषराज कटारिया ने दिया। अंत में आभार सचिव मोना टोंग्या ने माना। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या,अजय बोहरा, नवीन बिलाला, आरती बिलाला,मेघा ओरा,नितिन सरनोत,प्रिया ओरा,भावना काला आदि मौजूद थे।



राज्य कर्मचारी संघ का 48वा स्थापना दिवस पर प्रथम तहसील अध्यक्ष यादव का सम्मान कर मनाया गया

बडनगर। मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के संस्थापक सदस्य, बडनगर शाखा के प्रथम तहसील अध्यक्ष श्रीलक्ष्मी नारायण यादव सेवानिवृत्त कृषि विकास अधिकारी का सम्मान उनके निज निवास पर राज्य कर्मचारी संघ शाखा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए संघ के संरक्षक उदय अग्निहोत्री द्वारा बताया गया कि यादवजी उस समय अध्यक्ष थे जब बडनगर में सीमित सख्या में सदस्य थे। इन्होने अपने परिश्रम से विपरीत परिस्थितीयों में संघ को विशाल वट वृक्ष के रूप में खडा किया। इससे पूर्व श्रध्देय यादव साब को मंगल तिलक लगा कर शाल, श्रीफल, प्रतिक चिन्ह, संघ का दुपट्टा, पुष्प मालाओ से सम्मान संघ के सदस्य द्वारा किया गया। सम्मान पत्र का वाचन रविराज यादव द्वारा कर भेट किया गया। इस अवसर पर शांतीलाल गोयल, परामर्शदाता देवीदास मुलचंदानी, मार्गदर्शक प्रेम कुमार खीची, संयोजक धनश्याम पाठक, कोषाध्यक्ष दिनेश कुमार पंचोली, ब्लॉक सचिव मनीष रेशमीया, जगदीश परमार, प्रेम प्रकाश पण्डया, महेश केवट सहित परिजन प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तहसील अध्यक्ष कन्हैयालाल वर्फा एवं आभार प्रवीण कुमार यादव द्वारा व्यक्त किया गया।



सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा ज्योति यात्रा बड़नगर पहुंची

बड़नगर। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सेवा ज्योति यात्रा का शुभारंभ बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। जिसका प्रसारण मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में आस्था गार्डन उज्जैन में सुना गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सेवा संकल्प की शपथ दिला कर जिले की सभी विधानसभाओं में यात्रा रथ मशाल प्रज्वलित कर रवाना किया। विधायक जितेंद्र उदयसिंह पंड्या के नेतृत्व में बड़नगर विधानसभा की सेवा ज्योति यात्रा मशाल व वाहनों के काफिले के साथ विभिन्न ग्राम केंद्रों पर पहुंची। कार्यकताओं ने यात्रा का स्वागत किया। विधायक पंड्या ने स्वामी विवेकानंद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर यात्रा का समापन किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष नवीन राठौड , अजा मोर्चा प्रदेश महामंत्री गणपत डाबी, नगर पालिका अध्यक्ष अभय टोंग्या ,जिला महामंत्री श्याम शर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष अनीता सतीश वर्मा, जिला मंत्री वर्षा पाटौदी, मंडल महामंत्री अंकित त्रिवेदी ,जगन्नाथ मालवीय, कलावती ठाकुर, आदित्य सिंह ,हर्षवर्धन , रवि हिंडोलिया, अभिषेक तिवारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं नगर के कार्यकताओं ने सहभागिता की। जानकारी भाजपा नगर मंडल महामंत्री अंकित त्रिवेदी ने दी।

विकसित भारत अभियान के तहत आई सेवा ज्योति यात्रा




महिदपुर रोड। मोदी सरकार के 25 वर्ष पूरे होने पर बुधवार को नगर में सेवा ज्योति यात्रा का आगमन हुआ। शुगर मिल चौराहे पर मशाल यात्रा को लेकर आई विकसित भारत संकल्प यात्रा में पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, जनपद अध्यक्ष कृष्णा सूर्यवंशी, शिवना रायण सूर्यवंशी, भाजपा मंडल अध्यक्ष गुरचरण सिंह चौहान पूर्व मंडल अध्यक्ष संदीप व्यास पूर्व जिला पंचायत सदस्य मानसिंह सिसौदिया सरपंच ऋतु पाटीदार किसान मोर्चा के सत्यनारायण पाटीदार बालकृष्ण पोरवाल दीपक जाट सहित भाजपा के पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान ने मोदी जी के 25 वर्ष पूरे होने पर संपूर्ण भारत में विकास योजनाओं के बारे में जानकारी दी तथा महिदपुर विधानसभा क्षेत्र में आगामी दिनों में होने वाली घोषित (स्वीकृत) योजनाओं के क्रियान्वयन के बारे में बताया ग्राम घोसला से प्रारंभ हुई 18 ग्राम पंचायत को कवर करती हुई यह यात्रा बंजारी डेलची बुजुर्ग महिदपुर रोड कोयल बपैया झुटा वद डूंगरिया होती हुई झाडी जाकर समाप्त होगी सेवा ज्योति यात्रा में जनपद पंचायत सीईओ उपयुक्त ग्रामीण सेवा मारिशा शिंदे अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी (जी राम जी) कमल पाटीदार एई सुनिता चौहान, उपयंत्री अक्षय मूणत, संदीप आंजना, पंचायत समन्वयक चेतन शीरा, एमएल मरमट घनश्याम गोयल, पंचायत सचिव रमेश शर्मा त था अन्य प्रशासनिक कर्मचारी अधिकारी मौजूद रहे।

लोकतंत्र की रक्षा के लिए निकलेगा विशाल वोट बचाओ देश बचाओ मार्च

सारंगपुर। लोकतंत्र की सुरक्षा, संविधान के संरक्षण और आम नागरिक के मताधिकार की मजबूती का संदेश देने के उद्देश्य से आज गुरूवार को सारंगपुर में कांग्रेस पार्टी द्वारा विशाल वोट बचाओ, देश बचाओ मार्च का आयोजन किया जा रहा है। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के दिशा-निर्देशों एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री व जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के मार्गदर्शन में आयोजित इस मार्च को लेकर पार्टी कार्यकताओं में खासा उत्साह देखा जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए ब्लाक प्रवक्ता लखन धनगर ने बताया कि इस महत्वपूर्ण और गरिमामयी आयोजन में मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सारंगपुर विधानसभा क्षेत्र के नियुक्त प्रभारी लोकेन्द्रसिंह आरोलिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

दिन में तीन बार स्वरूप बदलती है मां काली की प्रतिमा

उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल में अलकनंदा नदी तट पर स्थित धारी देवी मंदिर को चार धाम का रक्षक माना जाता है। मान्यता है कि मंदिर में स्थित मां काली की प्रतिमा दिन में तीन बार अपना स्वरूप बदलती है। 108 शक्ति स्थलों में शामिल इस पावन धाम के दर्शन बिना चार धाम यात्रा अधूरी मानी जाती है।




कहां स्थित है मंदिर...

उत्तराखंड के पौड़ी गढ़वाल जिले में श्रीनगर और रुद्रप्रयाग के बीच कलियासौड़ में अलकनंदा नदी के किनारे धारी देवी मंदिर के पास है। यह प्राचीन और रहस्यमयी मंदिर है। वहीं धारी माता को देवी कालीसौर के रूप में भी जाना जाता है। इनका आशीर्वाद पाने के लिए भक्त दूर-दूर से इस मंदिर के दर्शन के लिए आते हैं। वहीं मंदिर के पास एक प्राचीन गुफा भी मौजूद है।

देवभूमि उत्तराखंड में एक ऐसा मंदिर है, जहां पर एक ऐसा मंदिर है, जो बेहद प्रसिद्ध है। धारी देवी मंदिर, मुख्य रूप से मां काली को समर्पित है। यह मंदिर क्षेत्र में पूजनीय होने के साथ-साथ भारत के अन्य हिस्सों में भी काफी प्रसिद्धि प्राप्त कर रहा है। धारी देवी मंदिर को चार धाम का रक्षक भी कहा जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको इस मंदिर से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको जानकर आप भी हैरान रह जाएंगे।

दिन में तीन बार रूप बदलती है मूर्ति

स्थानीय लोगों का मानना है कि मंदिर में स्थित धारी देवी की प्रतिमा दिन में 3 बार अपना रूप बदलती है। सुबह के समय छोटी बालिका, दिन में महिला और शाम को उनका स्वरूप बूढ़ी महिला के रूप में दिखाई देता है।



जानें क्यों प्रसिद्ध है मंदिर


पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक एक बार भीषण बाढ़ की वजह से मंदिर बह गया था और धारी देवी की मूर्ती धारो नामक गांव के पास एक चट्टान के पास रुक गई थी। वहीं गांव वालों को मूर्ति से विलाप की आवाज सुनाई दी और इस आवाज ने उनको मूर्ति को स्थापित किए जाने के निर्देश दिए। तब गांव वालों ने मिलकर फिर उसी स्थान पर धारी माता की मूर्ति को स्थापित किया। वहीं अन्य मान्यता के अनुसार, साल 2013 में केदारनाथ बाढ़ से ठीक पहले किसी काम के कारण धारी देवी मंदिर को स्थानांतरित किया गया था। स्थानीय लोगों का मानना है कि धारी देवी के प्रकोप की वजह से ही बाढ़ आई थी। फिर बाद में उसी जगह पर मंदिर का निर्माण कर देवी की मूर्ति को स्थापित किया। इसलिए धारी देवी मंदिर की इतनी अधिक मान्यता है।



मंदिर की खासियत

धारी देवी मंदिर में देवी को 'उत्तराखंड की रक्षक देवी' और चारों धाम की संरक्षक के रूप में पूजा जाता है। इस मंदिर को 108 शक्ति स्थलों में से एक माना जाता है। धारी देवी की मूर्ति का सिर्फ ऊपरी आधा भाग पूजनीय है। वहीं रुद्रप्रयाग के कालीमठ में मूर्ति का निचला हिस्सा पूजा जाता है। धारी देवी के दर्शन किए बगैर चार धाम यात्रा अधूरी मानी जाती है। हर साल नवरात्रि के मौके पर देवी कालीसौर की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।

देवी विनायकी को भगवान गणेश का अनोखा स्त्री स्वरूप माना जाता है, जिन्हें गणेश्वरी और गजाननी भी कहते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, अंधक राक्षस का वध करने के लिए गणेशजी ने इस मातृ शक्ति रूप को धारण किया था।



हिंदू धर्म में गणेश भगवान को प्रथम पूज्य देवता माना जाता है। वहीं किसी भी शुभ व मांगलिक कार्य की शुरूआत से पहले भगवान गणेश की पूजा-अर्चना की जाती है। भगवान गणेश को विघ्नहर्ता, बुद्धि, समृद्धि और शुभता का देवता माना जाता है। धार्मिक ग्रंथों में भगवान गणेश के कई स्वरूपों का वर्णन मिलता है। ऐसा ही एक अनोखा स्वरूप देवी विनायकी का है। जिनको भगवान गणेश का स्त्री स्वरूप माना जाता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको देवी विनायकी से जुड़ी कुछ खास बातों के बारे में बताने जा रहे हैं और साथ ही यह भी जानेंगे कि श्री गणेश के इस स?वरूप की प्रतिमाएं और चित्र कहां-कहां पाए जाते हैं।इन नामों से जानी जाती हैं देवी विनायकी

अलग-अलग स्थानों पर भगवान गणेश के इस स्त्री स्वरूप को अलग-अलग नामों से जाना जाता है। इनको विनायकी, गणेश्वरी, गणेशानी, गजाननी जैसे नामों से भी जाना जाता है। वहीं देवी विनायकी का स्वरूप देखने में भगवान गणेश से मिलता है। लेकिन इनका स्वरूप स्त्री का होता है।

Sport


तीन साल पहले शरीर ने जवाब देना शुरू किया, तब ट्रेनिंग का तरीका बदला

भुवनेश्वर कुमार ने कैसे बदली रफ्तार और गेंदबाजी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एक समय ऐसा लगा था कि भुवनेश्वर कुमार का इंटरनेशनल करियर खत्म हो चुका है। पीठ, टखने और घुटने की चोटों ने उनके शरीर पर असर डाला था। 33 साल की उम्र में उनके लिए नई पीढ़ी के तेज गेंदबाजों के बीच वापसी की उम्मीद भी कम नजर आ रही थी। लेकिन भुवनेश्वर ने क्रिकेट छोड़ने के बजाय खुद को दोबारा तैयार करने का रास्ता चुना।

तीन साल तक लगातार ट्रेनिंग, शरीर से फैट कम करने, ताकत बढ़ाने और अपनी गेंदबाजी के पुराने हथियारों को वापस लाने पर काम किया। नतीजा कछ 2026 में दिखा, जहां उन्होंने 16 मैचों में 28 विकेट लिए और फ्छ की लगातार दूसरी कछ ट्रॉफी जीत में अहम भूमिका निभाई। अब उनकी मेहनत का अगला नतीजा टीम इंडिया में वापसी के रूप में सामने आया है। न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए 36 साल के भुवनेश्वर को भारतीय टीम में वापस बुलाया गया है। उनका आखिरी इंटरनेशनल मैच भी न्यूजीलैंड के खिलाफ नवंबर 2022 में टी-20 था। भुवनेश्वर कुमार का आरसीबी से रिश्ता मौजूदा दौर से कहीं पुराना है। 2009 में उन्होंने चैंपियंस लीग टी-20 के एक मैच में आरसीबी की जर्सी पहनी थी। उसी मुकाबले से उनका टी-20 डेब्यू भी हुआ था। उस मैच में उनके साथ खेलने वाले खिलाड़ियों में आज तक सिर्फ विराट कोहली और मनीष पांडे ऐसे नाम हैं, जिन्होंने 2026 आईपीएल तक खेलना जारी रखा। भुवनेश्वर कछ इतिहास में लगातार दो सीजन पर्पल कैप जीतने वाले एकमात्र गेंदबाज भी हैं। उन्होंने 2016 और 2017 में या कारनामा किया था। भुवनेश्वर की वापसी को समझने के लिए 2023 के आसपास लौटना होगा। उस समय तक पीठ, घुटने और टखने की चोटें उनके करियर को प्रभावित कर चुकी थीं। शरीर पर इसका असर उनकी गेंदबाजी पर भी पड़ा।



10 किलो के स्क्वाट से 120 किलो तक पहुंचे

भुवनेश्वर के लिए सबसे बड़ा बदलाव स्ट्रेंथ ट्रेनिंग में आया। शुरूआत में वह भारी वजन उठाने को लेकर घबराते थे। उन्हें डर था कि ज्यादा वजन से चोट का खतरा बढ़ सकता है। सूर्य यादव ने खुद उनके साथ ट्रेनिंग पार्टनर बनने का फैसला किया, ताकि भुवनेश्वर को अकेले वेट ट्रेनिंग न करनी पड़े और वह ज्यादा मेहनत कर सकें। इसका असर कुछ ही समय में दिखने लगा। पहले वह बारबेल पर दोनों तरफ 10-10 किलो, यानी कुल करीब 40 किलो के स्क्वाट करते थे। अब वह खुद 110-120 किलो तक स्क्वाट कर लेते हैं। क्लीन स्नैच जैसे एक्सरसाइज में भी उन्होंने वजन बढ़ाया। पहले करीब 40 किलो तक करने वाले भुवनेश्वर ऑफ-सीजन में 70 किलो तक पहुंच गए। टूनार्मेंट से पहले लोड थोड़ा कम किया गया ताकि शरीर मैचों के लिए तैयार रहे।

9 भारतीय पहलवानों को अमेरिकी वीजा नहीं

नई दिल्ली। भारत के 9 पहलवानों को अमेरिका का वीजा नहीं मिल पाया है। इससे लास वेगास में होने वाली यू23 वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में उनका खेलना मुश्किल हो गया है। टूनार्मेंट 12 से 18 अक्टूबर तक होना है। वीजा नहीं मिलने वालों में 2024 व17 वर्ल्ड चैंपियन नेहा सांगवान भी शामिल हैं। पहलवानों को बुधवार को नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में वीजा इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। वहां उन्हें मौखिक रूप से बताया गया कि उनके आवेदन 20 साल से कम उम्र और रोजगार नहीं होने के कारण खारिज किए गए हैं। इंटरव्यू के बाद उनके पासपोर्ट भी वापस कर दिए गए।

वैभव सूर्यवंशी रणजी के शुरूआती 2 राउंड में नहीं खेलेंगे

मुंबई। वैभव सूर्यवंशी रणजी ट्रॉफी के शुरूआती दो राउंड में बिहार के लिए नहीं खेलेंगे। इउक की ओर से नियुक्त चयन समिति ने 2026-27 रणजी सीजन के शुरूआती दो राउंड के लिए बिहार की 17 सदस्यीय टीम चुनी है, जिसमें सूर्यवंशी का नाम नहीं है। बिहार अपने रणजी अभियान की शुरूआत 11 अक्टूबर को उत्तर प्रदेश के खिलाफ राजगीर इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में करेगा। टीम की कप्तानी साकिबुल गनी को सौंपी गई है, जबकि हिमांशु सिंह उपकप्तान होंगे। वैभव को न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैचों की टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में चुना गया है।

आवश्यकता है
होटल में सफाई व रूम सर्विस दिन और रात के लिए।
हिमालया गेस्ट हाउस
बैंक ऑफ इंडिया के पास, उज्जैन
9669890245

वधु चाहिए (सिन्धी)
विधुर सिंधी 42 वर्ष हेतु सिन्धी वधु चाहिए, मकान, दुकान अपना। उज्जैन मप्र.
संपर्क करें
8253063625

आवश्यकता है
प्रतिष्ठित आइल कम्पनी के लिए योग्य एवं अनुभवी सेल्समेन (लड़कों) की तुरंत आवश्यकता है। अच्छा संवाद कौशल, वेतन योग्यतानुसार
संपर्क करें
8225022548
(चिमनगंज मंडी उज्जैन)

दुकान बेचना है
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

जमीन बेचना है
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

आवश्यकता
रेस्टोरेंट में कार्य करने हेतु हेल्पर की जो सभी कार्य कर सके आवश्यकता है।
संपर्क करे
9827820470

रद्दी बेचना है
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

आवश्यकता
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent
Middle School, Bhairavgar

आवश्यकता
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया
प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

नैनो न्यूज

- **जायसवाल की रणजी टीम में वापसी-** यशस्वी जायसवाल को मुंबई की रणजी टीम में चुना गया है। वहीं सूर्यकुमार यादव को शुरूआती मुकाबले के लिए टीम में जगह नहीं मिली।
- **पाकिस्तान ने नया कप्तान चुना-**पाकिस्तान ने श्रीलंका के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए साहिबजादा फरहान को नया कप्तान बनाया है। सलमान अली आगा टीम से बाहर हैं।
- **भुवनेश्वर संभालेंगे हांगकांग टीम-** भुवनेश्वर कुमार को हांगकांग सिक्सेस के लिए भारतीय टीम की कप्तानी सौंपी गई है। टीम में क्रुणाल पंड्या और नटराजन भी शामिल हैं।
- **भारत-उरुग्वे मुकाबले पर नजरें-** भारत आज कोलकाता में दो बार के विश्व कप विजेता उरुग्वे के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल मुकाबला खेलेगा। भारतीय टीम के सामने कड़ी चुनौती होगी।
- **प्रणवी उर्स ने जीता एशियाई स्वर्ण-** भारतीय गोल्फर प्रणवी उर्स ने एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के दौरान मानसिक तैयारी को अहम बताया। उनकी सफलता में खेल मनोविज्ञान की भूमिका रही।
- **ओलंपिक का नया प्रतीक जारी-** 2032 ओलंपिक का आधिकारिक प्रतीक जारी किया गया है। इसमें ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड क्षेत्र के गुलाबी कॉकटू पक्षी को आधार बनाया गया है।

12 टीमों का हो सकता है अगला वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप

जिम्बाब्वे, आयरलैंड और अफगानिस्तान की एंट्री; एक मैच की टेस्ट सीरीज के भी पॉइंट्स जुड़ेंगे

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप यानी डब्ल्यूटीसी का अगला साइकल मौजूदा 9 टीमों के बजाय 12 का हो सकता है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग ने संकेत दिए हैं कि 2029-31 के डब्ल्यूटीसी में जिम्बाब्वे, आयरलैंड और अफगानिस्तान को शामिल करने की तैयारी है। इसके लिए एक बड़ा बदलाव यह भी हो सकता है कि एक टेस्ट की सीरीज को डब्ल्यूटीसी के पॉइंट्स में शामिल किया जाए। इस फैसले पर अगले महीने बाली में होने वाली आईसीसी बैठकों में निर्णय आने की उम्मीद है।

मौजूदा डब्ल्यूटीसी 2019 से 9 टीमों के साथ खेला जा रहा है। हर टीम दो साल में 6 टेस्ट सीरीज खेलती है। 3 घर में और 3 विदेशी जमीन पर। अभी डब्ल्यूटीसी सीरीज में कम से कम 2 टेस्ट होना जरूरी है।

ग्रीनबर्ग के मुताबिक 12 टीमों का मॉडल इसलिए जरूरी है, क्योंकि हर टेस्ट खेलने वाले देश को डब्ल्यूटीसी में जगह देने की कोशिश की जा रही है। लेकिन उनका मानना है कि यह मॉडल लंबे समय तक आर्थिक रूप से कितना टिकाऊ रहेगा, यह बड़ा सवाल है।

उन्होंने साफ कहा कि अगर आईसीसी से मिलने वाली आमदनी मौजूदा स्तर पर नहीं रहती या बोर्ड अपने एफटीपी यानी फ्यूचर टूर प्रोग्राम से पर्याप्त कमाई नहीं कर पाते, तो लगातार कमाई से ज्यादा खर्च करना संभव नहीं होगा। यही समस्या ग्लोबल क्रिकेट के कुछ हिस्सों में पहले से दिखाई दे रही है।

टेस्ट क्रिकेट महंगा है, सिर्फ 11 खिलाड़ी जुटाना काफी नहीं

ग्रीनबर्ग का तर्क सिर्फ मैच आयोजित करने की लागत तक सीमित नहीं है। उनके मुताबिक किसी देश के लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने का असली खर्च पूरे सिस्टम को तैयार करने में है। रेड-बॉल क्रिकेटर्स तैयार करने के लिए घरेलू ढांचा, खिलाड़ी विकास और लंबे समय की व्यवस्था चाहिए। उनका मानना है कि आने वाले समय में कुछ सदस्य देश टेस्ट क्रिकेट खेलना बंद कर सकते हैं। कुछ देशों को अपने घरेलू मुकाबलों से ज्यादा विदेशी जमीन पर टेस्ट खेलने पड़ सकते हैं, ताकि उनके यहां टेस्ट क्रिकेट पूरी तरह खत्म न हो। यही वजह है कि ग्रीनबर्ग ने मौजूदा होम-एंड-अवे की बराबर व्यवस्था पर भी सवाल उठाया है। उनका कहना है कि यही पारंपरिक व्यवस्था कुछ देशों को आर्थिक रूप से नुकसान पहुंचा सकती है। ऑस्ट्रेलिया भविष्य में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 5 टेस्ट की सीरीज खेलना चाहता है। हालांकि दोनों देशों के क्रिकेट कैलेंडर में समान समय पर अपने घरेलू सीजन होने के कारण यह आसान नहीं है।

न्यूज कॉलम

जयंती माता मंदिर में चोरी के मामले में 3 आरोपी गिरफ्तार

धार। धार जिले के अमझेरा थाना क्षेत्र की दसई चौकी अंतर्गत ग्राम जयंतीमाता के जयंती माता मंदिर में 27 सितंबर को हुई चोरी का पुलिस ने खुलासा किया है। अमझेरा थाना और दसई चौकी पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि एक आरोपी की तलाश की जा रही है। मंदिर का ताला तोड़कर चांदी के आभूषण, छत्र, कंदोरा और दानपेटी की नकदी चोरी की गई थी। चोरी के बाद पुलिस ने मंदिर के आसपास जानकारी जुटाने के साथ संदिग्धों की तलाश शुरू की।

शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय कृमिमुक्ति अभियान

झाबुआ। मंगलवार को शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय कृमिमुक्ति अभियान की शुरूआत की गई। जिला झाबुआ के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एमएल चौपड़ा ने बच्चों को एल्बेंडाजोल की गोली खिलाकर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने स्वयं भी एल्बेंडाजोल की गोली खाई। डॉ. चौपड़ा ने बच्चों को कृमि संक्रमण से होने वाले दुष्प्रभाव, व्यक्तिगत स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने हाथों की स्वच्छता बनाए रखने, आसपास साफ-सफाई रखने तथा स्वच्छ भोजन और सुरक्षित पेयजल का उपयोग करने की अपील की।

दो बाइक की भिड़ंत में सड़क पर तड़पते रहे घायल

झाबुआ। झाबुआ जिले में सारंगी और कसारवर्डी के बीच दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक चालक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर गए। उनके पैर में गंभीर चोट आई। हादसे के बाद दोनों काफी देर तक सड़क पर पड़े रहे। घायलों के सड़क पर पड़े होने के दौरान कई लोग वहां से गुजरे, लेकिन किसी ने उनकी मदद नहीं की। इसी दौरान भारतीय किसान यूनियन के जिला मंत्री जितेंद्र पाटीदार वहां से निकले। उन्होंने घायलों को सड़क पर पड़ा देखा तो तुरंत वाहन रोका।

15 फीट लंबे, 40 किलो वजनी अजगर का रेस्क्यू



आजाद नगर के नाले में लोगों ने देखा वन विभाग की टीम ने जंगल में छोड़ा

आलीराजपुर। आलीराजपुर जिले के आजाद नगर (भाभरा) के वार्ड नंबर 08 स्थित बगीचा मोहल्ले के पीछे नाले में बुधवार को करीब 15 फीट लंबा और 40 किलो वजनी अजगर मिला। इसे देखने के लिए मौके पर भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी। वनपाल नरूला चौहान के नेतृत्व में वनकर्मी धीरेंद्र चौहान, सुनील खड़िया और वीरसिंह गाड़िया की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने नाले का निरीक्षण कर अजगर को सुरक्षित बाहर निकालने का काम शुरू किया। वनकर्मियों ने सावधानी से अजगर को काबू में किया। मौके पर मौजूद भीड़ को सुरक्षित दूरी बनाए रखने की समझाइश दी गई। अजगर को बिना नुकसान पहुंचाए नाले से बाहर निकालकर आबादी क्षेत्र से दूर जंगल में छोड़ा गया। वन विभाग ने लोगों से अपील की कि किसी भी वन्यजीव के आबादी क्षेत्र में दिखने पर उसे पकड़ने या छेड़छाड़ न करें।

नैनो न्यूज

- **पटाखा बाजार के लिए दुकानें तैयार** – इंदौर के आईडीए मैदान में पटाखा बाजार की दुकानें बनना शुरू हो गई हैं, व्यापारियों में किराया तय होने का इंतजार है।
- **इंदौर होटल कारोबार में बड़ा निवेश** – एसआर ग्रुप ने इंदौर-पिथमपुर क्षेत्र में तीन लग्जरी होटल विकसित करने के लिए मैरियट इंटरनेशनल से समझौता किया है।
- **एबी रोड पर महंगे हुए ऑफिस** – एबी रोड पर व्यावसायिक कार्यालयों का किराया बढ़ा है। कारोबारियों के लिए प्रमुख कॉरिडोर में व्यावसायिक संपत्ति की मांग बनी हुई है।
- **इंदौर प्रॉपर्टी बाजार में तेजी** – शहर में आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियों की मांग बनी हुई है। कार्यालय संपत्तियों के भाव और किराये में भी बढ़ोतरी दर्ज हुई है।
- **छावनी सड़क चौड़ीकरण से कारोबार प्रभावित** – मास्टर प्लान के तहत सड़क चौड़ीकरण की कार्रवाई में बाधक होटल और दुकानों को हटाया गया है।
- **इंदौर आईटी विस्तार पर जोर** – इनफोसिस अपने इंदौर डेवलपमेंट सेंटर के विस्तार की दिशा में आगे बढ़ रहा है, जिसमें अकऔर तकनीकी क्षमताओं पर फोकस है।
- **छोटे कारोबार से जीडीपी बढ़ाने की तैयारी**– इंदौर के छोटे व्यवसायों की भूमिका बढ़ाने और 2030 तक शहर की जीडीपी दोगुनी करने के रोडमैप पर चर्चा हुई।
- **सोने के भाव ऊंचे स्तर पर** – 7 अक्टूबर को इंदौर में सोने के स्थानीय भाव कारोबार और सराफा बाजार के लिए प्रमुख चर्चा का विषय बने हुए हैं।
- **फैशन क्षेत्र में इंदौर की पहचान** – इंदौर के आठ फैशन डिजाइन विद्यार्थियों का दिल्ली में लेकमी फेशन वीक के मंच पर चयन हुआ है।

विजय नगर चौराहे के पास आईडीए ग्राउंड में भाजपा की सेवा ज्योति संकल्प यात्रा के आयोजन के बाहर बड़ी संख्या में पहुंचे सफाई कर्मचारी

मंत्री-विधायक के सामने महिला सफाईकर्मियों ने अपनी समस्याएं बताई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर





स्वच्छता में नंबर वन इंदौर की तस्वीर बुधवार को बदली नजर आई। शहर की कुछ सड़कों पर गीला-सूखा कचरा फैला रहा, वहीं अपनी मांगों को लेकर सफाई कर्मचारी सड़कों पर उतर आए।

विजय नगर चौराहे के पास आईडीए ग्राउंड में चल रही भाजपा की सेवा ज्योति संकल्प यात्रा के आयोजन के बाहर बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी पहुंच गए। वे मुख्यमंत्री से मुलाकात करना चाहते थे, लेकिन सीएम के आयोजन में नहीं आने की जानकारी मिलने के बाद उन्होंने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से मिलने की मांग की। पुलिस ने उन्हें अंदर जाने से रोक दिया। करीब दो घंटे तक कर्मचारी रस्सी और बैरिकेड के पीछे खड़े होकर मंत्री का इंतजार और नारेबाजी करते रहे।

सांसद शंकर लालवानी जब आयोजन स्थल से जाने लगे तो सफाई कर्मचारियों ने उन्हें रोक लिया और अपनी समस्याएं बताईं। कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कराने की मांग रखी। लालवानी ने कहा कि सफाई मित्रों ने अपनी बात रखी है। उन्होंने कर्मचारियों से पांच लोगों का प्रतिनिधिमंडल तय करने को कहा और मुख्यमंत्री से इस संबंध में चर्चा कराने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन के दौरान एक महिला ने सफाई मित्रों के सामने झाड़ू लगाने को लेकर टिप्पणी कर दी। इस पर सफाई कर्मचारियों ने महिला को घेर लिया। पुलिस अधिकारियों और बल ने कर्मचारियों को रोकने की कोशिश की। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस महिला को थाने ले गई। प्रदर्शन के बीच शहर की सड़कों पर कचरा फैला नजर आया। बुधवार सुबह इंडस्ट्री हाउस से जंजीरवाला चौराहे की ओर जाने वाले रोड के कुछ हिस्सों में गीला-सूखा कचरा फैला था। इससे आवाजाही में लोगों को परेशानी हुई। इससे पहले भी शहर के अलग-अलग हिस्सों में कचरा फैले होने के वीडियो सामने आ चुके हैं।

10 हजार रुपए में परिवार चलाना मुश्किल

- वाल्मीकि सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर संतोष कल्याणे ने कहा कि कर्मचारियों की मांगें पुरानी हैं। उनके मुताबिक करीब 23 साल से वे अपनी मांगों को लेकर आंदोलन, भूख हड़ताल और ज्ञापन दे चुके हैं। उन्होंने कहा कि 10 हजार रुपए के वेतन में बच्चों की परवरिश और पढ़ाई करना मुश्किल है। मांगें पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने गुरुवार से कचरा गाड़ियों को रोकने की चेतावनी भी दी।
- सफाई मित्र कृष्णा बाई डागर ने कहा कि वे नियमित करने की मांग को लेकर आई हैं। उन्होंने कहा कि 10 हजार रुपए में घर का खर्च पूरा नहीं होता। सवाल किया कि वे कब तक अपनी मांगों के लिए भटकती रहेंगी और बच्चों की पढ़ाई कैसे कराएंगी। माया पथरोड ने कहा कि सफाई कर्मचारी शहर को साफ करते हैं, लेकिन उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा। उन्होंने कहा कि मांगों को लेकर प्रदर्शन करने पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। रेखा बाई ने कहा कि 10,500 रुपए में परिवार चलाना मुश्किल है। वे सुबह 5 बजे काम के लिए निकलती हैं और दोपहर 2 बजे घर पहुंचती हैं। उन्होंने कहा कि वे लड़ाई करने नहीं, अपनी बात रखने आई हैं।
- संगीता सोलंकी ने कहा कि कर्मचारियों को नियमित किया जाए और वेतन बढ़ाया जाए। उनके मुताबिक इतने कम वेतन में बच्चों की पढ़ाई, बीमारी और घर का खर्च चलाना मुश्किल है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर

टंट्या भील चौराहे पर युवाओं का प्रदर्शन जारी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर इंदौर के टंट्या भील चौराहे पर युवाओं का प्रदर्शन लगातार जारी है। मंगलवार को तेज धूप से बचने के लिए प्रदर्शनकारी चादर ओढ़कर धरना देते नजर आए। युवाओं ने ऐलान किया है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। प्रदर्शनकारियों के मुताबिक बुधवार शाम से ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर हस्ताक्षर अभियान भी शुरू किया जाएगा। इसके जरिए ज्यादा से ज्यादा युवाओं और आम लोगों को आंदोलन से जोड़ने की कोशिश की जाएगी।

सोमवार शाम करीब 5 बजे टंट्या भील चौराहे पर शुरू हुआ प्रदर्शन रातभर चला। मंगलवार को भी बड़ी संख्या में युवा धरना स्थल पर बैठे रहे। तेज धूप के बावजूद प्रदर्शनकारी पीछे नहीं हटे। धूप से बचने के लिए कुछ युवा चादर ओढ़कर धरना देते दिखाई दिए। युवाओं ने अपने आंदोलन को जेन जेड प्रोटेस्ट 2.0 नाम दिया है। प्रदर्शन से पहले सोशल मीडिया के जरिए युवाओं से जुटने की अपील की गई थी।

हाथों में संविधान और गांधी की तस्वीरें- प्रदर्शन में शामिल युवाओं के हाथों में संविधान और महात्मा गांधी की तस्वीरें नजर आईं। इसके अलावा अलग-अलग संदेश लिखी तख्तियां भी प्रदर्शनकारियों ने उठा रखी थीं। कुछ तख्तियों पर लिखा था ग्यानू, पैक योर बैग्स ब्रो और तू क्या, तेरा बाप भी इस्तीफा देगा।

चुनाव प्रक्रिया और वोटर लिस्ट को लेकर सवाल

प्रदर्शनकारी चुनाव प्रक्रिया और मतदाता सूची से जुड़े सवालों को लेकर अपनी आवाज उठाने का दावा कर रहे हैं। उनका कहना है कि देश के अलग-अलग हिस्सों में भी हाल के दिनों में इसी मुद्दे को लेकर प्रदर्शन हुए हैं। धरने के दौरान युवाओं ने नारेबाजी के साथ गीत भी गाए। प्रदर्शन स्थल पर गाए गए एक गीत में ज्ञानेश कुमार को संबोधित करते हुए कहा गया- तू मेरा ग्यानू है, तू मेरा दिलबर है... मेरी वोट चोरी का तू हीरो, लेकिन वोट चोरी के पन्ने पर अपनी तकदीर तो जीरो है। प्रदर्शनकारियों ने कहा है कि यह गीत नरेंद्र मोदी ने ज्ञानेश कुमार को सुनाया है।

भागीरथपुरा हादसे के मृतकों के घर पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

भागीरथपुरा दूषित पानी कांड की न्यायिक आयोग की रिपोर्ट से असंतुष्ट कांग्रेस पीड़ितों के घर-घर जाकर समर्थन जुटा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को कांग्रेसी पीड़ितों के घर पहुंचे और उन्हें आयोग की रिपोर्ट दिखाई। इस पर पीड़ितों ने कहा कि घर में इकलौता कमाने वाला था वही चला गया। इसके बाद भी कोई सुध लेने नहीं आया।

बुधवार को इंदौर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष चिंटू चौकसे कार्यकर्ताओं के साथ हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के घर पहुंचे। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मुलाकात कर आयोग की रिपोर्ट में सामने आई बातों की जानकारी दी। रिपोर्ट की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने हादसे के लिए जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की मांग की।

परिजनों ने कहा कि महापौर, पार्षद, विधायक, निगम आयुक्त समेत जो भी लोग दोषी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि हादसे के बाद सरकार की ओर से अब तक उन्हें मुआवजा नहीं मिला है।

परिजनों ने बताया कि कई परिवारों ने अपना इकलौता कमाने वाला सदस्य खो दिया है। इससे परिवारों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनका कहना था कि सरकार ने बीमार लोगों के इलाज का खर्च उठाने की घोषणा की थी, लेकिन कई परिवारों को अपने स्तर पर इलाज का खर्च उठाना पड़ा। इतना ही नहीं, मृतक का शव अस्पताल से घर लाने में भी उन्हें पैसे खर्च करने पड़े।

युवक के साथ बैठी छात्रा का वीडियो बनाकर वायरल किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

तुकोगंज थाना क्षेत्र में छात्रा की अनुमति के बिना उसका फोटो-वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करने का मामला सामने आया है। छात्रा 2 अक्टूबर को दोस्तों के साथ चाय पी रही थी, तभी आरोपी ने चुपके से उसकी तस्वीरें और वीडियो बना लिए।

बाद में इन्हें सोशल मीडिया पर अपलोड किया गया, जहां कई लोगों ने भद्दे और आपत्तिजनक कमेंट किए। शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे हिरासत में ले लिया है। पुलिस के अनुसार 25 वर्षीय पीड़िता शहर के एक निजी कोचिंग इंस्टीट्यूट में पढ़ाई करती है। 2 अक्टूबर 2026 को दोपहर करीब 1 बजे क्लास खत्म करने के बाद वह अपने दोस्तों के साथ इंद्रप्रस्थ टावर के पास एक जगह बैठकर चाय पी रही थी। इसी दौरान खजराना निवासी शाहनवाज खान वहां पहुंचा। आरोप है कि उसने छात्रा की अनुमति के बिना चुपके से उसकी फोटो और वीडियो बना लिए। इसके बाद आरोपी ने इन्हें सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दिया।

परदेशीपुरा में फिर धंसी सड़क, नीचे मिली खोखली जमीन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



परदेशीपुरा की गली नंबर-3 में चैंबर के पास सड़क फिर धंस गई। शहर में यह चार महीने में पांचवीं घटना है। कांक्रीट टूटने के बाद सड़क के नीचे जमीन का बड़ा हिस्सा खोखला मिला। मौके पर सड़क का एक स्लैब हवा में लटका नजर आया। सूचना मिलने पर मंगलवार को निगम के जनकार्य विभाग ने इंजीनियर को मौके पर भेजकर जांच कराई।

निगम अधिकारियों के मुताबिक पुराना ड्रेनेज चैंबर ढहने की वजह से सड़क धंसने की आशंका है। यहां ड्रेनेज लाइन पुरानी बताई जा रही है, जबकि चैंबर का ढक्कन नया नजर आ रहा है। हालांकि, सड़क के नीचे बना खोखलापन लीकेज के कारण हुआ या चैंबर के आसपास खराब भराव की वजह से, यह जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। स्थानीय जानकारी के मुताबिक करीब एक साल पहले भी इसी जगह सड़क धंसी थी। इसके बाद चैंबर की मरम्मत कराकर मिट्टी का भराव किया गया था। अब दोबारा उसी स्थान पर सड़क धंसने से ड्रेनेज लाइन, भराव और किए गए काम की गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। पूर्व कार्यपालन यंत्री सुनील गुप्ता के मुताबिक, पुरानी भूमिगत ड्रेनेज लाइन में लीकेज होने पर पानी के साथ आसपास की मिट्टी भी बहती रहती है। इससे धीरे-धीरे सड़क के नीचे खाली जगह बन जाती है। वहीं, नए काम के बाद भराव ठीक से नहीं होने पर भी मिट्टी का कटाव हो सकता है।

राजबाड़ा के समीप लोहे का स्ट्रक्चर गिरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

राजबाड़ा के पास महालक्ष्मी मंदिर के समीप एक बिल्डिंग पर लगा लोहे का स्ट्रक्चर अचानक गिर गया। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग मौके पर जमा हो गए और मोबाइल से वीडियो बनाने लगे। हादसे में किसी के घायल होने की जानकारी सामने नहीं आई है। बिल्डिंग पर लगा बैंक का बोर्ड भी लटक गया। कुछ दिन पहले डोल ग्यारस के मौके पर भी इसी बिल्डिंग के छज्जे का सीमेंट गिर गया था। उस समय राजबाड़ा इलाके से डोल निकल रहे थे। घटना के बाद आसपास बैरिकेडिंग कर नेट लगा दी गई थी। मंगलवार रात फिर अचानक लोहे का स्ट्रक्चर गिर गया। सराफा टीआई राजकुमार लिटोरिया ने बताया कि छज्जा गिरने की जानकारी मिली है। वहां पहले से बैरिकेडिंग की हुई थी। वहीं आसपास के लोगों ने बताया कि मंगलवार सुबह से छज्जे का काम किया जा रहा था, जिसके चलते यहां बैरिकेडिंग की गई थी।

शेयरेबल यूटीएस सीजन टिकट की सुविधा

रेल वन ऐप से परिवार और अन्य लोगों के लिए सीजन टिकट बुकिंग की सुविधा शुरू

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव



रेल वन ऐप पर शेयरेबल यूटीएस सीजन टिकट की सुविधा शुरू की गई है। इससे पंजीकृत उपयोगकर्ता न सिर्फ अपने लिए, बल्कि परिवार के योग्य सदस्यों या अन्य यात्रियों के लिए भी सीजन टिकट बुक कर सकते हैं, जिससे यात्रियों को काफी सुविधा मिल रही है। 2 सितंबर, 2026 से शुरू हुई इस सुविधा का उद्देश्य सीजन-टिकट बुकिंग को ज्यादा सुविधाजनक बनाना तथा रेल टिकटिंग सिस्टम को और अधिक आधुनिक बनाना है।

इस नई सुविधा के तहत, एक पंजीकृत उपयोगकर्ता अपने लिए एकसीजन टिकट और लागू नियमों के अनुसार परिवार के सदस्यों या अन्य योग्य यात्रियों के लिए पाँच और सीजन टिकट बुक कर सकता है। रेल वन के जरिए अपने लिए सीजन टिकट बुक करने की न्यूनतम आयु 18 साल है, जबकि जिस यात्री के लिए कोई अन्य उपयोगकर्ता टिकट बुक करता है, उसकी न्यूनतम आयु 5 साल होनी चाहिए। निजी बुकिंग पर, सफल जियो-फेंसिंग वेरिफिकेशन के बाद टिकट उसी दिन से मान्य हो जाता है, जबकि दूसरे यात्रियों के लिए बुक्ड टिकट अगले दिन से मान्य होता है।

शेयरेबल सीजन टिकट में सुरक्षित और सुविधाजनक टिकट जाँच के लिए फोटो और क्यूआर कोड आधारित जाँच की सुविधा शामिल है। यात्री की फोटो टिकट पर होती है और क्यूआरकोड में एम्बेडेड होता है, जिससे जाँच कर्मचारी यात्री की पहचान परख सकता है। यात्रा के दौरान, यात्री वैध शेयरेबल सीजन टिकट की स्पष्ट प्रिंटेड कॉपी या मोबाइल डिवाइस पर उसका पीडीएफ संस्करण साथ रख सकते हैं। रेल वन ऐप से बनी बुकिंग रसीदें, इनवॉइस और यूटीएस पेपर टिकट की प्रतियाँ वैध यात्रा दस्तावेज नहीं हैं।

यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि टिकट और क्यूआर कोड पूरी वैधता अवधि के दौरान स्पष्ट, सही-सलामत और पढ़ने लायक हो। अगर क्यूआर कोड बिगड़ जाता है, उसमें बदलाव या छेड़छाड़ की जाती है या वह पढ़ने लायक नहीं रहता है, तो निर्दिष्ट डिजिटल वेरिफिकेशन पूरा नहीं हो पाएगा और लागू रेल नियमों के अनुसार यात्री को बिना वैध टिकट के यात्रा करने वाला माना जा सकता है।

एनएफआर ने अपने टिकट जाँच कर्मचारी को भी इस नई सुविधा और निर्दिष्ट सत्यापन प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी है। टिकट जाँच कर्मचारी जिसमें ट्रेन जाँच कर्मचारी, स्टेशन कर्मचारी और जाँच दस्ता शामिल हैं, को सलाह दी गई है कि वे शेयरेबल सीजन टिकट के लिए क्यूआर कोड स्कैनिंग को सपोर्ट करने वाले अपडेटेड हैंड-हेल्ड टर्मिनल (एचएचटी) एप्लिकेशन का उपयोग करें।

25 साल से आपकी सेवा में
भास्कर आयुर्वेद
हमारे यहां सभी कंपनी की आयुर्वेदिक दवाईयां विशेष डिस्काउंट पर मिलती है।
शक्तिवर्धक दवाईयों के लिए
संपर्क करें- 98263-71718

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटनें मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com